वर्ष 69 ▸ अंक 74 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 12 दिसंबर, 2025
पौष कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

किसी सकारात्मक कार्य को पूरा करने के लिए एक सकारात्मक दृष्टि विकसित करना जरूरी है।
–दलाई लामा




## ऑफ बीट

### सलमान की हाई कोर्ट से अपील
## मेरी पहचान का गलत इस्तेमाल रोका जाए



*बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने अपनी पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। अभिनेता का आरोप है कि सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स साइट्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल कर उनकी छवि, आवाज और पहचान का अनाधिकृत उपयोग किया जा रहा है। 59 वर्षीय सलमान ने अदालत से मांग की है कि ऐसे सभी व्यक्तियों, कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को रोका जाए जो बिना अनुमति उनके नाम, फोटो और वीडियो, आवाज, डायलॉग, डांस स्टाइल, स्क्रीन प्रेजेंस और 'भाईजान', 'भाई', 'सल्लू भाई' जैसे उपनाम का उपयोग कर रहे हैं या डिजिटल सामग्री बनाकर उनका व्यावसायिक लाभ उठा रहे हैं। एक्स, मेटा, गूगल, टेलीग्राम को 3 दिन में कार्रवाई करने का आदेश सलमान खान की कानूनी टीम के अनुसार, जस्टिस मनीत प्रीतम अरोड़ा ने गुरुवार को संबंधित प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया कि इस मामले को आईटी एक्ट और आईटी नियमों के तहत औपचारिक शिकायत माना जाए, और 3 दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई की जाए।*

**पारा लुढ़का:** कल से तापमान बढ़ने के आसार, इंदौर में सीवियर कोल्ड वेव

# भोपाल समेत 6 जिलों में शीत लहर, कल से बदलेगा मौसम

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है। गुरुवार को प्रदेश के छह जिलों में शीत लहर दर्ज की गई। इंदौर में तीव्र शीत लहर का प्रभाव रहा। भोपाल में लगातार छठवें दिन भी शीत लहर चली। साथ ही शहर का न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 26.4 रहा। भोपाल में दिन में हवा में ठंडक का एहसास महसूस किया जा सकता है। रात में यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। भोपाल के अलावा रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, शहडोल में भी शीत लहर रही।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, 13 दिसंबर से मौसम में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है, इसमें शीत लहर का प्रभाव खत्म होने की संभावना है और दिन व रात के तापमान में कुछ वृद्धि होगी। अमूमन सर्दी में पचमढ़ी को सबसे ठंडा माना जाता है, लेकिन इस सीजन में प्रदेश में सबसे ठंडा शहर शहडोल का कल्याणपुर रहा, यहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। इंदौर का पारा भी पचमढ़ी से कम दर्ज किया गया। इंदौर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री रहा, जबकि पचमढ़ी में यह 4.8 डिग्री रहा। इंदौर में न्यूनतम तापमान ने पिछले दस वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। शुक्रवार को भोपाल, रायसेन, सीहोर, ■ शेष पृष्ठ 9 पर

## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड, झरने जमे, कोहरा छाया



पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और हिमालयी क्षेत्र में लगातार बन रहे वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का प्रभाव मैदानी इलाकों तक दिखाई देने लगा है। तापमान में तीव्र गिरावट, शीतलहर और घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

### उत्तराखंड: केदारनाथ में माइनस 15 बद्रीनाथ में पारा माइनस 13 डिग्री

उत्तराखंड में सर्दी चरम पर है। बर्फबारी के बाद अब पाला गिरने से नदी-नाले और झरने जमने लगे हैं। केदारनाथ में तापमान माइनस 15 डिग्री और बद्रीनाथ में माइनस 13 डिग्री रहा। चमोली और पिथौरागढ़ क्षेत्रों में पाइपलाइन तक जमने लगी हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है।

**राजस्थान: 20 जिलों में तापमान 10 से नीचे, फतेहपुर 3.7 डिग्री**
राजस्थान में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य के 20 से अधिक जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। फतेहपुर इस समय सबसे ठंडा रहा, जहां पारा 3.7 डिग्री तक जा पहुंचा। हवाओं की नमी और उत्तर दिशा से आ रही ठंडी बयार के कारण तापमान में और गिरावट की संभावना जताई गई है। कई इलाकों में सुबह के समय हल्का कोहरा दिखने लगा है, जिससे यात्रा प्रभावित हो रही है।

**हरियाणा:** राज्य में मौसम लगातार करवट ले रहा है। 4 जिलों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से नीचे रहा। राजस्थान से सटे सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी और नारनौल में कुछ समय पहले शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया गया था।

**बिहार:** बिहार में भी सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है। पटना का न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। इधर बक्सर 8.1 डिग्री के साथ राज्य का सबसे ठंडा जिला रहा। बढ़ती ठंड को देखते हुए पटना प्रशासन ने सभी स्कूलों का समय बदल दिया है।

**झारखंड:** झारखंड में मौसम का मिजाज बदला-बदला है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार 16 दिसंबर तक राज्य के अधिकांश इलाकों में सुबह घना कोहरा या धुंध बने रहने की संभावना है।

**ऐतिहासिक उपलब्धि:** अंतिम दो नक्सलियों का सरेंडर, सीएम ने की घोषणा

# डेडलाइन से साढ़े तीन माह पहले ही नक्सल मुक्त हुआ मध्य प्रदेश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को घोषणा की कि मध्यप्रदेश अब पूरी तरह नक्सल मुक्त हो गया है। बालाघाट में सक्रिय बचे अंतिम दो नक्सली दीपक उइके और रोहित ने मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया।



इस तरह राज्य ने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद समाप्त करने का संकल्प लिया गया था। मध्यप्रदेश ने इस लक्ष्य को पहले ही पूरा कर एक स्वर्णिम अध्याय लिख दिया है।

डॉ. यादव ने आगे कहा कि आजादी के बाद पहली बार केंद्र सरकार ने नक्सलवाद और माओवादी हिंसा के खिलाफ समेकित और निर्णायक अभियान चलाया। केंद्रीय सशस्त्र बलों और मध्यप्रदेश पुलिस के संयुक्त प्रयासों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के समाप्त होने के साथ ही इन जिलों के विकास में बाधाएँ दूर हो गई हैं। अब बालाघाट, मंडला और डिंडोरी पूरी गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ेंगे। माओवादी विचारधारा को पनपने नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नक्सल विरोधी अभियान में शहीद हुए 38 पुलिस अधिकारियों और जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, यह सफलता शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान की देन है।

### दीपक-रोहित पर 43 लाख ईनाम



इससे पहले मध्य प्रदेश पुलिस ने बताया कि देश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 की डेडलाइन तय की थी। प्रदेश ने 3 माह 20 दिन पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया है। दीपक और रोहित ने गुरुवार को बिरसा थाने में खापा कैंप में सरेंडर किया। समर्पण के दौरान नक्सलियों ने एक कार्बाइन भी पुलिस को सौंपी। ये दोनों बालाघाट जिले में सक्रिय अंतिम हार्डकोर नक्सली थे। इनमें से दीपक पर 29 लाख और रोहित पर 14 लाख रुपये का ईनाम घोषित था।

### सीमा पर पेट्रोलिंग बढ़ाई, नक्सलियों की पनाहगाह से हथियारों की खोज जारी

1 नवंबर 2000 को मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ विभाजित हुआ तो प्रदेश के चार जिले बालाघाट, उमरिया, मंडला और डिंडोरी में नक्सलियों का प्रभाव था। बालाघाट को छोड़कर शेष तीनों जिले पहले ही नक्सली मुक्त घोषित हो गए थे। बालाघाट में घने जंगलों, दुर्गम इलाकों और अन्य राज्यों से सटी सीमा के कारण यहां आसानी से नक्सलियों का मूवमेंट होता था। पिछले दिनों जब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर सीआरपीएफ ने अभियान चलाए तो बालाघाट में सक्रिय अधिकांश नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पिछले 40 दिनों में प्रदेश में 13 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। 20 से ज्यादा नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ में हथियार डाले। अब प्रदेश पुलिस की हॉक फोर्स, जिला बल और सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो जंगल में नक्सल ठिकानों की स्कैनिंग कर रहे हैं। इन पनाहगाहों से आधा ट्रक से अधिक सामान बरामद किया जा चुका है।

# एसआईआर: 5 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में समय सीमा बढ़ी

### मप्र-छग में 18 तक भरे जा सकेंगे फॉर्म

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) यानी वोटर वेरिफिकेशन की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा दी है। पहले यह अंतिम तारीख 11 दिसंबर तय की गई थी, लेकिन अब कई राज्यों में मतदाता अपनी जानकारी अपडेट करने या नया नाम दर्ज कराने के लिए अधिक समय पा सकेंगे।

चुनाव आयोग ने बताया कि जिन राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो रही है, वहां ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को जारी की जाएगी। इनमें गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान, पश्चिम बंगाल शामिल हैं। केरल में पहले ही समयसीमा 18 दिसंबर कर दी गई थी, इसलिए वहां ड्राफ्ट रोल 23 दिसंबर को पब्लिश होगा। इससे पहले चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई थी।

**राज्य और उनकी समयसीमाएं**
- मप्र, छत्तीसगढ़, अंडमान-निकोबार में अब 18 दिसंबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे।
- उत्तर प्रदेश में समयसीमा सबसे अधिक बढ़ी, अब 26 दिसंबर तक फॉर्म भरने का मौका।
- गुजरात, तमिलनाडु में एसआईआर फॉर्म भरने की नई अंतिम तारीख 14 दिसंबर है।
- पहले इन सभी राज्यों में आखिरी तारीख 11 दिसंबर थी।

**मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संतोष वर्मा कृषि विभाग से हटाए गए**

# वर्मा को आईएएस पद से बर्खास्त करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन ने उप सचिव संतोष वर्मा के खिलाफ बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पूरे मामले का संज्ञान लेने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार देर शाम आदेश जारी कर वर्मा को कृषि विभाग से हटाकर जीएडी पूल में बिना विभाग, बिना कार्य के अटैच कर दिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग ने वर्मा के खिलाफ कई गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि की है, जिनके आधार पर अब उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से बर्खास्त करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। वर्तमान प्रकरण में वर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, लेकिन उनका जवाब 'असंतोषजनक' पाया गया और उन्होंने लगातार मर्यादा-विहीन बयान जारी किए, जिसके बाद विभाग ने चार्जशीट जारी करने का निर्णय ले लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक ईमानदारी से समझौता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो धोखाधड़ी करेंगे, उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी।

(ज्यूडिशियरी में खत्म किया जा रहा है हमारा बीज : संतोष वर्मा, पेज-2)

**फर्जी आदेशों के आधार पर पदोन्नति**
- जांच में सामने आया है कि वर्मा ने फर्जी और जाली आदेशों के आधार पर राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नति प्राप्त की।
- उनके खिलाफ विभिन्न न्यायालयों में आपराधिक प्रकरण लंबित हैं, जिनकी जानकारी उन्होंने छिपाई
- इन तथ्यों के कारण उनकी आईएएस पदोन्नति को अवैध और धोखाधड़ीपूर्ण माना गया है।
- विभाग ने यह भी पाया है कि वरिष्ठता प्रमाण पत्र भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त किया गया था।

## सेना पर विवादित बयान केस में आजम खां बरी

**लखनऊ, जेएनएन।** सेना पर विवादित बयान के मामले में आजम खां को कोर्ट से राहत मिल गई है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सपा नेता को दोषमुक्त करार दिया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आजम खां को बरी कर दिया है।



**बेटे के साथ रामपुर जेल में है बंद**

आजम खां पर 84 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से 13 मामलों में कोर्ट फैसला सुना चुका है। सात में उन्हें सजा हो चुकी है, जबकि शेष मामलों में वह बरी हो चुके हैं। दो पैन कार्ड मामले में सपा नेता आजम खां अपने बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ सात साल की सजा काट रहे हैं। कोर्ट ने दोनों पिता-पुत्र को दो पैन कार्ड मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई है।

## अंदर के पन्नों पर

▸ हमीदिया में मिले अधजले शव निकले जुड़वा,... ( पेज-03)



▸ लोकायुक्त का एक्शन, एक दिन में पांच घूसखोर अधिकारी...(पेज-05)

▸ चैंपियंस लीग: एर्लिंग का 55वां गोल, मैनचेस्टर सिटी...(पेज-10)



▸ एआई के वास्तुकार बने पर्सन ऑफ द ईयर ...(पेज-11)




▸ हेलो सर! यह शेयर खरीद लें, आज रॉकेट बनेगा...(पेज-12)

# इंडिगो देगी 10,000 रुपए का ट्रैवल वाउचर

### 3 से 5 दिसंबर के बीच 'सबसे ज्यादा परेशान' यात्रियों को अतिरिक्त मुआवजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने हालिया फ्लाइट कैंसिलेशन संकट के बीच यात्रियों को अतिरिक्त राहत देने की घोषणा की है। एयरलाइन ने कहा है कि 3 से 5 दिसंबर के बीच जिन यात्रियों को सबसे ज्यादा असुविधा हुई, उन्हें 10,000 रुपए का ट्रैवल वाउचर दिया जाएगा। यह वाउचर रिफंड के अलावा मिलेगा और इसे अगले 12 महीनों तक इंडिगो की किसी भी फ्लाइट बुकिंग में उपयोग किया जा सकेगा।

हालांकि कंपनी ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि 'सबसे ज्यादा परेशान' किसे माना जाएगा और इस श्रेणी में कौन-कौन यात्री आएंगे। यह मुआवजा उन 5,000-10,000 रुपए से अलग है, जो नियमों के तहत उड़ान के 24 घंटे के भीतर रद्द होने पर यात्रियों को मिलता है।

### इंडिगो के सीईओ की पेशी, दो घंटे चली पूछताछ




इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स गुरुवार को डीजीसीए के समक्ष पेश हुए। नियामक ने उनसे ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड प्रक्रियाओं और मुआवजे के नियमों पर विस्तृत पूछताछ की। यह कार्रवाई उस समय सामने आई जब बीते 8 दिनों में इंडिगो की 5000 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी थीं।

**सख्ती: अब 15 मिनट की देरी भी जांच के दायरे में**
इंडिगो संकट के बाद डीजीसीए ने तकनीकी निगरानी प्रणाली में व्यापक बदलाव किए हैं। 12 पन्नों के नए आदेश के तहत किसी भी उड़ान में तकनीकी वजह से 15 मिनट या उससे अधिक की देरी होगी तो उसकी अनिवार्य जांच होगी। एयरलाइन को यह बताना होगा कि देरी कैसे हुई, कैसे ठीक की गई और भविष्य में इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए।

**जांच: केंद्रीय मंत्री बोले- अब डीजीसीए की भी होगी जांच**
नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि डीजीसीए की कार्यप्रणाली की भी जांच होगी। उन्होंने यात्रियों से माफी मांगते हुए कहा, 'यह सामान्य गलती नहीं लगती, बल्कि इसमें जानबूझकर हुई लापरवाही के संकेत हैं। जरूरत पड़ी तो सीईओ को हटाया भी जा सकता है। कानूनी कार्रवाई जो भी बनती है, वह की जाएगी।'

**चर्चित चेहरा**

### नोबल विजेता बोलीं- मुझे जोखिम पता है, फिर भी लौटूंगी अपने देश

# छिपते-छिपाते नॉर्वे पहुंचीं वेनेजुएला की मचाडो

**आस्लो, जेएनएन।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता और इस वर्ष के नोबेल शांति पुरस्कार की विजेता मारिया कोरीना मचाडो महीनों तक छिपकर रहने के बाद आखिरकार नॉर्वे पहुंच गईं। एक मीडिया इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उन्हें अपने इस कदम के 'सभी जोखिमों का ठीक-ठीक अंदाजा है', लेकिन वह अपनी आवाज दुनिया तक पहुंचाने के लिए यह सफर करने को मजबूर थीं।

58 वर्षीय मचाडो पर वेनेजुएला की मादुरो सरकार ने देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगाया था। उन्हें चेतावनी दी गई थी कि नॉर्वे जाने पर उन्हें 'भगोड़ा' घोषित कर दिया जाएगा, और उन पर षड्यंत्र, नफरत, भड़काने और आतंकवाद के आरोप लगाए गए थे। इस राजनीतिक और निर्वसन के जोखिम के बावजूद वह नॉर्वे पहुंचीं। देश वापसी पर उन्होंने कहा कि 'बिल्कुल मैं वापस जाउंगी, मुझे पता है मैं कितना बड़ा जोखिम ले रही हूं।'

### सुरक्षा बैरिकेड्स पार कर मिलीं समर्थकों से



ओस्लो पहुंचने पर, मचाडो आधी रात को ग्रैंड होटल की बालकनी पर दिखाई दीं। भीड़ ने उन्हें देखकर 'मारिया! मारिया!' के नारे लगाए। उन्होंने हाथ हिलाकर अभिवादन किया। भीड़ को किस भेजी और गीत भी गाए। यह जनवरी के बाद पहली बार था जब वे सार्वजनिक रूप से दिखाई दीं। कुछ ही देर बाद वे सुरक्षा बैरिकेड्स पार कर समर्थकों से मिलने भी नीचे आ गईं– इस भावुक क्षण में कई लोगों की आँखें नम हो गईं।

**16 महीने बाद परिवार से मुलाकात:** मचाडो ने बताया कि सुरक्षा कारणों से उनके तीनों बच्चों को लगभग दो साल पहले देश से बाहर भेज दिया गया था। बुधवार रात वह अचानक उनसे मिल पाईं। भावुक होकर बोलीं, 'मैंने उनकी ग्रैजुएशन मिस की, उनकी शादियों में शामिल नहीं हो पाई।'

उन्होंने कहा, '16 महीनों से मैंने किसी को छुआ तक नहीं था। कुछ घंटों में मैंने अपने सबसे प्रिय लोगों को देखा, उन्हें गले लगाया, उनसे प्रार्थना की। ये मेरे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं।' उनकी गर्दन पर लटके कई रोजरी बीड्स समर्थकों ने वहीं होटल के बाहर दिए थे।

**नोबेल क्यों मिला?:** नोबेल समिति ने उन्हें पुरस्कार दिया है। यह पुरस्कार 'वेनेजुएला को तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव दिलाने के संघर्ष' के लिए दिया गया है। उनकी ओर से पहले दिन उनकी बेटी आना कोरीना सोसा ने नोबेल पुरस्कार ग्रहण किया था।

### 10 सैन्य चेकपोस्ट और नाव से किया समुद्र पार

उनकी नॉर्वे यात्रा किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। रिपोर्ट के अनुसार, वह भेष बदलकर वेनेजुएला से निकलीं। इस दौरान 10 सैन्य चेकपोस्ट पार किए, और एक मछुआरों के गांव से लकड़ी की नाव में बैठकर देश से बाहर निकलीं। यह योजना दो महीने से तैयार की जा रही थी। इसमें वेनेजुएला के नागरिकों का एक गुप्त नेटवर्क मदद में लगा था। इसमें अमेरिका की भूमिका भी बताई गई है, जिसे मचाडो ने न तो खारिज किया और न ही पूरी तरह स्पष्ट किया। उन्होंने सिर्फ इतना कहा, 'हमें अमेरिकी सरकार से समर्थन मिला।'



# तीन साल के रोडमैप पर सरकार की रहेगी नजर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की मौजूदा सरकार के पहले दो साल के कार्यकाल की समीक्षा के बाद अब पूरा फोकस अगले तीन साल के रोडमैप पर रहेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा विभागों के रोडमैप का अध्ययन किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो सीएम जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागों के अगले तीन साल के विजन का विश्लेषण करेंगे। मध्यप्रदेश सरकार ने अगले तीन साल में अपने सभी संकल्पों को पूरा करने और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना शुरु कर दिया है। भोपाल और खजुराहों में विभागों की समीक्षा और अगले तीन साल के रोडमैप के प्रेजेंटेशन के बाद अब उसे धरातल पर उतारने की तैयारी शुरु हो गई है। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने सचिवालय के अधिकारियों को विभागों द्वारा सौंपे गए रोडमैप का अध्ययन करने को कहा है। अध्ययन के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. यादव उस पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंथन करेंगे।

## सीएमओ करेगा विभागों के रोडमैप का आंकलन



प्रशासनिक गलियारों की माने तो मुख्यमंत्री दो वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों से फ्री होते ही अधिकारियों की बैठक बुलाएंगे। माना जा रहा है कि सीएम विभागीय अधिकारियों की परफार्मेंस पर भी नजर रखें हुए है। ऐसे अधिकारियों को बदला भी जा सकता है,जिनसे उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं मिल पा रहे है। बताया गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव अगले तीन साल में प्रशासनिक तौर पर और कसावट लाना चाहते है,जिससे उनके द्वारा ऐसे अधिकारियों को महत्व दिया जाएगा,जो उनके हिसाब से विभागों में परिणाम लाकर दें और जो मंत्रियों के साथ सामंजस्य बनाकर काम करें।

### प्रभावी होगा मंत्रियों का भाजपा दफ्तर पर बैठना

गौरतलब है कि सत्ता और संगठन ने मिलकर नवाचार कर सरकार के मंत्रियों की भाजपा दफ्तर में बैठक सुनिश्चित कराई है। बताया गया है कि भाजपा दफ्तर पर पहुंचने वाले मंत्री कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों को उन्हें निराकृत करने का निर्देश भी दे रहे है। लेकिन कई निर्देशों का पूरी तरह से पालन नहीं हो पा रहा है,जिससे कार्यकर्ता जिस उम्मीद के साथ भाजपा दफ्तर पहुंचता है,उसे निराशा मिल रही है। इसके अलावा पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर मंत्री कार्यकर्ताओं की बजाए नेताओं से घिर जाते है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्वयं संज्ञान लिया है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही अधिकारियों की एक ऐसी टीम बनाई जा सकती है,जो भाजपा दफ्तर में कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर मंत्रियों की टीप के आधार पर समस्याओं को निराकृत कराने का काम करेगी। इसके अलावा मंत्रियों को भी कार्यकर्ताओं को ज्यादा समय देने को कहा जाएगा। इसके अलावा पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं भाजपा दफ्तर में किए गए नवाचार की जानकारी भी दी जाएगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा अपनी समस्याओं का निराकरण कराने के लिए प्रदेश भाजपा दफ्तर पहुंच सके।

### 15 दिसंबर से पहले कुछ नियुक्तियां संभव

जानकारों की मानें तो राज्य सरकार 15 दिसम्बर से पहले नगर निगम और नगरपालिकाओं में एल्डरमैन सहित कुछ दूसरी राजनीतिक नियुक्तियां कर सकती है। हालांकि अब तक निगम मंडलों में नियुक्तियों को लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं है। कहा जा रहा है कि अगले 15 दिसम्बर के उपरांत खरमास प्रारम्भ हो जाएगा, जिससे सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों की संभावनाएं लगभग क्षीण हो जाएगी। ऐसे में नए साल में 15 जनवरी के उपरांत ही इन नियुक्तियों को लेकर प्रयास शुरु होंगे। ऐसा भी कहा जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के उपरांत ही मध्यप्रदेश के निगम मंडल,मंत्रिमण्डल विस्तार जैसे निर्णयों पर चर्चा की जाएगी।

# 49 करोड़ का आबकारी घोटाला ईडी ने कोर्ट में पेश किया चालान

## मास्टरमाइंड जेल में, 70 करोड़ की प्रॉपर्टी है अटैच

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ईडी ने इंदौर के आबकारी विभाग में हुए 49 करोड़ के फर्जी चालान घोटाले को लेकर कोर्ट में अभियोजन शिकायत दर्ज करा दी है। ईडी ने जांच इंदौर के रावजी बाजार पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के आधार पर की थी। इसके तहत शराब ठेकेदारों ने ट्रेजरी में जमा किए जाने वाले बैंक चालानों में हेराफेरी और जालसाजी करके सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाय था और इससे बची रकम अपने पास रख ली थी। ईडी नें जांच में पाया कि ठेकेदारों को सरकारी वेयरहाउस से माल उठाने से पहले रकम सरकारी खजाने में बैंक चालान के जरिए जमा करनी होती थी। इन ठेकेदारों ने छोटी रकम के बैंक चालान बनाए और बाद में बैंक चालान के फॉर्मेट में भरी जाने वाली राशि बदल देते थे। इस फर्जी चालान को वे संबंधित देसी शराब गोदाम या जिला आबकारी कार्यालय में जमा करते थे। इस तरह वे कम शुल्क या लाइसेंस फीस जमा करके भी ज्यादा शराब का स्टॉक हासिल कर लेते थे। घोटाले का मुख्य आरोपी शराब ठेकेदार राजू दसवंत और अंश त्रिवेदी था। इन दोनों ने बाद में अन्य शराब ठेकेदारों को जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश करने का ये तरीका सिखाया। ठेकेदारो ने मिलकर सरकार के साथ 49 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की। ईडी इस मामले में मुख्य आरोपी राजू दसवंत और अंश त्रिवेदी को इसी साल 6 अक्टूबर को गिरफ्तार कर चुकी है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में ईडी ने पिछले दिनों कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से च्यादा शराब कारोबारियों के 18 ठिकानों पर छापे मारे थे, जिसमें करोड़ों की नकदी समेत कई संपत्तियों की जानकारी उजागर हुई थी। विगत 28 नवंबर को ईडी ने इन शराब व्यापारियों की 28 प्रॉपर्टी जब्त कर ली थीं। ईडी के अनुसार इन संपत्तियों का मूल्य 21.18 करोड़ है, लेकिन इसका बाजार भाव 70 करोड़ से अधिक है।

# ज्यूडिशियरी में खत्म किया जा रहा है हमारा बीज : संतोष वर्मा

## विवादों से नाता : कुछ दिन पहले वर्मा ने ब्राह्मण बेटियों पर दिया था बयान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने बयानों के चलते लगातार विरोधियों के निशाने पर बने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संतोष वर्मा ने गुरुवार को ज्यूडिशियरी पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों सिविल जज नहीं बनने दे रहा है और ज्यूडिशियरी में हमारा बीज खत्म किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले ब्राह्मण बेटियों को लेकर अपने बयान की वजह से विरोधियों के निशाने पर चल रहे अजाक्स अध्यक्ष एवं आईएएस संतोष वर्मा का बयान फिर से सुर्खियों में है। उन्होंने अजाक्स के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एससी-एसटी वर्ग के बच्चों को सिविल जज कोई और नहीं, बल्कि हाईकोर्ट नहीं बनने दे रहा है। यही हाईकोर्ट है, जिससे हम बाबा साहब के संविधान के हिसाब से चलने की गारंटी मांगते हैं। उन्होंने कहा कि आपको पता है कि अभी जो जज की परीक्षा हुई है उसमेंअनुसूचित जाति-जनजाति के एक भी अभ्यार्थी चयनित नहीं हुए है। उन्हें योग्य उम्मीदवार नहीं मिले। हमारे समाज का व्यक्ति आईएएस, आईपीएस, डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी बन सकता है, लेकिन सिविल जज नहीं बन



सकता है। वर्मा ने कहा कि सिविल जज की परीक्षा में कट ऑफ 50 प्रतिशत रखा है, लेकिन हमारे बच्चों को जानबूझकर 49.95 नंबर दिया जाता है। साक्षात्कार में 20 में 19.5 अंक दिए जाते हैं, ऐसे में सिविल जज कैसे बनेंगे। उन्होंने कहा कि अगर समुदाय का युवक सिविल जज ही नहीं बनेगा तो भविष्य में हाईकोर्ट जज कैसे बन पाएगा? हमारी च्यूडिशियरी से हमारा बीज खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारी आखिरी पीढ़ी है, इसे बचाने की लड़ाई हमें ही लड़नी होगी। उनका भाषण का वीडियो वायरल होते ही विरोधियों द्वारा उन्हें फिर से घेरा गया। उनका विरोध कर रहे संगठन ने कहा कि अफसर संवैधानिक मर्यादा तोड़ रहे है। उल्लेखनीय है कि आईएएस वर्मा ने ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर बयान दिया था। इसके बाद से ही उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर ब्राह्मण संगठन लगातार आंदोलनरत हैं। इसके बाद वर्मा का एक और बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने सांसद चंद्रशेखर आजाद के बयान को दोहराते हुए कहा था कि कितने संतोष वर्मा को मारोगे, कितने को जलाओगे। आपके पास इतनी ताकत नहीं है कि हर संतोष वर्मा को जला सको। अब हर घर से एक संतोष वर्मा निकलेगा।

### 14 को वल्लभ भवन का होगा घेराव

इधर वर्मा के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे ब्राह्मण समाज और सवर्ण संगठनों ने एलान किया है कि इसे लेकर सवर्ण समाज ने 14 दिसंबर को सीएम हाउस आवास का घेराव किया जाएगा। वर्मा के बयान के खिलाफ 65 ब्राह्मण संगठन एक जुट हो गए है। सभी ने मिलकर सीएम हाउस के घेराव का निर्णय लिया है।

## डॉ. मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर 13 और 14 दिसंबर को होंगे विशेष कार्यक्रम

# प्रदेश की इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट देश में सर्वाधिकः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पिछले दो साल में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए किए गए प्रयासों के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। जिसके चलते मध्यप्रदेश की इंडस्ट्रियल ग्रोथ देश में सर्वाधिक रही है। इंदौर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए कई उल्लेखनीय निर्णय लिए गए। राज्य में कृषि के लिए सिंचाई का रकबा दोगुना करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान और कई बड़ी परियोजनाओं के माध्यम से प्रयास जारी हैं। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योगों के विकास पर जोर दिया जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि राच्य में सुशासन पर आधारित व्यवस्थाएं संचालित हों, इसके लिए अच्छे कार्य में सदैव साथ हैं और अगर कहीं भी कुछ गलत होगा तो उसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती से नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में विगत दिनों उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। प्रदेश में नक्सलियों का सबसे बड़ा सरेंडर बालाघाट में कराया गया है। भविष्य में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का लक्ष्य है। सीएम ने बताया कि राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर 13 और 14 दिसम्बर को भोपाल व इंदौर में विशेष आयोजन किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री ने बाला साहब और प्रणव मुखर्जी को किया याद



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न प्रणब मुखर्जी की जयंती पर सादर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश के विकास और आर्थिक सुधारों के लिए प्रणब मुखर्जी का योगदान सदैव याद किया जाएगा। इसी तरह उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक बालासाहब देवरस की जयंती पर सादर नमन किया। डॉ. यादव ने कहा कि बालासाहब देवरस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विस्तार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, वहीं आपातकाल के काले अध्याय का डटकर मुकाबला किया।

### मप्र में दी जाए विश्व स्तरीय शिक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा मध्यप्रदेश में ही उपलब्ध कराई जाए, जिससे उच्च शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को विदेश जाकर अध्ययन करने की आवश्यकता कम पड़े और स्थानीय स्तर पर ही अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा गुणवत्ता का अकादमिक वातावरण मिल सके। सीएम ने एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि राच्य सरकार मध्यप्रदेश को वैश्विक शिक्षा मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में अब निर्णायक कदम बढ़ा रही है। राच्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के अध्ययन केन्द्रों की स्थापना के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे

### पिछले दो साल में ये रहीं उपलब्धियां

- किसानों के लिए भावान्तर योजना
- विश्व विद्यालयों के कुलपति को कुलगुरू का सम्मानजनक नामकरण
- पुलिस बैंड को प्रोमोट
- खुले में मॉस के वितरण पर रोक
- धार्मिक स्थल और अन्य स्थलों में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग
- परिवहन चेक पोस्ट बंद
- दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पशुपालकों को प्रोत्साहन राशि
- समय पर उचित उपचार दिलाने राहगीर योजना। सहायता करने वाले को 25 हजार रुपये एवं सर्टिफिकेट
- हर किसान के खेत में सौर ऊर्जा संयंत्र
- विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह के लिए अलग से बटालियन का गठन।
- मध्यप्रदेश परिसीमन आयोग का गठन
- सभी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में अधिकतम 3900 रुपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि
- कोदो, कूटकी खरीदी के लिए मूल्य निर्धारित
- लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाई
- सांदीपनि विद्यालय हुए विकसित
- प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना।
- भर्ती प्रक्रिया में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनू योजना
- गोकुल ग्राम और वृंदावन ग्राम योजना
- जनवरी 2026 तक मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त बनाना
- स्वास्थ्य संस्थानों में 46 हजार 491 नये पदों का श्रृजन
- प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने गरीब कल्याण मिशन।
- मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन।
- देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन।

# वैज्ञानिक जांच का हुनर निखारने के लिए पुलिस ड्यूटी मीट संपन्न

## राष्ट्रीय स्तर पर स्पेशल 26 टीम करेगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में मध्य प्रदेश की टीम तैयार करने के मकसद से आयोजित दो दिवसीय राच्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट गुरुवार को भोपाल में संपन्न हुई। राजधानी के डायल 112 के स्टेट कमांड सेंटर में आयोजित इस मीट में प्रदेश के विभिन्न जोन और जिलों से आए 107 प्रतियोगियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस आयोजन के दौरान हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों ने मेडीकोलीगल ओरल एग्जाम के साथ क्रिमनल लॉ, फिंगर प्रिंट और ऑब्जर्वेशन टेस्ट जैसी कठिन चुनौतियों का सामना किया। इसके साथ ही फॉरेंसिक इन्वेस्टिगेशन के दौरान पोर्टरेट पार्ले, साक्ष्यों को उठाने, पैकिंग, सीलिंग और फारवर्डिंग से जुड़ी चुनौतियों का सामना करके भी बताया। इस मीट में पुलिस फोटोग्राफर्स ने भी एक्स्पर्ट पुलिस फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी परीक्षा में अपना हुनर दिखाया।

**अब बनेगी स्पेशल 26 टीम, स्वर्ण पदक जीतने का टारगेट :** इस आयोजन के दौरान एडीजी तकनीकी सेवाएं केपी वेंकटेश्वर राव और डीआईजी शशिकांत शुक्ला समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान एडीजी ने विजेता पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित करते




हुए वैज्ञानिक साक्ष्य के महत्व और न्यायालय में प्रकरण की सशक्त प्रस्तुति की विसातर से जानकारी दी। उन्होंने खास तौर पर डीएनए एवं प्राथमिक साक्ष्य के आधुनिक संकलन पर जोर दिया। राव ने घोषणा करते हुए कहा कि इस मीट में विजेता उम्मीदवारों को मिलाकर एमपी पुलिस की स्पेशल 26 टीम बनाई जाएगी। यह टीम अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी और इसे रवाना होने से पहले एक माह का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।



## श्याम टेलर ने किया पदभार ग्रहण

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा युवा मोर्चे के नए अध्यक्ष श्याम टेलर ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। देर शाम भाजपा मुख्यालय पहुंचे टेलर ने अपने मार्गदर्शक नेताओं की मूर्तियों पर माल्यार्पण के उपरांत पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**भाजपा की बड़ी बैठक आज :** इधर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की 12 दिसम्बर को पार्टी मुख्यालय में एक बड़ी बैठक आहुत की गई है। प्रदेश स्तरीय इस बैठक में सभी जिलों के पार्टी अध्यक्षों के अलावा वरिष्ठ नेतृत्व का भी मार्गदर्शन मिलेगा।

# जीएमसी ने 160 एमबीबीएस को दी डिग्री, अब ये करेंगे इलाज

## 2019 बैच के स्टूडेंट्स का दीक्षांत समारोह

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में एमबीबीएस 2019 बैच की ग्रेजुएट सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ धनंजय शर्मा, डॉ. उल्का श्रीवास्तव और डॉ अरूणा कुमार सम्मिलित हुए। जीएमसी की डीन डॉ कविता एन सिंह ने छात्रों को सुनहरें भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह गांधी चिकित्सा महाविद्यालय की उत्कृष्ठ परंपरा को आगे ले जाते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ धनंजय शर्मा जो कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध हस्ती हैं, इनके द्वारा 29 देशों में एवं 40 से ज्यादा यूनिवर्सिटी में गेस्ट फेकल्टी रहें है, इनके द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में दो किताबें एवं 18 चेप्टर पब्लिश किये गये हैं एवं 440 इंडेक्स पब्लिश किये जा चुके हैं। प्रोफेसर डॉ धनंजय शर्मा को 2019 बैच के छात्रों को अपने अनुभव को साक्षा करते हुए जीवन के विभिन्न पहलुओं को 10 लेसन में बताया गया, जैसे कि ज्ञानी व्यक्ति द्वारा कभी घमंड नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक कठिनाई एक अवसर है, हमको उन विषयों पर शोध करना चाहिए जो हमारे लिये महत्वपूर्ण हैं, हमें समस्याओं का समाधान स्वंय ढूढना चाहिए, हमे विज्ञान के विचारों पर चर्चा करना चाहिए न कि व्यक्तिओं एवं घटनाओं पर, खुले विचारों वाले बनो, जीवन में बदलाव के लिए नये नये अच्छे अविस्कार एवं मूल विचारों को उत्पन्न करें, सबसे अच्छा और सरल समाधान खोज एवं अच्छे विचारों को पहचानों उनके विचारों से छात्र काफी प्रात्साहित थे।

**सख्ती** टायर किलर डिवाइस के साथ तैनात होगी ट्रेफिक पुलिस, इंदौर से शुरूआत

# ड्राइवर के ओवरस्पीडिंग पर लगेगी सख्ती से लगाम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश की सड़कों को यातायात के लिए सुरक्षित बनाने और अपराधियों एवं नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए टायर किलर डिवाइस का उपयोग करेगी। इसकी शुरुआत प्रदेश के सबसे व्यस्त शहर इंदौर से हो रही है, जहां जल्द ही ट्रैफिक पुलिस टायर किलर स्पाइक स्ट्रिप के साथ अहम चौराहों और सड़कों पर तैनात रहेगी। इसका ट्रायल मंगलवार को इंदौर में आला पुलिस अफसरों के सामने किया गया। यह डिवाइस तेज रफ्तार से भाग रहे अपराधियों को रोकने के साथ ही चेकपॉइंट तोड़ने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर भी सख्ती करेगी। भोपाल स्थित पुलिस ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (पीटीआरआई) भी इसके प्रारंभिक उपयोग के नतीजों का इंतजार कर रहा है। यदि ये कवायद सफल रहेगी तो प्रदेश के सभी अहम शहरों में इस डिवाइस का उपयोग किया जा सकेगा।



### नशेड़ियों और अपराधियों को पकड़ने मे भी मिलेगी मदद

भोपाल में दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 25 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण तेज गति और लापरवाही से कट पॉइंट का उपयोग करना है। इसी तरह इंदौर में भी पिछले सालों की तुलना में 2025 में दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का दावा है कि यह टायर किलर डिवाइस उन मामलों में विशेष रूप से उपयोगी होगा जब नशे में धुत या दुर्घटना करके भागने वाले चालक पुलिस बैरिकेड्स को तोड़कर निकलने की कोशिश करते हैं। ऐसे में वे आगे और भी दुर्घटनाओं को अंजाम देते हैं। इस तकनीक से अब अपराधी तुरंत पकड़े जाएंगे।

### इस तरह काम करता है टायर किलर डिवाइस

टायर किलर स्पाइक स्ट्रिप एक पोर्टेबल डिवाइस है, जिसे इज़राइल, अमेरिका और यूरोपीय देशों की पुलिस इस्तेमाल करती है। इसमें मेटल के नुकीले स्पाइक्स (कांटों) से बनी एक लंबी पट्टी होती है, जिसे इमरजेंसी के दौरान पलक झपकते ही पुलिसकर्मी सड़क पर फैला सकते हैं। जैसे ही कोई तेज रफ्तार वाहन इसे पार करने की कोशिश करता है, इसके छह इंच से च्यादा लंबे नुकीले कांटे वाहन के टायर को पंचर कर देते हैं और गाड़ी तुरंत रुक जाती है। इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने इसका डेमो देखने के बाद शहर के 20 प्रमुख चौराहों और आउटर पॉइंट्स पर इसके साथ ट्रेफिक टीम को तैनात करने का प्लान बनाया है। इंदौर में अगर ये ट्रायल सफल रहता है तो जल्द ही इसे भोपाल और अन्य महानगरों में शुरू किया जाएगा। यह सख्ती इसलिए भी आवश्यक बताई जा रही है क्योंकि प्रदेश के बड़े शहरों में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है, जिसका मुख्य कारण तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी है।

# अधिकारी लाइव देख सकेंगे शिक्षकों की स्कूलों में उपस्थिति

## वेतन की रोकटोक से ई-अटेंडेंस में आयी तेजी से बढ़ोतरी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के स्कूलों में ई-अटेंडेंस दर्ज करने वाले शिक्षकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शिक्षक लॉगइन करने के साथ समय पर लॉगआउट भी कर रहे हैं। विभाग अब शिक्षकों पर सख्ती बढ़ाने जा रहा है। प्रदेश में वास्तविक समय उपस्थिति निगरानी (रियल टाइम अटेंडेंस मॉनिटरिंग) प्रणाली शुरू की जा रही है, जिसके तहत शिक्षकों की उपस्थिति तुरंत ऑनलाइन ट्रैक होगी। इससे स्पष्ट होगा कि स्कूल में शिक्षका उपस्थित या फिर अनुपस्थित। ई-अटेंडेंस का लाइव डैशबोर्ड बनाया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, शिक्षा मंत्री, जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी समेत जिम्मेदार अधिकारियों के पास इंटरफेस दिया जाएगा। इससे वे सुबह 10 बजे के बाद एक क्लिक से प्रदेश शिक्षकों उपस्थित और स्कूल में उपस्थिति दर देख पाएंगे। नवंबर के अंतिम सप्ताह से शिक्षकों की उपस्थिति लगातार बढ़ोतरी हो रही है। नवंबर माह का वेतन ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर देने के आदेश जारी होने के समय 28 नवंबर को ई-अटेंडेंस का प्रतिशत 52 था। आदेश के बाद के नौ दिनों में उपस्थिति में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। छह दिसंबर को शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति 72 गई। कुल छह हजार 577 शिक्षकों में से चार हजार 89 ने लॉगइन किया और तीन हजार 738 ने लॉगआउट भी किया, जबकि पहले लॉगआउट की संख्या बेहद कम रहती थी। इसी तरह, 1429 स्कूल प्रभारियों में से से 908 ने लॉगइन किया और और 817 ने लॉगआउट किया, जिससे प्रभारियों की उपस्थिति 71 प्रतिशत तक पहुंच गई।

## संक्षिप्त खबरें

### बैरसिया में रास्ते की जमीन को लेकर भिड़े दो पक्ष

**जागरण, भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र के उमरिया गांव में रास्ते की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। बाकि लोगों को मामूली चोटें आई है। पुलिस ने पांच आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार उमरिया गांव में रहने वाले धारू सिंह और महाराज सिंह रिश्ते में भाई लगते हैं। दोनों परिवारों के बीच पिछले एक साल से रास्ते की जमीन पर विवाद चल रहा था। बुधवार शाम इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस हो गई। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर धारू सिंह पर डंडों और रॉड से हमला कर दिया। हमले में घायल धारू सिंह का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। शिकायत पर पुलिस ने करतार सिंह, रंजीत सिंह, सूरज सिंह, सुमित और आईया जाट के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# हमीदिया में मिले अधजले शव निकले जुड़वा, फेंकने वाले का पता नहीं

## अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही आई सामने, किसी बाहर वाले पर घूम रही शक की सुई, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा बच्चे मृत पैदा हुए थे या जिंदा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में कचरे के ढेर में मिले अधजले शव जुड़वा निकले हैं। गुरुवार को मर्चुरी में शवों का पोस्टमार्टम किया गया। इसकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है, लेकिन अस्पताल सूत्रों ने बताया कि दोनों शव सात से आठ महीने के प्रतीत होते हैं। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से यह पता चलेगा कि जब उन्हें कचरे में फेंका गया तब जिंदा थे या मृत। गुरुवार को हुए पीएम के दौरान चिकित्सकों ने पाया कि दोनों ही शव 90 फीसदी से अधिक जले हैं। इन्हें एक प्लास्टिक के झोले में रखकर फेंका गया है। शव के साथ गर्भनाल (प्लेसेंटा) भी जली हुई अवस्था में पाया गया है। इससे चिकित्सक यह अंदाजा लगा रहे हैं कि बच्चों की डिलीवरी किसी अस्पताल में न होकर घर पर हुई होगी। यदि अस्पताल में होती हो गर्भनाल को अलग किया जाता, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं है। शव 90 फीसदी जले हैं, इसलिए, लिंग पता नहीं चल सका है। गुरुवार को पुलिस की मौजूदगी में शवों का पोस्टमार्टम किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई है, ताकि साक्ष्य को सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा पुलिस ने इस मामले की खोजबीन शुरू कर दी है। मर्चुरी में काम करने वाले और इसके आसपास वाले लोगों के बयान लिए जा रहे हैं, उनसे पूछताछ भी की जा रही है।



### अस्पताल प्रबंधन झाड़ रहा पल्ला

मामले की जांच के लिए जितनी तेजी कोहेफिज़ा पुलिस ने दिखाई है, उतनी लापरवाही हमीदिया अस्पताल और गांधी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की सामने आई है। कॉलेज स्तर पर जांच कमेटी का गठन किया गया और न अस्पताल स्तर पर किसी की जिम्मेदारी तय की गई। इस मामले में जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह से बात की गई तो उन्होंने जांच कमेटी का गठित करने से साफ इंकार कर दिया। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने शुरुआत में इस मामले पर पर्दा डालना चाहा और किसी प्रकार की जानकारी बाहर नहीं आने दी।

### पुलिस को सीसीटीवी का सहारा

कचरे में मिले शव कौन फेंक कर गया, यह किसके बच्चे हैं और ऐसा क्यों हुआ। इन सवालों के जवाब पुलिस तलाशने में जुटी हुई है। जिसके लिए पुलिस ने हमीदिया अस्पताल परिसर के सीसीटीवी को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन से सीसीटीवी की रिकार्ड ले लिया है, इसकी बारीकी से जांच होने के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

"हम मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं। पीएम रिपोर्ट से बहुत कुछ स्पष्ट हो जाएगा। इसके अलावा सीसीटीवी की जांच की जा रही है। बहुत जल्द इस मामले का खुलासा करेंगे।
**- कृष्ण गोपाल शुक्ला,** थाना प्रभारी कोहेफिज़ा पुलिस स्टेशन

# प्रसूताओं को नहीं मिल रहा पोष्टिक लड्डू, संस्था प्रभारी को दिया नोटिस

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने गुरुवार को बैरसिया विकासखंड की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का भ्रमण किया। इसमें मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीयन, जांचें, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्टिंग, टीकाकरण की जांच की गई। एक दिन पूर्व ही सीएमएचओ द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में बैरसिया विकासखंड की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के निर्देश दिए थे। जिसमें गर्भवती की जांच, शिशु स्वास्थ्य और विभागीय पोर्टल प्रविष्टि में सुधार करने के लिए कहा गया था। निरीक्षण के दौरान बैरसिया ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुनाहा में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ विमला राज विधाने अनुपस्थित मिली। संस्था में मरीजों को भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा था किंतु धात्री महिलाओं को पौष्टिक लड्डू नहीं दिए जा रहे थे। सीएमएचओ द्वारा संस्था प्रभारी डॉ विमला राज विधाने को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का संतोषप्रद जवाब मिलने तक अस्थाई प्रभाव से वेतन रोका गया है।

**सीएमएचओ के निरीक्षण में सामने आई हकीकत**

### भाई की शादी में जुटी बहन की कुएं में गिरकर मौत

**जागरण, भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र के सीतखोह गांव में भाई की शादी की तैयारी में जुटी बहन की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना के वक्त परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय रेखा बाई तवर पिछले डेढ़ साल से मायके में रह रही थ। घर में उनके भाई की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। दोपहर के समय रेखा घर के पास बने कुएं से पानी भरने गई थी, तभी अचानक पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गई। इस दौरान पड़ोस की महिला जब पानी भरने पहुंची तो उसने कुएं में रेखा साड़ी तैरती देखी। बाद में ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाया गया।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर छात्रा से किया दुष्कर्म

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इंजीनियरिंग छात्रा से दोस्ती कर रेप का मामला सामने आया है। आरोपी अपनी दो महिला दोस्तों के साथ छात्रा के घर पहुंची। उसके साथ मारपीट कर धमकी दी। इस मामले में सारणी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जीरो पर कोलार थाने आई रिपोर्ट पर पुलिस ने असल कायमी कर ली है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रेप और उसकी दो महिला दोस्तों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोलार पुलिस के मुताबिक, 18 वर्षीय लड़की कोलार इलाके में किराए से रहती है। वह भोपाल के एक इंजीनियरिंग कालेज में पढ़ती है। 24 अक्टूबर को उसकी मुलाकात तरुण लोखंडे नाम के युवक से हुई थी। तरुण रेपिडो चलाता है। दोस्ती के बाद तरुण छात्रा के कमरे पर पहुंचा और रेप किया। ऐसा उसने कई बार किया। जब छात्रा ने दूरी बनाना चाहा तो तरुण अपनी महिला दोस्त दिव्या व दिव्या की दोस्त रानी के साथ छात्रा के कमरे पर पहुंचा। जहां तीनों ने मिलकर छात्रा के साथ मारपीट की।

# डीआईजी के रिश्तेदार समेत चार लोगों की अलग-अलग सड़क हादसों में मौत

## कटारा हिल्स, मिसरोद और निशातपुरा इलाके की घटना, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में डीआईजी देहात राजेश चंदेल के रिश्तेदार समेत चार लोगों की अलग-अलग सड़क हादसों में मौत हो गई। चारों को तेज रफ्तार वाहन चालकों ने टक्कर मारी है। यह घटनाएं थाना कटारा हिल्स, मिसरोद और निशातपुरा में हुई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं। डीआईजी के रिश्तेदार को सेना से रिटायर्ड नायब सूबेदार ने कार से टक्कर मारी है। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज कर लिया है। अन्य वाहनों की पहचान के लिए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

**सेना से रिटायर्ड नायब सूबेदार ने मारी टक्कर :** कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि 66 वर्षीय दशरथ सिंह स्प्रिंग वैली कालोनी कटारा हिल्स में पत्नी और बेटी साथ में रहते थे। उनका बेटा जबलपुर में नौकरी करता है। बुधवार रात दशरथ सिंह अपनी पत्नी और बेटी के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। वह 11 मील स्थित अभिनंदन राजहंस मैरिज गार्डन गए थे। जहां से तीन रात करीब 12 बजे घर लौट रहे थे। वे अभी शुभम वेयर हाउस के पास रापड़िया जोड़ के पहले पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दशरथ को जेपी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दशरथ सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। जबकि उनकी पत्नी का इलाज जारी है। बेटी को कम चोट आई थी। बताया गया है कि मृतक डीआईजी राजेश चंदेल के मौसाजी लगते थे। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी चालक मृत्युंजय शर्मा को गिरफ्तार कर नोटिस पर छोड़ दिया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी सेना से रिटायर्ड नायब सूबेदार है।

### 100 की स्पीड से दौड़ रही कार ने दो लोगों को टक्कर मारकर चार्ली बाइक उड़ाई, दीवार से टकराकर पलटी



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे शिवाजी चौराहे पर 100 की स्पीड से आई कार ने चौराहे के साइड में फ्लेक्स लगा रहे दो कर्मचारियों को टक्कर मार दी। चालक ने कार संभालने की कोशिश की, तो साइड में खड़ी दो चार्ली बाइक को उड़ा दिया। आगे दीवार से टकराकर पलट गई। एयरबैग खुलने से कार सवार दोनों लोगों की जान बच गई। वे शराब के नशे में थे। कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने दोनों को कार से बाहर निकाला। इसी चौराहे पर ठंडी सड़क की ओर रातीबड़ थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा रात में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उनकी रात्रि गश्त थी। यह कार उनके बगल से तेजी से निकल गई और वे बाल-बाल बचे। घायल कर्मचारियों के पैर में गंभीर चोट आई है। उनका इलाज जारी है। कार को जब्त कर एमपीनगर थाना परिसर में रखवा दिया गया है। पीड़ित कहां भर्ती हैं अभी इसका पता नहीं लगा है इसलिए एफआईआर नहीं की गई है। कार क्रमांक एमपी-04 ईसी-6044 में शराब, चकना पड़ा था। कार चालक ने अपना नाम अभिषेक खरे बताया है, जोकि खुद को पत्रकार बता रहा था। वह नानके पेट्रोल पंप की ओर से आ रहे थे और एमपीनगर जा रहे थे। इस बीच भयानक हादसा हो गया। पुलिस की जांच जारी है। इस चौराहे पर इसी जगह पूर्व में कुछ लोगों की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। तब यहां पुलिया के ऊपर बने स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई ज्यादा थी, जिस पर से तेज रफ्तार वाहन गुजरने के बाद सीधा इसी दीवार या रोटरी में टकराते थे।

### अज्ञात वाहन चालकों ने ली दो बुजुर्गों की जान

मिसरोद पुलिस के मुताबिक, 62 वर्षीय सुब्रत कुमार बोस रियल एस्टेट का काम करते थे। बुधवार शाम करीब सात बजे वह शनि मंदिर के पास समरधा रोड क्रास कर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत पास स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। गुरुवार को हमीदिया अस्पताल में शव का पीएम हुआ। मिसरोद इलाके में ही गुरुवार सुबह आठ बजे निरामय अस्पताल के पास एक्सीडेंट हो गया। हादसे में माखन लाल (52) की मौत हो गई। इंडस टाउन निवासी माखन लाल डिलीवरी बॉय का काम करते थे। गुरुवार सुबह आठ बजे वह भोपाल से सामान लेकर घर जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें भी टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें निरामय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। मिसरोद पुलिस दोनों मामलों में टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### निशातपुरा में ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत

निशातपुरा थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बताया कि 67 वर्षीय महेश पिता हजारी लाल नगर निगम कालोनी अशोका गार्डन में रहते थे। पूर्व में वे पुरानी विधानसभा के सामने नोटरी चैम्बर में काम करते थे। बुधवार को वे अपनी आंख का इलाज कराने के लिए भोपाल मेमोरियल अस्पताल गए थे। इलाज कराने के बाद वे शाम पौने पांच बजे स्कूटी से घर जाने के लिए बाहर निकले थे। वह पीपुल्स अस्पातल के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए सीएनजी गैस के ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गए, सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौत हो गई।

# डीएचएल ने बेचे सरकार के पास बंधक रखे 15 प्लॉट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की इंदौर यूनिट ने कंस्ट्रक्शन व जमीन के कारोबार से जुड़ी कंपनी डीएचएल इन्फ्राबुल्स इंटरनेशनल के संचालकों के खिलाफ करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। तीनों संचालकों ने राज्य शासन के अधीन आने वाली नगर निगम की कॉलोनी सेल में बंधक रखी प्रॉपर्टी को अवैध तरीके से बेच दिया। शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद जांच एजेंसी ने डीएचएल इंफ्रा के संचालक संतोष कुमार सिंह, संजीव जायसवाल और अनिरुद्ध देव और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। ईओडब्ल्यू की जांच में उजागर हुआ कि कंपनी के संचालकों ने पहल से यह जानकारी थी कि उनके इंदौर में लग्जरी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट आईकॉनस लैंडमार्क-1 और आईकॉनस लैंडमार्क-2 के कुल 249 प्लॉट कॉलोनी के विकास कार्य के बदले कॉलोनी सेल इंदौर व सरकार के पास बंधक रखे गए हैं। बंधक प्लॉट का मालिकाना हक राच्य सरकार का होता है। इन्हें बेचने से पहले इसे तय फीस जमा कर रिलीज कराना होता है। इसके बावजूद कंपनी के संचालकों ने अपर कलेक्टर कॉलोनी सेल से कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना ही जानबूझकर 15 बंधक प्लॉट अवैध रूप से बेच दिए और इनकी रजिस्ट्री भी करा दी।



खरीदारों व शासन से करोड़ों की धोखाधड़ी, तीन पर एफआईआर

### कुशवाहा समाज के भवन पर कब्जे को लेकर पूर्व बीजेपी नेता गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** चक्की चौराहा स्थित कुशवाहा समाज भवन पर कब्जे को लेकर पूर्व बीजेपी नेता भगत सिंह कुशवाहा को टीटीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भगत सिंह भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष हैं। धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में पुलिस ने बुधवार रात को कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। टीटीनगर पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 15 साल पहले कुशवाहा समाज को आवंटित भवन के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए थे। इन्हीं के आधार पर कब्जा कर लिया था। यहां गर्ल्स हॉस्टल व आफिस संचालित किया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल भानपुर के बेटे सीताराम कुशवाहा और मोहन कुशवाहा को भी गिरफ्तार किया है।

### शिकारे चलने के बाद बोट क्लब पर बढ़ी रौनक



राजधानी के बड़े तालाब में शिकारे चलने के कारण बोट क्लब की रौनक बढ़ गई है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं।

### पानी समझकर युवक ने पी लिया तारपीन, मौत

**जागरण, भोपाल।** हनुमानगंज क्षेत्र में पानी की बोतल समझकर तारपीन पी लेने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय शुभम साहू नादरा बस स्टैंड के पास इब्राहिमगंज में रहता था। वह बिजली फिटिंग का काम करता था। 6 दिसंबर को घर में रखी बोतल को पानी समझकर गलती से वह पी लेता है। लेकिन बोतल में तारपीन रखा हुआ था। हालत बिगड़ता देख परिजन तुरंत उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां गुरुवार शाम इलाज के दौरान शुभम ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# बीयू ने तैयार की बोर्ड ऑफ स्टडीज मृत प्रोफेसर को भी बनाया सदस्य

## 30 विषयों के बोर्ड चुने गए, अब ये दो-दो अन्य सदस्य चुनेंगे

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने 30 विषयों के बोर्ड ऑफ स्टडीज तैयार कर दी हैं। इसमें गृह विज्ञान के बोर्ड में एमएलबी कालेज की अर्चना मिश्रा को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। जबकि उनका निधन 26 नवंबर को रात साढ़े 12 बजे हो गया था, जबकि बीयू ने बोर्ड की सूची दो दिसंबर को जारी की थी। बीयू प्रबंधन का कहना है उनके निधन की सूचना नहीं मिल पायी थी, जिसके कारण सूची में उनका नाम शामिल हो गया है। अब प्रो मिश्रा के निधन की सूचना प्राप्त हो चुकी है, इसलिए अब उनके स्थान पर नये प्रोफेसर को सूची में स्थान दिया जाएगा। बोर्ड आफ स्टडीज में नौ-नौ सदस्य रखे गए हैं। इसमें सात-सात सदस्यों को नियुक्त कर दिया गया है। अभी दो-दो सदस्यों को मनोनयन होना शेष है। सदस्य इंड्रस्टी और अन्य विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय स्तर के शैक्षधिक संस्थानों के प्रोफेसर को विषय विशेषज्ञ तक हो सकते हैं। सदस्यों को इस बात पर विशेष फोकस करना होगा वह प्रोफेसर बीयू की परिधि में नहीं आता हो। इंड्रस्टी को जोड़ने से वर्तमान में मार्केट की डिमांड भी पता चल सकेगी, जिससे विद्यार्थियों को अपडेट सिलेबस मिल पाएंगे और उनके प्लेसमेंट के अवसर बढ़ सकेंगे। सभी बोर्ड की रूपरेखा विविधता और विशेषज्ञता के आधार पर तैयार की गई है। इसमें शामिल विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों के प्रोफेसर, संबद्ध कॉलेजों के विभागाध्यक्ष, विषय विशेषज्ञ शिक्षक, पीजी प्रथम मेरिट प्राप्त छात्र प्रतिनिधि, उद्योग एवं अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञ (सह-आमंत्रित सदस्य) सहित नौ सदस्य होंगे।



### छात्रों को नौकरी के लिए देंगे मार्गदर्शन

बोर्ड में पीजी के मेरिट होल्डर को शामिल किया है। वे बताएंगे कि डिग्री करने के बाद नौकरी तलाशते समय किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है, ताकि वर्तमान में प्रवेशरत विद्यार्थियों को नौकरी तलाशते समय नहीं करना पड़े। इसलिए बीयू ने उसी विषय के पीजी में प्रथम मेरिट प्राप्त विद्यार्थी को सदस्य नामित किया गया है। अब विद्यार्थी प्रोफेसर के साथ मिलकर सिलेबस तैयार कर पाएंगे।

**विद्यार्थियों के करियर से जुड़ा है सिलेबस :** सिलेबस विद्यार्थियों करियर से जुड़ा है। ऐसे में उनकी राय को निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनाना समय की मांग है। विशेषज्ञों को कहना है कि छात्र प्रतिनिधि के शामिल होने से पाठ्यक्रम में ऐसे सुधार होंगे जो न केवल ज्ञानवर्धक, बल्कि रोजगारोन्मुख और व्यावहारिक दिशा में भी शिक्षा को आगे बढ़ाएंगे। छात्र प्रतिनिधि को बोर्ड में शामिल करने से उद्योगों की बदली जरूरतों, नई तकनीकों के विस्तार और विषयों की बदलती प्रासंगिकता को छात्रों की दृष्टि से रखा जाएगा।

### बीयू की परीक्षा नियंत्रक ने एक माह बाद भी नहीं किया ज्वाइन

**भोपाल।** बीयू को 12 साल बाद मिले नियमित परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशा कुमारी ने एक माह बाद भी ज्वाइन नहीं किया है। बीयू प्रबंधन ने विभाग को सूचित कर दिया है कि सप्लीमेंट्री परीक्षा में परेशानी का सामना करना पड़ा है। विभाग समय रहते नियुक्ति करे, ताकि जनवरी में होने वाली पीजी परीक्षाओं का संचालन सख्ती से हो सके। डॉ आशा ग्वालियर के श्यामलाल पांडमीय कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। डॉ. आशा कुमारी को परीक्षा नियंत्रक का कार्यभार ग्रहण करने से तीन वर्षों तक या अन्य आदेश तक जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनसे बीयू प्रबंधन को काफी आस थी कि परीक्षाओं में फैली अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

**सुविधा** छह घंटे की दूरी साढ़े तीन से चार घंटे में होगी पूरी, एमपीआरडीसी बना रही नई फोरलेन सड़क

# 150 किमी तक कम हो जाएगी भोपाल से मंदसौर की दूरी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल से मंदसौर के बीच सुगम यात्रा के लिए मप्र सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) ने एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना पर कार्य आरंभ कर दिया है। करीब 258 किमी लंबी यह नयी सड़क वर्तमान सड़क की तुलना में 100 से 150 किमी की दूरी कम करेगी। सड़क राजधानी से सीहोर, शाजापुर, आगर, रतलाम से नयाखेड़ा से गुजरते हुए मंदसौर तक पहुंचेगी। प्रदेश की राजधानी भोपाल और पश्चिमी क्षेत्र के दूरस्थ जिले मंदसौर के बीच अब सीधी, तेज और आसान कनेक्टिविटी बनने जा रही है। इसके लिए एमपीआरडीसी ने एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड फोरलेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**यहां से होकर पहुंचते हैं मंदसौर :** वर्तमान में भोपाल से मंदसौर के लिए मौजूदा सड़क 340 किमी से 410 किमी तक लंबी है। इसमें भोपाल से सीहोर, देवास, उज्जैन बायपास, बढनागर, रतलाम बायपास मंदसौर पहुंचते हैं। नयी सड़क की दूरी 258 किमी की होगी। सड़क राजधानी से सीहोर, शाजापुर, आगर, रतलाम से नयाखेड़ा से गुजरते हुए मंदसौर तक पहुंचेगी। इसके चलते यात्रा समय और ईंधन की बचत होने के साथ उद्योग, व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



### कम होगी 100-150 किमी की दूरी

उक्त एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड फोरलेन की विशेषता यह होगी कि मार्ग किसी भी शहर या गांव के बीच से नहीं गुजरेगा, जिससे यात्रा निर्बाध और सुरक्षित होगी। छोटे वाहन उक्त मार्ग पर 100 किमी प्रति घंटा की गति से चल सकेंगे, जबकि बस और ट्रक 80 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से सफर कर पाएंगे। इसका सीधा लाभ यह होगा कि भोपाल से मंदसौर तक की यात्रा माहज साढ़े तीन से चार घंटे में पूरी हो सकेगी। अभी यह दूरी तय करने में पांच से छह घंटे लगते हैं।

### डीपीआर तैयार करने के लिए टेंडर किए गए जारी

प्रस्तावित फोरलेन करीब 258 किमी लंबा होगा, जो वर्तमान मार्गों की तुलना में 100 से 150 किलोमीटर तक दूरी कम करेगा। यह सड़क जमीन की सतह से करीब आठ से दस फीट की ऊंचाई पर बनाई जाएगी और इसमें अत्यंत कम मोड़ होंगे, जिससे वाहनों को एक समान और रफ्तार मिलेगी। उक्त फोरलेन का लाभ मंदसौर और नीमच जिलों के साथ-साथ राजस्थान के प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और उदयपुर के यात्रियों को भी मिलेगा। सड़क विकास निगम ने इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। यदि डीपीआर समय पर तैयार हो जाती है और सरकार बजट स्वीकृत कर देती है, तो अगले दो वर्षों में नया फोरलेन तैयार हो सकता है।



# हल्के में ना लें भूलने की बीमारी


जरूरी सलाह



डा. प्रवीण गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट, न्यूरोलाजी, फॉर्टिंग अस्पताल, गुरुग्राम

**किसी घटना या बातचीत को भूलाना दिमाग के बीमार होने के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। याददार तकी यह कमजोरी अगर दैनिक क्रियाकलापों को भी बाधित करने लगे, तो अल्जाइमर होने की आशंका जाती है...**

**शुगर और ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखें। नियमित व्यायाम करें।**



इस बीमारी में एमिलाइड बीटा प्रोटीन के जमा होने के कारण मस्तिष्क की कोशिकाएं प्रभावित होने लगती हैं।

यह बढ़ती उम्र की समस्या है, जो शिथिलता के चलते तेजी से बढ़ती है। इसमें याददाश्त, समझ और निर्णय लेने की क्षमता कम होने लगती है।

**शुरुआती लक्षण :** अल्जाइमर ग्रस्त व्यक्ति को शब्द याद नहीं आते, वह रास्ता भूलने लगता है, भोजन करके भी वह भूल जाता है। धीरे-धीरे लोगों को पहचानना भी कम कर देता है।

अंततः ऐसा व्यक्ति अपना ख्याल नहीं रख पाता।

**क्या कम उम्र में भी होती है परेशानी :** जो लोग कम उम्र में ही भूलने लगते हैं, उन्हें सामान्य तौर पर अल्जाइमर नहीं होता। कामकाज के दबाव या डिप्रेशन से दिमाग भरा रहता है या वे एकाग्र नहीं रह पाते, इसलिए उन्हें भूलने की समस्या होती है। विटामिन बी 12 की कमी या थायरायड असंतुलन से भी यह समस्या होती है।

**कब हों सतर्क :** अल्जाइमर आमतौर पर 60 वर्ष की उम्र के बाद ही होता है। बी12 या थायरायड असंतुलन से भी अल्जाइमर जैसी समस्या हो सकती है, पर वह अल्जाइमर नहीं होती।

**उपचार :** दवा के साथ काग्निटिव थेरेपी, विहैवियर थेरेपी, योग, प्राणायाम इसे नियंत्रित किया जा सकता है।

### अच्छी जीवनशैली जरूरी

समय पर भोजन करना, पूरी नींद लेना, सक्रियता कोलेस्ट्राल बढ़ाने वाले भोजन से परहेज, तनावमुक्त जीवनशैली से डिमेंशिया और अल्जाइमर को रोका जा सकता है। लगातार स्क्रीन पर काम करने या कृत्रिम रोशनी में रहने से भी नींद प्रभावित होती है। अच्छी नींद से ही दिमाग को आराम मिलेगा।

**जरूरी अच्छी नींद**

**छह से आठ घंटे की नींद जरूरी है। सोने का एक समय निर्धारित करें। सोने से पहले मोबाइल देखना बंद कर दें।**

### अपनाएं ये उपाय

- तनाव मुक्त रहने का अभ्यास, दिमाग को सक्रिय रखें।
- कोई शौक विकसित करें। बौद्धिक कार्यों में मन लगाएं।
- शुगर और ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखें। नियमित व्यायाम करें।
- तले भोजन घी, तेल, चिकनाई से परहेज करें।
- फल-सब्जी खाएं, पर नमक का सेवन सीमित रखें।
- अखरोट - बादाम अन्य सूखे मेवे का सेवन करें।
- फिश आयल में ओमेगा 3 फैटी एसिड होते हैं, जो दिमाग को स्वस्थ रखते हैं।

इन दिनों



डा. सुरनजीत चटर्जी
सीनियर कंसल्टेंट, इंद्रप्रस्थ अपोलो हास्पिटल, नई दिल्ली

# सावधानी बरतने की आवश्यकता है निमोनिया में

**बुखार, जुकाम, खांसी के चलते कई लोगों को परेशानी हो रही है। स्वाइन फ्लू और वायरल फीवर के मामले भी सामने आए हैं। इनसे बचने के लिए क्या हैं सतर्कता और बचाव उपाय, आइए जानें...**



खराश, जुकाम या फिर बुखार हो रहा है तो सतर्क होने की जरूरत है, बुखार अगर तीन- चार दिनों तक बना रहता है, तो फिजिशियन या पीडियाट्रिशियन से संपर्क करें। मौसम परिवर्तन के चलते वेक्टर जनित और परजीवी (पैरासिटिक) संक्रमण बढ़ जाते हैं। डायरिया या गैस्ट्रोएंट राइटिस संक्रमण, टायफाइड, पीलिया, कोलेरा की आशंका रहती है, तो वहीं कुछ स्थानों पर लेप्टोस्पायरोसिस भी देखने में आता है। पैरासिटिक संक्रमण में डेंगू, मलेरिया इन दिनों अधिक हो रहा है। अभी उमस के कारण कुछ लोगों को श्वासनली का संक्रमण भी हो रहा है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली-आसपास के इलाकों में स्वाइन फ्लू के मामले काफी बढ़ गए हैं। हालांकि, कोविड के मामले कम हैं।

**क्यों हो रही परेशानी :** जिन इलाकों में ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं है या मच्छर व गंदगी है, वहां संक्रमण अधिक है हो रहा है। फागिंग जैसे उपायों को बढ़ाना होगा।

वायरल निमोनिया की आशंका इस समय स्वाइन फ्लू में तेजी के कारण वायरल निमोनिया भी देखने में आ रही है। कोविड भी हो रहा है, पर गंभीर नहीं है। स्वाइन फ्लू के कुछ मरीजों को भर्ती भी कराना पड़ रहा है। हालांकि, स्वाइन फ्लू का भी आसानी से उपचार हो रहा है।

### बचने के उपाय

- बाहर का पानी और जूस आदि पीने से बचें। पानी को उबालकर ही पिएं।
- अच्छी तरह से पका हुआ भोजन ही करें।
- मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी या रिप्लेंट का प्रयोग करें।

### अगर बुखार आ रहा है....

- बुखार में पैरासिटामोल ले सकते हैं। हाइड्रेशन का जरूर ध्यान रखें, स्पंजिंग आदि करें।
- अगर बुखार दो-तीन दिनों तक लगातार बना हुआ है तो डाक्टर से जरूर संपर्क करें ।
- आइबूप्रोफेन, निमोस्लाइड जैसी दवाओंके सेवन से बचें, क्योंकि इस समय डेंगू के मरीज के लिए यह हानिकारक होता है।
- एंटीबायोटिक का खुदसे प्रयोग ना करें। इसका प्रयोग चिकित्सक के परामर्श लेकर ही करें। वायरल संक्रमण में एंटीबायोटिक की खास भूमिका नहीं होती है।

स्वस्थ जीवनशैली

# खतरे की घंटी इंसुलिन प्रतिरोध

**थकान, आलस्य, सिरदर्द का कारण इंसुलिन हार्मोन का अव्यवस्थित होना भी हो सकता है। अधिक भूख व प्यास लगना और यूरिन के लिए बार-बार भागना इंसुलिन प्रतिरोध तो ही है, साथ ही डायबिटीज का रेड फ्लैग भी कैसे करें बचाव उपाय बता रही हैं सीमा झा.....**






**15.5-46.6% वयस्क दुनियाभर में इंसुलिन प्रतिरोध की समस्या से हैं, जर्नल आफ एंडो क्रोनोलाजिकल इन्वेस्टिगेशन मैकाशिरा अध्ययन के अनुसार**

मध्य रात्रि के बाद सोने की आदत और सुबह जल्दी उठने का दबाव, मन की उलझन और कामकाज का तनाव आज हाइपरटेंशन, फैटी लिवर और अनिद्रा जैसे विकारों को जन्म दे रहा है। तनावग्रस्त जीवनशैली के साथ खानपान से जुड़ी हमारी लापरवाही भी कम उम्र में ही इंसुलिन प्रतिरोध की समस्या बनने लगी है। इंसुलिन की यही समस्या एक दिन डायबिटीज टाइप-2 का स्थायी कारण बन जाती है। यहां तक कि इससे हार्टअटैक की आशंकाओं में भी घिर सकते हैं। दूसरी ओर, महिलाओं में पीसीओडी यानी पालीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम का भी कारण इससे जुड़ा हुआ है, जिसमें कम उम्र की महिलाओं को हार्मोन असंतुलन के कारण तकलीफों से गुजरना पड़ता है।

### निष्क्रियता है बड़ा खतरा

इंसुलिन प्रतिरोध के बड़े कारणों में आनुवंशिक कारण भी है। पर, बीते दशकों में अनियमितता या यूं कहें खराब जीवनशैली एक बड़ा कारण बन गई है। लोग घर हो या कार्यस्थल लगातार बैठकर काम करते हैं, खानपान में कार्बोहाइड्रेट, वसा आदि के सेवन के प्रति सचेत नहीं रहते। व्यायाम का अभाव और खानपान के प्रति सजगता नहीं होने के कारण मांसपेशियों में लगातार बनने वाली ऊर्जा खर्च नहीं होती। इससे वसा निरंतर जमा होता रहता है, जो मोटापे की ओर ले जाता है। इससे उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्राल बढ़ना शुरू हो जाता है। फैटी लिवर और नींद से जुड़ी समस्याएं घर करने लगती हैं यानी एक ऐसा चक्र बन जाता है, जो आने वाले समय में कई जानलेवा व गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- लंबे-लंबे समय तक बैठे रहने की आदत तुरंत बदलें।
- वाहन के बजाय पैदल चलने का अभ्यास करें।
- कसरतन कर सकें तो रोजाना स्ट्रेचिंग करना न भूलें।
- भोजन में सिंपल कार्ब यानी ब्रेड, केक, मीठी चीजों से शरीर को तुरंत शुगर मिलता है, पर जटिल कार्ब, जैसे- ओट्स, श्री अन्न से फाइबर युक्त पोषण प्राप्त होता है।
- फैटी लिवर, मोटापा इंसुलिन प्रतिरोध को बढ़ाने वाला कारक है। बचाव के लिए कैलोरी प्रबंधन का ध्यान रखें।
- दिनचर्या में खानपान व नींद से कोई समझौता न हो ।
- आप आहार में बदलाव कर काफी हद तक इंसुलिन प्रतिरोध को ठीक कर सकते हैं।
- यदि आप डाइट में बदलाव कर इसे ठीक नहीं कर पा रहे हैं तो चिकित्सक से परामर्श में देर न करें।

### क्या है इंसुलिन प्रतिरोध

प्रतिरोध इंसुलिन प्रतिरोध में शरीर इंसुलिन हार्मोन का उचित उपयोग नहीं कर पाता। कोशिकाएं हार्मोन के प्रति प्रतिक्रिया नहीं कर पातीं। ग्लूकोज आसानी से रक्त से कोशिकाओं में नहीं पहुंच पाता। जब तक अग्नाशय अधिक इंसुलिन बनाता है और पर्याप्तमात्रा में इंसुलिन प्रसारित करता है, तब तक रक्त शर्करा का स्तर एक सामान्य सीमा में बना रहता है, पर जब अग्नाशय रक्त में पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन नहीं बना पाता, तब रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ जाता है और वहमांसपेशिय व वसा कोशिकाओं में जमा होने लगता है।



### इनसे बरतें दूरी

- सफेद ब्रेड
- आलुवा स्टार्थ युक्त भोजन
- अत्यधिक मीठा जैसे पेक कुकीज जैसे भोजन

### इन्हें अपनाएं

- फलियां, हरी सब्जियां
- सेब व जामुन जैसे फल
- चोकरयुक्त आटा
- मछली, मीटव दुग्ध उत्पाद आदि ।

### बन सकता है हृदयाघात का कारण

इंसुलिन प्रतिरोध के कारण तेजी से वजन बढ़ सकता है। यह स्थिति को और बदतर बना देता है। इससे शरीर में कई मुश्किलें पैच हो सकती है. जैसे - इससे ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ सकता है, धमनियां सख्त होने लगती हैं, हाइपरटेंशन की स्थिति गंभीर हो जाती है। ये सभी हर्ट अटैक का कारण बन सकती हैं।

### क्या है इंसुलिन

इंसुलिन अग्नाशय द्वारा बनाया जाने वाला एक हार्मोन है। हम जो कुछखाते हैं वह ग्लूकोज के रूप में टूटकर शरीर में ऊर्जा का निर्माण करता है। इंसुलिन। रक्त में मिलकर ग्लूकोज को मांसपेशियों और लिवर में प्रवेश करने मैं मदद करता है ताकि वे अपनी गतिविधि के लिए खर्च होने वाली ऊर्जा के लिए इसका उपयोग कर सकें।

### बच सकते हैं डायबिटीज से

यह सही है कि इंसुलिन प्रतिरोध बना रहे तो यह डायबिटीज का कारण बन सकता है, पर समय रहते आपने उचित सावधानी बरती तो इसके विपरीत भी हो सकता है यानी डायबिटीज से बचाव कर सकते हैं।

- **सामान्य कामकाज में परेशानी महसूस होना।**
- **बार-बार प्यास लगना।**
- **वजन में कमी आना।**
- **लगातार बैठे रहने से पैरों का जाम हो जाना**




### लक्षण को जानें

जब हमारा शरीर इंसुलिन के प्रति प्रतिक्रिया देने में कमजोर पड़ने लगता है तो अग्नाशय इसकी भरपाई के लिए बहुत प्रयास करता है। वह कुछ संकेत देना शुरू कर देता है। जैसे बहुत अधिक प्यास लगेगी, बार-बार यूरिन जाने की आवश्यकता होगी, ऊर्जा का स्तर कम होता जाएगा, भूख लगना, सिर दर्द व मतिभ्रम जैसी स्थिति या कभी त्वचा में संक्रमणजैसी स्थिति उत्पन्न होगी। अचानक वजन बढ़ना भी इसके कुछ मुख्य लक्षण में से एक है।

# 5 पेय पदार्थ है बहुत असरदार

**खाने के बाद यदि पेट में गैस, अपच, एसिडिटी आदि की समस्या रहती है तो दवा के बजाय कुछ पेय पदार्थ हो सकते हैं कारगर, डाइटिशियन सुमन से जाने इनके बारे में...**



**1. सेब का सिरका :** सेब के सिरके में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पेट को स्वस्थ रखने के साथ एसिडिटी की समस्या को कम करते हैं।

**2. पुदीने की चाय:** यह चाय खाना पचाने के साथ खट्टी डकार से राहत देती है। इससे तनाव कम होने के साथ सिरदर्द में भी -आराम मिलता है।



**3. अजवाइन की चाय :** गैस और अपच से परिशान हैं, तो एक गिलास पानी को गर्म कर उसमें चौथाई चम्मच - अजवाइन डालकर उबालें और पीएं।

**4. अदरक की चाय :** यह चाय पीने से सलाइवा का अधिक निर्माण होता है, इससे खाना पचाने में मदद मिलती है। ज्यादा खा लिया है तो इस चाय को पीने से आराम मिलेगा।

**5. नींबू पानी :** नींबू पानी पीने से इम्युनिटी मजबूत होने के साथ शरीर भरपूर ऊर्जा भी मिलती है।



# दवाओं के सेवन में सावधानी जरूर बरतें

जानकारी



डा. हर्षल साल्वे
एडिशनल प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन, एम्स, नई दिल्ली



यदि आप डाक्टर के परामर्श के बिना ही एंटीबायोटिक दवाएं केमिस्ट से, -आनलाइन या किसी एप से मंगाकर ले रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है।

कोई भी एंटीबायोटिक दवा कब - और कितनी मात्रा में लेनी है, यह निर्णय केवल विशेषज्ञ डाक्टर ही कर सकता है। दवाओं के असंतुलित प्रयोग के कारण तरह-तरह की बीमारियों पर एंटीबायोटिक - और एंटीवायरल दवाएं बेअसर होने लगती हैं। इससे बीमारियों के फैलने और गंभीर होने की आशंका बढ़ जाती है।

**क्यों बेअसर हो रही हैं एंटीबायोटिक दवाएं :** एंटीबायोटिक और एंटीवायरल दवाओं के प्रति प्रतिरोध पैदा होने के पीछे दो बड़े कारण हैं। पहला, **अगर एंटीबायोटिक का इस्तेमाल अधिक और जहां जरूरत नहीं है, वहां भी करते हैं तो बैक्टीरिया की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।** एक बार जब बैक्टीरिया किसी एंटीबायोटिक दवा के प्रति प्रतिरोध बना लेता है, तो फिर कितना भी दवा का इस्तेमाल करें, उसका असर नहीं होता। इसके बाद उच्च क्षमता वाली एंटीबायोटिक दवाएं दी जाने लगती हैं, जो कि बहुत गंभीर बीमारियों में दी जानी होती हैं। इससे बीमारी ठीक होने में काफी समय लगने लगता है। दूसरा कारण, अस्पताल में होने वाला संक्रमण है।

ज्यादातर गंभीर संक्रमण और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) अस्पतालों में फैलता है, इसलिए वहां संक्रमण रोकना बहुत जरूरी होता है। रेजिस्टेंस बैक्टीरिया से यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन (यूटीआई) या रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन का जोखिम रहता है।

आजकल ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) में भी रेसिस्टेंट बैक्टीरिया देखे जा रहे हैं। सामान्य बीमारियों में प्रयोग में लाई जाने वाली कई दवाएं इन बैक्टीरिया पर काम नहीं कर रही हैं, इसलिए नई दवाएं देनी पड़ रही हैं।

नई दवाओं के दुष्प्रभाव भी ज्यादा होते हैं। उच्च क्षमता के एंटीबायोटिक महंगे भी होते हैं। एंटीबायोटिक का विवेकपूर्ण इस्तेमाल एंटीबायोटिक प्रतिरोध इसके अत्यधिक इस्तेमाल के कारण होता है थोड़ी सर्दी- खांसी या बुखार हो जाने पर ही हम एंटीबायोटिक दवाएं लेना शुरू कर देते हैं। खासकर रेस्पिरेटरी संक्रमण या डायरिया जैसी बीमारियों में भी ऐसी दवाएं लेना जोखिम भरा हो सकता है। बच्चों में रेस्पिरेटरी संक्रमण, डायरिया संबंधी समस्याएं वायरस के कारण होती हैं। आमतौर पर यह चार से पांच दिनों में स्वतः ठीक हो जाता है। इसमें एंटीबायोटिक लेने से शरीर पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और परिणाम आगे दिखाई देता है यानी जब बैक्टीरिया या वायरस का आगे कभी संक्रमण होता है, तो उस समय दवा लेने पर भी उसका सही प्रभाव नहीं दिखाई देता । जब बीमारी गंभीर किस्म की हो जाती है, तो उसे नियंत्रित करने में समस्या आती है। ऐसे में बच्चों को जब वायरल संक्रमण होता है, तो उसका लक्षण देखते हुए थोड़ी सतर्कता बढ़ानी होती हैं।

### इन बातों का ध्यान रखें

- अपनी मर्जी से कभी भी कोई एंटीबायोटिक दवानले
- डाक्टर लिख रहे हैं, तो पता कर लें कि यह दवा किसलिए है और इसका क्या प्रभाव होगा।
- आजकल आनलाइन और एप आधारित फार्मेसी चल रही है, इनसे भी एंटीबायोटिक दवाएं ले रहे हैं। ऐसा करने से बचना चाहिए । अन्य दवाओं को लेकर भी सतर्कता जरूरी है।

# जीवनशैली व उपचार बचाएगा अर्थराइटिस से

काम की बात

विश्वभर में अर्थराइटिस (गठिया) सबसे सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। इस बीमारी के प्रति लोगों में उतनी जागरूकता नहीं है, जितनी हृदय रोगों या डायबिटीज को लेकर है। अर्थराइटिस से बचाव भी आपके हाथ में है और इससे ग्रसित होने पर तुरंत जांच और समय रहते उपचार कराने के पश्चात सामान्य जीवन जीना भी।

अर्थराइटिस जोड़ों से संबंधित एक स्वास्थ्य समस्या है। इसमें जोड़ों में सूजन आ जाती है, तेज दर्द व जलन के साथ उन्हें हिलाने-डुलाने में भी तकलीफ होती है। अर्थराइटिस किसी को किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ इसके मामले अधिक देखे जाते हैं। बदली जीवनशैली, खानपान की गलत आदतें, शारीरिक सक्रियता की कमी के कारण युवा भी तेजी से इसके शिकार हो रहे हैं। अर्थराइटिस के कई प्रकार हैं, लेकिन आस्टियो अर्थराइटिस और रूमैटाइड अर्थराइटिस इसके सबसे सामान्य रूप हैं।

**आस्टियो अर्थराइटिस :** सभी प्रकार के अर्थराइटिस में से आस्टियो अर्थराइटिस के मामले सर्वाधिक होते हैं। यह तब होता है, जब हड्डियों का सुरक्षात्मक आवरण जिसे कार्टलिज कहते हैं, क्षतिग्रस्त हो जाता है।



कार्टिलेज जोड़ों की हड्डियों को आपस में रगड़ने, घिसने और क्षतिग्रस्त होने से बचाता है।

**रूमैटाइड अर्थराइटिस :** रूमैटाइड अर्थराइटिस में जोड़ों के आसपास के ऊतक क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। इसके कारण मांसपेशियां और लिगामेंट्स भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। शुरुआती स्टेज में यह शरीर के छोटे जोड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन बाद में बड़े जोड़ जैसे कंधे, कूल्हे और घुटने भी इससे प्रभावित हो जाते हैं। रूमैटाइड अर्थराइटिस स्थायी दिव्यांगता का कारण भी बन सकता है।

**कारण**

- उम्र का बढ़ना। चोट लग जाना।
- शरीर का भार सामान्य से अधिक होना।
- धूमपान और अल्कोहल का अधिक मात्र में सेवन।
- शारीरिक सक्रियता की कमी।
- आस्टियोपोरोसिस।
- कुपोषण।
- आनुवांशिक कारण।

अर्थराइटिस से बचाव आपके हाथ में है। इससे ग्रसित होने पर तुरंत जांच और समय रहते उपचार कराने के पश्चात जिया जा सकता है सामान्य जीवन..

**प्रमुख लक्षण**

- जोड़ों का कड़ा और कमजोर हो जाना।
- जोड़ों को हिलाने-डुलाने में परेशानी होना।
- जोड़ों में दर्द, सूजन और जलन होना।
- सुबह नींद से उठने पर तेज दर्द महसूस होना।
- सीढ़ियां चढ़ने-उतरने और नीचे फर्श पर बैठने में परेशानी होना।
- हड्डियों के चटकने की आवाज आना।

**बचने के उपाय**

- संतुलित, पोषक और घर के बने पौष्टिक खाने का सेवन करें।
- खानपान में फलों, सब्जियों और साबुत अनाज को अधिक मात्र में शामिल करें।
- शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या वाक करें।

## संक्षिप्त खबरें

### भाभा विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का रंगारंग समापन



**जागरण, भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दो सप्ताह से चल रहे दीक्षारम्भ कार्यक्रम का भव्य समापन गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि, मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, दृढ़ निश्चय और नवाचार अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को देश के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया। विशिष्ट अतिथि निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सदस्य (प्रशासनिक) महेश चंद्र चौधरी ने छात्रों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध संस्कृति की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह में चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर एवं कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर ने भी विद्यार्थियों के उच्च्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय में नवग्रह वाटिका, अभिव्यक्ति क्लब, अनलोड पिटारा, एड मेड क्लब और फार्मेसी विभाग के इंटरप्रेन्योर केंद्र का लोकार्पण किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। दंत चिकित्सा विभाग की व्हाइट कोट सेरेमनी भी इस अवसर पर आयोजित हुई। दो सप्ताह के इस अभिमुखीकरण कार्यक्रम में छात्रों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना, शोध अवसरों, नैतिक मूल्यों और करियर विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

### प्रो. दहिया को मिलेगा पुष्पेंद्र पाल सिंह मॉस कम्युनिकेशन टीचर अवार्ड



**भोपाल।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मॉस कम्युनिकेशन नई दिल्ली की प्रो. सुरभि दहिया को पुष्पेंद्र पाल सिंह मास कम्युनिकेशन एंड पीआर टीचर अवार्ड 2025 से अलंकृत किया जाएगा। यह अवार्ड 13 से 15 दिसंबर 2025 तक देहरादून में आयोजित 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया जाएगा। प्रो. सुरभि दहिया को इस उपलब्धि पर पीआरएसआई के भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी, सचिव डॉ. पंकज मिश्रा, कोषाध्यक्ष केके शुक्ला सहित भोपाल चैप्टर के समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने बधाई दी है। प्रो. सुरभि दहिया भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में मीडिया बिजनेस स्टडीज विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं। इससे पहले वे अंग्रेजी पत्रकारिता और विज्ञापन जनसंपर्क की पाठ्यक्रम निदेशक, छात्र कल्याण डीन और कम्युनिकेटर पत्रिका की संपादक रह चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, प्रोफेसर दहिया ने कई मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

# भोपाल सीएमएचओ का कारनामा, शासन को भेजी अरनव अस्पताल की भ्रामक रिपोर्ट

### जिनको बताया अस्पताल में कार्यरत, उन्हीं ने खोली पोल

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में बहुचर्चित नर्सिंग घोटाला होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने कोई सबक नहीं लिया है। जिसकी बानगी हाल ही में सामने आई है। जहां एनआरआई नर्सिंग कॉलेज से जुड़े अरनव अस्पताल की एक भ्रामक रिपोर्ट तैयार कर उसे शासन को भेजा गया है। इस रिपोर्ट में जिन लोगों को अरनव अस्पताल का डॉक्टर या स्टाफ नर्स बताया गया है, उन्होंने खुद इस बात का खंडन किया है और इस मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि हमने कभी अरवन अस्पताल या एनआरआई नर्सिंग कॉलेज में काम नहीं किया। फिर हमारा नाम क्यों इस रिपोर्ट में बतौर स्टाफ डाला गया। यह धोखा है।



#### मान्यता मिलने के बाद हुआ निरीक्षण

दरअसल यह भ्रामक रिपोर्ट आनन फानन में तैयार की गई है। क्योंकि अरनव अस्पताल एनआरआई नर्सिंग कॉलेज से जुड़ा है। नियमानुसार मान्यता के लिए कॉलेज के पास खुद का अस्पताल होना चाहिए। जब एनआरआई कॉलेज को नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा मान्यता दे दी गई तो इसके विरोध में एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया। संगठन द्वारा कई स्तर पर शिकायत की गई। शिकायत के बाद शासन ने तत्काल अरनव अस्पताल की निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश कर दिए। इस निर्देश के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जांच दल गठित किया गया। जिसमें सीएमएचओ कार्यालय के डॉ. रितेश रावत और डॉ. अभिषेक सेन को शामिल किया गया।

#### एनएसयूआई ने दिया धरना

अरनव अस्पताल की भ्रामक रिपोर्ट तैयार करने के विरोध में गुरुवार को सीएमएचओ कार्यालय पर एनएसयूआई ने धरना दिया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आरोप लगाया कि यह सब मिली भगत है। सीएमएचओ कार्यालय फर्जी नर्सिंग कॉलेज और उनके अस्पतालों को मदद कर रहा है और बचाने की कोशिश कर रहा है। परमार ने शासन से इस मामले में तत्काल प्रभाव से डॉ. रितेश और डॉ. अभिषेक को निलंबित करने की मांग की है। इसी के साथ कॉलेज व अस्पताल की मान्यता भी रद्द करने की मांग की गई है।

#### सीएमएचओ बोले, कुछ कन्फ्यूजन है

इस मामले में जब भोपाल सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एनआरआई नर्सिंग कॉलेज परिसर में दो अस्पताल संचालित हैं। शायद हमारे अधिकारी किसी ओर अस्पताल का निरीक्षण कर आए हैं। मैं इस मामले को दिखवाता हूं कि कहां गलती हुई है। यदि किसी ने जानबूझकर गलत रिपोर्ट बनाई है तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल पंप के मालिक का नाम पूछकर बाइक सवार बदमाश ने चलाई गोली

### पेट्रोल पंप के कैमरे थे बंद, भाई पर संदेह, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** परवलिया इलाके में देर रात पेट्रोल पंप पर गोली चल गई। नकाबपोश बाइक सवार बदमाश ने पेट्रोल पंप के मालिक का नाम पूछा और आफिस की ओर चला दी। गोली दीवार में लगी। पुलिस ने खाली खोखा बरामद किया है। घटना के वक्त पेट्रोल पंप के कैमरे बंद थे। मालिक ने अपने भाई पर संदेह जताया है। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। पुलिस का कहना है कि पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद है।

पुलिस ने कर्मचारी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परवलिया पुलिस के मुताबिक, परवलिया इलाके में भोपाल ब्यावरा रोड पर लईक खान का एचपी का पेट्रोल पंप है। इसी के पीछे उनका मकान है, जहां वह रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती 8 दिसंबर की रात करीब साढ़े दस बजे वह घर पर थे। पंप पर उनका कर्मचारी रामदास राजपूत ड्यूटी पर था। तभी नकाबपोश बाइक सवार आया। उसने पूछा यह किसका पेट्रोल पंप है। रामदास ने बताया कि लईक भाई का। यह सुनते ही उनके कमर से पिस्तौल निकाली और आफिस की तरफ चला दी। इसके बाद वह भाग निकला। पहले वह परवलिया की ओर गया। बाद में बाइक की लाइट बंद करके भोपाल की ओर फरार हो गया। अगले दिन पुलिस ने घटनास्थल से एक खाली खोका बरामद किया है। लईक ने पुलिस को बताया कि उनके छोटे भाई तारिक से उनका पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी को लेकर विवाद है। उन्होंने भाई पर शक जताया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परवलिया इलाके में कल देर रात बाइक सवार अज्ञात बदमाश ने फायरिंग कर दी। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी, लेकिन पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है। क्योंकि घटना के समय कैमरे बंद कर दिए गए थे। हालांकि पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी हे।

## लोकायुक्त का एक्शन, एक दिन में पांच घूसखोर अधिकारी-कर्मचारी रंगे हाथ ट्रेप

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस ने प्रदेश में पांच स्थानों पर घूस मांग रहे सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ा है। झाबुआ में जनजातीय कार्य विभाग में पदस्थ लेखापाल जामसिंह अमलियार को पेटलावद के मा. विद्यालय अंबापाडा में पदस्थ शिक्षक शांतिलाल वसुनिया से 14500 की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की इंदौर यूनिट ने पकड़ा। एकाउंटेंट ने टीचर के खिलाफ शिकायत को खत्म करने 50 हजार की घूस मांगी थी। अयोग्य शिक्षकों को पदस्थ करने संबंधी एक शिकायत थी, जिसके संबंध में सहायक आयुक्त ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

**लटेरी का सब इंजीनियर 30 हजार लेते पकड़ाया:** लोकायुक्त पुलिस की भोपाल यूनिट ने विदिशा जिले में जनपद पंचायत लटेरी के उपयंत्री (सब इंजीनियर) को 30 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसपी लोकायुक्त भोपाल दुर्गेश राठौर के अनुसार लटेरी जनपद में आने वाली ग्राम पंचायत धीरगढ़ के निलंबित पंचायत सचिव कन्हैयालाल शर्मा और लाखन सिंह ने शिकायत में बताया था कि सब इंजीनियर रामगोपाल यादव गांव में बनाई गई सड़क का वेल्युएशन करने के एवज में 40 हजार की घूस मांगी थी। इंजीनियर ने दोनों को रिश्वत लेकर लटेरी के बजाय गंजबासौदी की ड्रीम सिटी कॉलोनी स्थित घर बुलाया।




#### सहकारिता निरीक्षक, रीडर और स्टेनो ले रहे थे रिश्वत

लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने नरसिंहपुर के सहकारिता निरीक्षक संजय दुबे को गुरुवार को 3 हजार की रिश्वत लेते दबोचा। संजय ने गोटेगांव तहसील की सहकारी समिति सिमरिया में पदस्थ स्टाफ का अक्टूबर और नवंबर माह का वेतन जारी करने के एवज में 5 हजार रुपए मांगे थे। गुरूवार को समिति के सहायक प्रबंधक देवी तिवारी से उपायुक्त कार्यालय नरसिंहपुर में घूस की पहली किस्त के रूप में 3 हजार लेते टीम ने दबोचा। गुरुवार को ही लोकायुक्त पुलिस की जबलपुर यूनिट ने बालाघाट की बिरसा तहसील में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 राजकुमार रामटेके को भी 3000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। रामटेके ने तहसील में चल रहे एक कानूनी प्रकरण को समाप्त करने के लिए किसान से घूस ली थी। इसके अलावा लोकायुक्त पुलिस की ग्वालियर टीम ने शिवपुरी में अपर कलेक्टर कोर्ट के स्टेनो मोनू शर्मा को 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित किया जीवन: सीएम

### आंध्र प्रदेश: प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम शामिल हुए मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न अटल बिहारी देश के तीन बार प्रधानमंत्री रहे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए, जिसकी आज भी दुनिया भर में चर्चा होती है। उन्होंने राष्ट्र की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है। सीएम डॉ. यादव गुरुवार को आंध्र प्रदेश के सत्य साईं जिले में आने वाले धर्मावरम में स्व. वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व. वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान पोखरण में परमाणु परीक्षण किया गया, तो कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया गया। उन्होंने देश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी बड़ी सौगात दी। ऐसी कई योजनाएं उनके कार्यकाल में शुरू की गईं, जो वर्तमान में देश के लिए वरदान साबित हो रही हैं। डॉ.यादव ने कहा कि स्व. वाजपेयी हिमालय के समान विराट व्यक्तित्व के धनी थे। पूरी दुनिया में उनका एक अलग ही सम्मान है। वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे। डॉ. यादव ने कहा कि धर्मावरम में स्व. वाजपेयी ने देश-दुनिया में अपनी प्रतिभा के बल पर नाम कमाया।



#### सीएम यात्रा में हुए शामिल

गौरतलब है कि गुरुवार को आंध्र प्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष में 15 दिवसीय अटल ज्योति संदेश यात्रा की शुरुआत हुई है। यह यात्रा आंध्र प्रदेश के 20 जिलों तक पहुंचेगी और 25 दिसंबर को स्व. वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यात्रा का समापन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसी यात्रा में शामिल हुए।

## सायबर अपराध चुनौती इसलिए तकनीकी समक्ष होना जरूरी : मोनिका

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पुलिस कमिश्नरेट के थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सायबर अपराधों में दक्षता बढ़ाने के मकसद से गुरुवार को दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। शुभांरभ मौके पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) मोनिका शुक्ला ने बताया कि विगत वर्षों में सायबर अपराधों में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई है। सायबर ठग भोली-भाली जनता की मेहनत की कमाई को निशाना बना रहे हैं, जिससे आमजन को आर्थिक हानि होने के साथ-साथ ऐसे मामलों का अनुसंधान पुलिस के लिए भी चुनौतीपूर्ण बन गया है। आधुनिक सायबर अपराधों के स्वरूप, तकनीकी पेचीदगियों और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के लिए पुलिसकर्मियों का तकनीकी रूप से सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीनतम सायबर ट्रेंड, डिजिटल फॉरेंसिक, ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीकों, सोशल मीडिया अपराधों तथा तकनीकी अनुसंधान की बारीकियों से अवगत कराएगा।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## दीपावली को विश्व धरोहर घोषित करना गर्व का विषय

*इसमें दो राय नहीं है कि हमारी अमूर्त विरासतें प्राचीन और आधुनिक सभ्यता के बीच पुल का काम करती हैं। यह महज एक स्मृति नहीं, वरन एक निरंतर बहती जीवंत विस्तारित नदी की भांति है। इसी आलोक में दिवाली को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया जाना हर भारतीय के लिये गर्व व सुकून का विषय है। निस्संदेह, दिवाली हमारी सनातन संस्कृति व सभ्यता की आत्मा रही है। प्रकृति के अहसासों के अनुरूप अंधेरे के खिलाफ उजाले की जंग की प्रतीक। समाज में समता का संदेश की गरीब के घर भी भरपूर रोशनी पहुंचे। किसी भी समाज में कुम्हार, मूर्तिकार, खील बताशे वाले से लेकर व्यापारी के घर तक लक्ष्मी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि दिवाली को यह स्थान मिलने से पहले कुंभ मेले समेत देश की 15 धरोहरें इस सूची में शामिल हैं।*

*इस वर्ष 19 अक्तूबर को दीपोत्सव पर अयोध्या में सरयू की राम पैड़ी पर जब 26.17 लाख दीये जलाये गए थे तो इस उपलब्धि का प्रकाश पूरी दुनिया में फैला था। गिनीज बुक आफ विश्व रिकॉर्ड्स में आयोजन दर्ज हुआ था। इस के बाद ही संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को ने अमूर्त विश्व धरोहर सूची में दिवाली को शामिल किया है। इससे पहले कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य, दुर्गा पूजा आदि इस सूची में शामिल हैं।*

*उल्लेखनीय है कि भारत यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैंजिबल हेरिटेज की बीसवीं बैठक की दिल्ली में मेजबानी कर रहा है, जो 13 दिसंबर को समाप्त होगी। दिवाली को संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा मानकर देश के विभिन्न भागों में दस दिसंबर को दीपावली समारोह आयोजित करने का भी फैसला लिया गया था। मकसद यही था कि ताकि विश्व के सामने इस पर्व को मजबूत सांस्कृतिक पहचान के रूप में पेश किया जा सके। निस्संदेह, दिवाली न केवल संस्कृति-प्रकृति से जुड़ी है बल्कि ज्ञान व सनातन धर्म की भी पर्याय है। निस्संदेह, इस घोषणा से इस पर्व को वैश्विक मान्यता मिल सकेगी।*

*दरअसल, यूनेस्को ऐसी सांस्कृतिक व पारंपरिक चीजों को इस सूची में शामिल करता है जो मूर्त रूप में तो नहीं होती, मगर किसी समाज में उसकी व्यापक मान्यता होती है। वास्तव में, यूनेस्को के ऐसे प्रयासों का मकसद यही रहा है कि आने वाले समय में दुनिया की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें। जिससे भविष्य की पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके। दरअसल, इस घोषणा के बाद भारत दीपावली के निहितार्थ अंधकार से प्रकाश की ओर जाने के संदेश को पूरी दुनिया को दे सकेगा। इस बार की सूची में दुनिया की जीवित परंपराओं, सामाजिक प्रथाओं, त्योहारों, लोककला व पंरपारिक ज्ञान प्रणालियों को सुरक्षित रखने वाली दुनिया की बीस अमूर्त विरासतों को इस सूची में जगह दी गई। कई पीढ़ियों से सहेजी गई विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है यूनेस्को की पहल। निस्संदेह, ये धरोहरें विश्व के विभिन्न समुदायों की पहचान का हिस्सा हैं। सही मायनों में वैश्वीकरण के दौर में सांस्कृतिक विविधता को अक्षुण्ण बनाये रखने में मददगार साबित होंगी। निश्चय ही भारतीय संस्कृति की अमिट धरोहर वाला पर्व दीपावली का विश्व धरोहर की सूची में शामिल होना भारतीयों के लिये गर्व की बात है। जिसकी बानगी दिल्ली व देश के अन्य भागों में दूसरी दिवाली मनाने के रूप में नजर आई।*

*निश्चय ही इस फैसले से भारतीय सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई मान्यता मिलेगी। दुनिया इस पर्व की भावनात्मकता के इतर इसकी आध्यात्मिकता व सामाजिक समरसता के संदेश से रूबरू हो सकेगी। निस्संदेह, यह पर्व भारतीय संस्कृति और लोकाचार से गहरे तक जुड़ा है। अब हमारी भी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि दीपावली हमेशा समृद्ध विरासत बनी रहे। दुनिया में उजाले की अंधेरे पर जीत का संदेश निरंतर जाता रहे। जो शाश्वत मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश भी है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारत की इस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के गहरे संदेश का पूरी दुनिया अंगीकार कर सकेगी।*

# उड्डयन क्षमता की कमी से जुड़ा है मौजूदा एयरलाइन संकट

उड्डयन संसाधन

प्रभु चावला

जो बाजार दो कंपनियों के अधिकार या एकाधिकार में बदल जाता है, वहां उपभोक्ता के संप्रभु भागीदार होने का दर्जा छिन जाता है और वह आपूर्ति पाने वाले में बदल जाता है, और इस तरह अपनी गरिमा और चुनने के अधिकार से वंचित हो जाता है। ऐसे में, उसके हिस्से में जो भी आता है, वह उसे लेने को मजबूर होता है। हवाई यात्रा में खुले चुनाव का भ्रम तो उसी दिन हवा हो गया था, जब राष्ट्रीय उड्डयन की शर्तें दो बड़े खिलाड़ी तय करने लगे थे। जब निजी वर्चस्व सार्वजनिक प्राधिकार की आभा धूमिल करता है, तब राज्य का दायरा सिकुड़ने लगता है।

पिछले सप्ताह भारत के नागरिक उड्डयन के परिदृश्य में यही देखने को मिला, जब एक एयरलाइन द्वारा ऑपरेशन की क्षमता ध्वस्त होते ही पूरा देश विभ्रम, उथल-पुथल और शोषण में गर्क हो गया। देश के विमानन क्षेत्र में 63 फीसदी की चौंकाने वाली हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो अपने ऑपरेशंस को लापरवाही के हद तक ले गयी। नतीजतन, तीन दिन में उसकी 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और 10 लाख से अधिक यात्रियों के लिए जीवन जैसे एकाएक ठहर गया- शादियां रुक गयीं, अतिथिगण गंतव्य तक नहीं पहुंच सके और असंख्य परिवार अधर में लटक गये। हवाई अड्डे देखते-देखते भारी थकावट और असहनीय क्षोभ के केंद्र बन गये। जब पूरा देश उबल उठा, तब सरकार ने प्रतिक्रिया दिखायी। दोषी उड्डयन दिग्गज से जवाबदेही मांगने के बजाय सरकार ने पायलटों को आराम देने से संबंधित अपने 18 महीने पुराने नियमों को फौरी तौर पर वापस ले लिया। रेगुलेशन से जुड़े निर्णायक कदम उठाने का समय राजनीतिक रूप से कदम खींचने का उदाहरण बन गया, जिससे यह संदेश गया कि ताकतवर सरकार ने एयरलाइन के अधिकार और उसकी आक्रामकता के आगे समर्पण कर दिया है। इसका नतीजा सिर्फ असुविधाजनक नहीं, बल्कि डरावना रहा। सिंगापुर के उच्चायुक्त अपने एक कर्मचारी की शादी में शामिल नहीं हो सके। उड़ानों के लगातार रद्द होने के बीच एक नये-नवेले जोड़े ने अपने ही रिसेप्शन में ऑनलाइन हिस्सेदारी की। और इन असुविधाओं के बदले उस एयरलाइन ने क्या दिया? उसने कॉरपोरेट शब्दावली में सिर्फ बहाने बनाये। उसने तकनीकी परेशानियों, मौसम संबंधी दिक्कतों, हवाई अड्डों की भीड़ और एफटीडीएल-यानी पायलटों के आराम संबंधी नये नियमों को दोष दिया, जबकि एफटीडीएल नियम रातोंरात नहीं तय हुआ था, इसका फैसला महीनों पहले लिया गया था। एयरलाइंस के पास पायलटों और क्रू की नियुक्तियों के लिए और रोस्टर की नयी व्यवस्था बनाने के लिए पर्याप्त समय था, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने सरकार को अपनी इच्छा के मुताबिक चालित करने के बारे में सोचा और इसमें कामयाब रहे। नागरिक उड्डयन मंत्री की प्रतिक्रिया ने इस बीमारी के बारे में ही बताया। हवाई अड्डों पर व्याप्त अराजकता पर जब लोगों का गुस्सा भड़का, तब भी वह निष्क्रिय थे। जब संसद में इस पर सवाल उठे, तब वह सामने आये।




> जब निजी वर्चस्व सार्वजनिक प्राधिकार की आभा धूमिल करता है, तब राज्य का दायरा सिकुड़ने लगता है। मौजूदा संकट को देश की उड्डयन क्षमता की कमी से अलग करके नहीं देखा जा सकता। एक अरब चालीस करोड़ के देश में बमुश्किल आधा दर्जन एयरलाइंस हैं। घरेलू यात्रियों का आंकड़ा 2019 के 14 करोड़ से बढ़कर 2025 में 40 करोड़ हो चुका है। भारत को सालाना जितने पायलटों की जरूरत है, देश उसके आधे से भी कम पैदा करता है। इस संकट के लिए डीजीसीए भी उतना ही जिम्मेदार है। उसके द्वारा जारी सलाहों को एयरलाइंस खारिज करती आयी हैं।

वह इंडिगो को मामूली चेतावनी देते, निष्फल बैठकें करते और प्रतीकात्मक निरीक्षण करते दिखे। सरकार द्वारा पायलटों के आराम के लिए बनाये गये अपने ही नियम से पीछे हटना शक्तिहीनता और कॉरपोरेट दबाव के आगे झुकने का स्पष्ट उदाहरण था। इस बीच एयर इंडिया की कमजोरी भी सामने आयी। सुस्ती, पुराने पड़ चुके विमान और अपनी आंतरिक दुर्बलता के लिए कुख्यात एयर इंडिया ने भी इस दौरान अपनी उड़ानें रद्द कीं। विपक्ष ने यह मौका लपका और सरकार से कुछ असुविधाजनक सवाल पूछे। उसने केंद्र की भाजपा सरकार को उड्डयन क्षेत्र में एकाधिकार की स्थिति पैदा करने का जिम्मेदार बताया।

अलबत्ता मौजूदा संकट को देश की उड्डयन क्षमता की कमी से अलग करके नहीं देखा जा सकता। एक अरब चालीस करोड़ के देश में बमुश्किल आधा दर्जन एयरलाइंस हैं। कुल 839 रजिस्टर्ड विमानों में से 680 ही सक्रिय हैं। इनमें से आधे से अधिक का स्वामित्व इंडिगो के पास है। तस्वीर का दूसरा रुख यह है कि घरेलू यात्रियों का आंकड़ा 2019 के 14 करोड़ से बढ़कर 2025 में 40 करोड़ हो चुका है। भारत को सालाना जितने पायलटों की जरूरत है, देश उसके आधे से भी कम पैदा करता है। ऐसे में, पायलटों का संकट तो एफटीडीएल के शुरू होने के पहले से ही था। नये नियमों के हिसाब से इंडिगो को और पायलटों की आवश्यकता थी, लेकिन उसने समय रहते भर्ती नहीं की। इंडिगो के बेड़े में 400 से अधिक विमान हैं। इस नाते उसे ध्यान रखना चाहिए था, जो कि उसने नहीं रखा। उसकी गलती यहीं तक सीमित नहीं है। नवंबर के अंत में जब उसे लगा था कि उसका सिस्टम गड़बड़ाने लगा है, तब उसे कंट्रोल रूम की क्षमता बढ़ानी चाहिए थी, ताकि ऐसी हालत पैदा होने पर यात्रियों को रियल टाइम जानकारी दी जाती। उससे यात्री घर बैठे ही यह जान पाते कि उनकी उड़ानों की क्या स्थिति है। यात्रियों की परेशानी इसलिए भी बढ़ी, क्योंकि उन्हें अपनी उड़ानों के बारे में सही जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई। सवाल है कि इंडिगो को एयरलाइन चलानी है या नहीं।

इस संकट के लिए डीजीसीए भी उतना ही जिम्मेदार है। उसके द्वारा जारी सलाहों को एयरलाइंस खारिज करती आयी हैं। उड़ानें रद्द हो जाती हैं और यात्रियों के लिए भरपाई की व्यवस्था नहीं होती। इस पूरे प्रसंग में डीजीसीए की भूमिका पर भी ध्यान देने की जरूरत है। क्या उसे सचमुच इंडिगो की जमीनी स्थिति की जानकारी नहीं थी? एफटीडीएल नियम लागू होने से पहले इसके लिए कई महीनों की एक्सरसाइज की गयी। सभी एयरलाइंस को इसकी पहले से जानकारी थी। डीजीसीए को चाहिए था कि नियम लागू करने से पहले वह सभी एयरलाइंस की बैठक करता, जिसमें उनकी उड़ानों के शेड्यूल के हिसाब से उनसे पायलट और अन्य क्रू मेंबर की संख्या ली जाती। इससे पहले ही पता लग जाता कि नये नियम लागू होने के बाद कितने पायलटों की कमी हो सकती है। इंडिगो की गलती तो बड़ी है ही, उस पर डीजीसीए के रवैये ने भी पायलटों को क्षुब्ध कर दिया है। मौजूदा प्रसंग से दो बातों पर ध्यान देने की जरूरत बढ़ी है। एक तो यह कि विमानन क्षेत्र में किसी एक कंपनी का एकाधिकार ठीक नहीं। इसके अलावा इस संकट ने देश में प्रशिक्षित पायलटों की कमी को भी उजागर किया है। बिना समीक्षा के ही किराये बढ़ जाते हैं और रिफंड कभी समय पर नहीं मिलता। एयरलाइंस निडर हैं, क्योंकि डीजीसीए उनके बचाव में खड़ा रहता है। रेगुलेटर यानी विनियामक की इस विफलता की मानवीय कीमत बहुत अधिक है। हवाई अड्डों पर फंसे असहाय यात्रियों को महज आंकड़ों में नहीं मापा जा सकता। इसे परीक्षा देने से वंचित रह गये छात्रों की पीड़ा, मजदूरी से वंचित रह गये श्रमिकों के दर्द, समय पर इलाज न करा पाये मरीजों की व्यथा, और परिवार के बीच उपस्थित न हो सकने वाले माता-पिताओं के कष्ट के रूप में देखा जाना चाहिए। दुखद यह भी है कि कम वेतन पाने वाले और अपने नियोक्ताओं की मदद से वंचित हवाई अड्डों के कर्मचारीगण मुसाफिरों के गुस्से का निशाना बने।

भारत इस जोखिम भरे रास्ते पर यात्रा जारी नहीं रख सकता। नागरिक उड्डयन विलासिता से अब आर्थिक गतिविधियों, सामाजिक गतिशीलता और राष्ट्रीय एकीकरण की जीवनरेखा बन चुका है। लिहाजा, इसे आवश्यक ढांचागत प्रणाली के बजाय आकस्मिक व्यावसायिक क्षेत्र समझना तबाही को न्योता देना होगा। एक स्वायत्त उड्डयन प्राधिकरण का गठन भी समय की मांग है, जिसके पास जांच करने की स्वायत्तता, वित्तीय स्वतंत्रता और दंडित करने की क्षमता हो। विमानों के बेड़े में चरणबद्ध तरीके से वृद्धि करना और पायलटों के प्रशिक्षण को गति देने की आवश्यकता है। और सर्वोपरि, सरकार को सख्ती दिखानी होगी। एक अरब चालीस करोड़ की आबादी वाला देश उन दो निजी उड़ान कंपनियों का बंधक नहीं बन सकता, जिन्हें संकट के समय मुनाफा कमाने में महारत हासिल है। भारत के आसमान को कॉरपोरेट के सामने समर्पण की निशानी बनने नहीं दिया जा सकता। देश को स्पष्टता, साहस और दृढ़ विश्वास का परिचय देना होगा-अन्यथा उसे अपनी महत्वाकांक्षाओं को उन ताकतों द्वारा ध्वस्त होते देखना होगा, जिन पर इन्हें रफ्तार देने की जिम्मेदारी थी।

# कड़ी कार्रवाई के बिना नहीं रुकेंगे नाइट क्लब जैसे हादसे

प्रशासनिक तंत्र

उमेश चतुर्वेदी

उत्तर भारत की सर्दियां गोवा के लिए वरदान होती हैं। अरब सागर तटीय इस राज्य में सर्दियों में उत्तर भारतीय सैलानियों की आवक बढ़ जाती है। परंतु गोवा में वर्ष के अंतिम दिनों और अगले वर्ष की छुट्टियां मनाने का मन बना चुके सैलानियों में इस बार हिचक हो सकती है। वजह है वहां के मशहूर नाइट क्लब 'बर्क बाय रोमियो लेन' में लगी आग, जिसमें पांच सैलानी समेत पच्चीस लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी है। गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गयी निर्दोष जान ने सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी।

बताया जा रहा है कि अनधिकृत ढंग से इस नाइट क्लब का निर्माण किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण को तोड़ने के लिए गोवा की संबंधित पंचायत ने निर्देश भी दे रखा है। आग लगने की दशा में उसके रोकथाम और बचाव को लेकर नाइट क्लब में कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं था। यह क्लब बेहद संकरी जगह पर है, जहां आसानी से जाना संभव नहीं है।

भारत में नियमावलियां तो खूब बनायी गयी हैं। पर वे केवल दस्तावेजों के लिए हैं। जिन पर इन नियमावलियों को लागू करने की जिम्मेदारी है, इन्हें तोड़ने वालों को उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित करने-कराने की जवाबदेही है, वे अक्सर इनसे आंखें मूंद लेते हैं। कई बार नियम तोड़ने वालों से संबंध पलकों को मोड़ने का जरिया बनते हैं, तो कई बार रिश्वत की रकम का बोझ पलकों को झुकने के लिए मजबूर कर देता है। भारत के प्रशासनिक तंत्र का बड़ा हिस्सा इसी तरह की मानसिकता में काम करता है। वह दुर्घटनाओं और हादसों का इंतजार करता है। वह तभी जागता है, जब हादसे हो जाते हैं, मासूम जानें चली जाती हैं।

तब उसे नियमों की तेजी से याद आने लगती है। तब उसे अनधिकृत निर्माण भी दिखने लगता है, कार्रवाई की भी सूझने लगती है। कार्रवाई होती भी है। गोवा के इस क्लब के मालिकों पर भी होगी, पर इसका असर कितनी देर तक रहेगा, कहना मुश्किल है। क्योंकि वक्त बीतते-बीतते कार्रवाई में ढिलाई भी शुरू हो सकती है और यदि किसी सामाजिक संस्था, राजनीतिक व्यवस्था या न्यायिक व्यवस्था की निगाह उस पर नहीं पड़ी, तो कार्रवाई धीरे-धीरे टलती चली जायेगी, उसकी तासीर ठंडी होती जायेगी और फिर हो सकता है कि नियमों को तोड़ने वाले किसी और जगह नियम तोड़कर किसी और नाम से ऐसा ही नाइट क्लब चलाने लगें




> भारत में नियमावलियां तो खूब बनायी गयी हैं। पर वे केवल दस्तावेजों के लिए हैं। जिन पर इन नियमावलियों को लागू करने की जिम्मेदारी है, इन्हें तोड़ने वालों को उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित करने-कराने की जवाबदेही है, वे अक्सर इनसे आंखें मूंद लेते हैं। भारत के प्रशासनिक तंत्र का बड़ा हिस्सा इसी तरह की मानसिकता में काम करता है। वह दुर्घटनाओं और हादसों का इंतजार करता है। वह तभी जागता है, जब हादसे हो जाते हैं, मासूम जानें चली जाती हैं।

भारत में अंग्रेजों ने प्रशासनिक ढांचा अपना राजकाज चलाने के लिए बनाया था। देखते-देखते यह तंत्र स्टील फ्रेम में तब्दील होता चला गया। संविधान सभा ने भारत के भावी प्रशासनिक तंत्र की रूपरेखा को लेकर गंभीर चर्चा की थी। उसका उद्देश्य एक ऐसा ढांचा तैयार करना था जो स्वतंत्र भारत के लिए प्रभावी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति जवाबदेह हो।

संविधान सभा के सदस्यों को आशंका थी कि भारत की भावी नौकरशाही भारतीय मूल्यों और भारतीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हो पायेगी। इसलिए संविधान सभा में तत्कालीन सदस्यों ने नौकरशाही की भूमिका पर न केवल व्यापक चर्चा की, बल्कि उसकी राजनीतिक तटस्थता, कार्यक्षमता, जवाबदेही और नये स्वतंत्र राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में उसकी स्थिति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। प्रश्न है कि क्या संविधान सभा की बहसों के अनुरूप आज की नौकरशाही बन पायी है। उसके अधिकांश हिस्सों को देखिए, तो लगता है कि बिल्कुल नहीं। आज भी उसमें अंग्रेजी राज जैसी अकड़ है, उसका ध्यान ज्यादातर अपनी ताकत को बचाये रखने और उसके जरिये आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने पर है। बिना प्रशासनिक मिलीभगत के यह कल्पना बेकार है कि किसी नाइट क्लब में अवैध निर्माण होगा, वह संकरी गलियों में चलेगा और उसमें सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी होंगे।

हाल के दिनों में सड़कों पर बसों के आग का गोला बनने की घटनाएं भी बढ़ी हैं, अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर भी चले हैं। पर क्या खटारा बसें बिना प्रशासनिक मिलीभगत और लापरवाही के चल सकती हैं, क्या अवैध निर्माण बिना प्रशासनिक सहयोग के हो सकता है? नहीं। जब भी हादसे होते हैं, संबंधित बस मालिक के खिलाफ कार्रवाई हो जाती है, अवैध निर्माण गिरा दिये जाते हैं। पर इन सबके लिए प्रशासनिक रूप से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती।

जब भ्रष्ट प्रशासनिक तंत्र के बिना कोई नाइट क्लब नियमों को तोड़ते हुए निर्माण नहीं करा सकता, रोकथाम के उपायों की अनदेखी नहीं कर सकता है, बिना तंत्र के सहयोग के कोई अवैध निर्माण नहीं कर सकता, बिना तंत्र की आंखें मूंदे कोई टूर ऑपरेटर खटारा बसों को सड़कों पर उतार नहीं सकता, तो उस तंत्र पर अंगुली क्यों न उठे, उस पर प्रहार क्यों न हो? जरूरत है कि अब हर गलत कार्य के लिए, गलत कार्य करने वाले, नियम तोड़ने वाले, कानून का उल्लंघन करने वाले को दोषी ठहराने की न्यायिक प्रक्रिया तो चले ही, इसके लिए परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार रहे अधिकारियों को भी जवाबदेह बनाया जाये, उन्हें दंडित किया जाये। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, तब तक देश में निर्दोष जानें जाती रहेंगी। पर लाख टके का प्रश्न यह है कि क्या इस तरीके से सोचने के लिए हमारा राजनीतिक ढांचा तैयार है?

प्रसंगवश

## धनी देशों की तंगदिली बढ़ा सकती है बाल मृत्यु दर

> धनी देशों द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य खर्च पर 27 फीसदी की कटौती की गई है। जिससे इस वर्ष दो लाख अतिरिक्त बच्चों की मौत की आशंका है। आर्थिक मदद से होने वाले टीकाकरण और बुनियादी इलाज से इन हालात को टाला जा सकता है।

इस सदी के ढाई दशक में बाल मृत्यु दर घटने को दुनिया की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया गया था, लेकिन अब इस सदी में पहली बार बाल मृत्यु दर में वृद्धि की आशंका जतायी जा रही है। गेट्स फाउंडेशन की रिपोर्ट बताती है दुनिया भले ही अमीर हो गई है लेकिन गरीब देशों के बच्चों पर होने वाला खर्च घटा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, धनी देशों द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य खर्च पर 27 फीसदी की कटौती की गई है। जिससे इस वर्ष दो लाख अतिरिक्त बच्चों की मौत की आशंका जतायी जा रही है। दरअसल, ये मौतें उन बीमारियों से हो सकती हैं, जिन्हें अमीर देशों से मिलने वाली मदद से होने वाले टीकाकरण और बुनियादी इलाज से टाला जा सकता था। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंतित हैं कि जिस समय दुनिया में संपत्ति सबसे तेजी से बढ़ रही है, उस समय गरीब देशों के बच्चों पर स्वास्थ्य खर्च का घट जाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। आशंका जतायी जा रही है कि यदि स्वास्थ्य सहायता में तीस प्रतिशत की कटौती हो जाती है तो वर्ष 2045 तक 1.6 करोड़ अतिरिक्त बच्चों की मौत हो सकती है। विडंबना देखिए कि इस आसन्न संकट को नजरअंदाज करके विकसित देश अपने रक्षा व आंतरिक खर्च को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

जबकि अमीर देशों द्वारा गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य के लिये दिया जाने वाला पैसा उनके बजट के एक फीसदी से भी कम है। गेट्स फाउंडेशन का विश्व के अमीर देशों से आग्रह है कि वे दुर्लभ संसाधनों को उन स्थानों पर लक्षित करें, जहां वे सबसे अधिक जीवन बचा सकते हैं। दरअसल, संकट में वे बच्चे हैं, जो अपना पांचवां जन्मदिन मनाने से पहले ही मृत्यु का ग्रास बन जाते हैं। इस संकट बढ़ने से दशकों से हासिल वैश्विक प्रगति बेकार हो जाएगी। निस्संदेह, दुनिया में कहीं भी पैदा हुए बच्चे को जीवित रहने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए।

दरअसल, गेट्स फाउंडेशन की गोलकीपर्स रिपोर्ट और वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन ने बताया कि 2024 में, 4.6 मिलियन बच्चों की पांचवें जन्मदिन से पहले मौत हो गई थी। आशंका है कि आर्थिक मदद में कटौती से इस वर्ष इस संख्या में दो लाख की वृद्धि से इसके बढ़कर 4.8 मिलियन बच्चों तक पहुंचने की आशंका है। जिसकी मूल वजह स्वास्थ्य के लिये वैश्विक मदद में आई बड़ी गिरावट है। इस वर्ष सहायता निधि में भारी कटौती के अलावा गरीब देशों के बढ़ते कर्ज, कमजोर स्वास्थ्य सिस्टम के चलते मलेरिया, एचआईवी और पोलियो जैसी बीमारियों के विरुद्ध हासिल उपलब्धियों को खोने का जोखिम बढ़ सकता है। हालिया रिपोर्ट बताती है कैसे प्रमाणित समाधानों और अगली पीढ़ी के नवाचारों में लक्षित निवेश से सीमित बजट में लाखों बच्चों का जीवन बचाया जा सकता है। निस्संदेह, गरीब मुल्कों के ये बच्चे सुरक्षित जीवन पाने के हकदार हैं। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स कहते हैं विश्व में गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य रक्षा के लिये वित्तीय संसाधन बढ़ाने व वर्तमान सिस्टम में सुधार हेतु दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। हमें कम संसाधनों में अधिक काम करना होगा। यदि ऐसा नहीं होता तो हमारी पीढ़ी के दामन पर दाग लगेगा कि मानव इतिहास में सबसे उन्नत विज्ञान और नवाचार की पहुंच के बावजूद हम लाखों बच्चों का जीवन बचाने के लिये धन नहीं जुटा पाए। हम सही प्राथमिकताएं और प्रतिबद्धताएं तय करके तथा उच्च प्रभाव वाले समाधानों में निवेश करके बाल मृत्यु दर वृद्धि को रोक सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो हम वर्ष 2045 तक कई मिलियन बच्चों को जीवित रहने में मदद कर सकते हैं। इसके लिये जरूरी होगा कि हम विदेशी मदद का अधिकतम उपयोग करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, नियमित टीकाकरण, गुणवत्ता के टीके और डेटा के नये उपयोग पर अधिक ध्यान दें। निस्संदेह, इन बीमारियों से लड़ने के लिये वैश्विक प्रतिबद्धता को जारी रखने की जरूरत है। गेट्स फाउंडेशन का मानना है कि अगली पीढ़ी के नवाचारों के विकास में निवेश से हम बच्चों में होने वाले मलेरिया और निमोनिया जैसे कुछ घातक रोगों को हमेशा के लिये खत्म कर सकते हैं।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

यज्ञशिष्टामृतभुजो यान्ति
ब्रह्म सनातनम।
नायं लोकोऽस्त्ययज्ञस्य
कुतोऽन्यः कुरुसत्तम।

**भावार्थ**

हे कुरुश्रेष्ठ अर्जुन ! यज्ञ से बचे हुए अमृतरूप अन्न का भोजन करने वाले योगीजन सनातन परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त होते हैं और यज्ञ न करने वाले पुरुष के लिए तो यह मनुष्यलोक भी सुखदायक नहीं है, फिर परलोक कैसे सुखदायक हो सकता है?

जीवन दर्शन

# ब्रह्मांड के विस्तार को नियंत्रित करती है डार्क एनर्जी

लोग काली ऊर्जा को नकारात्मक ऊर्जा या बुरी ऊर्जा मानते हैं, जबकि सवाल यह है कि क्या वाकई में काली ऊर्जा सिर्फ बुरी ही होती है या इसका कोई दूसरा दृष्टिकोण भी है। काली ऊर्जा भयावह दिख सकती है, लेकिन इसका उद्देश्य अहंकार, अज्ञान और बंधनों को तोड़कर आत्मा को मुक्त करना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो डार्क एनर्जी वह अदृश्य शक्ति है जो ब्रह्मांड के विस्तार को नियंत्रित करती है।

काली ऊर्जा को अक्सर नकारात्मक समझा जाता है, लेकिन यह वास्तव में परिवर्तन, संतुलन और पुनर्जन्म की शक्ति का प्रतीक है। काली ऊर्जा की देवी माता काली, जिन्हें विनाश और सृजन की शक्ति का प्रतीक माना जाता है, अहंकार और बुराई का विनाश करती हैं। काली ऊर्जा संकट और संघर्ष को नकारात्मक रूप में नहीं, बल्कि नए अवसर और आध्यात्मिक विकास की दिशा में बढ़ने का आमंत्रण मानती है।

जिस प्रकार भगवान् शिव भले ही विनाश के देवता हैं, लेकिन उनके विनाश को नकारात्मक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाता. ठीक वैसे ही भले ही काली ऊर्जा शब्द सुनते ही हमारे मन में भय, अंधकार और नकारात्मकता की छवि बनती है लेकिन यह भी संभव है कि यह ऊर्जा परिवर्तन, संतुलन और पुनर्जन्म की शक्ति का प्रतीक हो। तो, चलिए समझते हैं इसे ठीक से...क्या वास्तव में काली ऊर्जा केवल विनाशकारी है?



काली ऊर्जा को अक्सर नकारात्मक या डार्क एनर्जी समझ लिया जाता है, जबकि इसका वास्तविक अर्थ है कि वह शक्ति जो पुराने को मिटाकर नए को जन्म देती है। यह वही ऊर्जा है, जो विनाश के बाद सृजन की भूमिका निभाती है। काली ऊर्जा का संबंध मां काली से है, जिन्हें समय (काल), शक्ति और विनाश की देवी माना जाता है। उनका रूप भयंकर है – काला वर्ण, गले में नरमुंड की माला, हाथों में शस्त्र। यह रूप अहंकार और बुराई के विनाश का प्रतीक है।

काली ऊर्जा बुरी नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी शक्ति है। यह हमारे भीतर छिपे भय, लोभ, क्रोध और अज्ञान को नष्ट करती है। जैसे अग्नि जलाकर शुद्ध करती है, वैसे ही काली ऊर्जा विनाश के माध्यम से नवजीवन और शुद्धि लाती है। यह ऊर्जा पुराने ढांचे को तोड़कर नए अवसर और आध्यात्मिक विकास का मार्ग खोलती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो डार्क एनर्जी वह अदृश्य शक्ति है जो ब्रह्मांड के विस्तार को नियंत्रित करती है। आध्यात्मिक दृष्टि से यही काली ऊर्जा विस्तार, गति और परिवर्तन की आधारभूत शक्ति है। अर्थात, यह न तो बुरी है, न अच्छी, बल्कि तटस्थ है, जो केवल ब्रह्मांडीय संतुलन बनाए रखती है। जब व्यक्ति के जीवन में समस्याएँ, संघर्ष या हानि आती हैं, तो यह भी काली ऊर्जा का एक रूप होती है क्योंकि वह हमें किसी नए मार्ग की ओर धकेलती है। संकट ही अक्सर जागरण का कारण बनते हैं। अंधकार के बिना प्रकाश का अनुभव नहीं होता। इसलिए, काली ऊर्जा भय नहीं, बल्कि परिवर्तन का आमंत्रण है।

चंदा कुमारी

# डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन ने राजा भोज एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

## फ्लाइट ऑपरेशन हुआ सामान्य, यात्रियों से अधिकारियों ने की मुलाकात





**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** लगभग एक सप्ताह के जबरदस्त गतिरोध के बाद जहां देश व दुनियाभर में इंडिगो काफी हद तक संभल गया है, और घरेलू उड़ानों को गति देने का प्रयास कर रहा है, वहीं राजा भोज विमान तल भी तेजी से सामान्य स्थिति में लौट रहा है और गुरूवार को सभी उड़ाने अपने निर्धारित समय पर आकर रवाना हुई, जिस पर एयरपोर्ट अर्थारिटी आफ इंडिया ने प्रसन्नता व्यक्त की है इधर केन्द्र सरकार के विमानन मंत्री के सख्त रवैये एवं अधिकारियों को दफ्तरों से बाहर निकलकर मैदान में जाने के निर्देश का ही नतीजा है कि डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन के अचानक भोपाल पहुंचे और अपने साथ अधिकारियों की टीम भी लेक आए।वैसे इंडिगो के गतिरोध के बाद सामान्य हुई स्थिति से एयरपोर्ट अर्थारिटी आफ इंडिया भोपाल भी काफी प्रसन्न है और एयरपोर्ट डायरेक्टर ने उत्साहित होते हुए लिखा है कि भोपाल एयरपोर्ट को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि फ्लाइट ऑपरेशन पूरी तरह से सामान्य हो गए हैं, सभी तय सेवाएं बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चल रही हैं। पिछले दो दिनों से किसी भी फ्लाइट के कैंसिल होने की कोई खबर नहीं है, और पिछले चार दिनों से रोजाना 4000 से ज्यादा यात्रियों ने यात्रा की है, जो सामान्य ट्रैफिक लेवल की पूरी बहाली को दिखाता है।

### यात्रियां से की बातचीत

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के अधिकारियों की एक टीम ने आज भोपाल एयरपोर्ट का दौरा किया ताकि यात्रियों की सुविधाओं और मुख्य पैसेंजर टचपॉइंट्स के कामकाज की समीक्षा की जा सके। इंस्पेक्शन में चेक-इन काउंटर, सिक्योरिटी स्क्रीनिंग एरिया, टर्मिनल की लाइनें और बैगेज डिलीवरी सिस्टम शामिल थे। अधिकारियों ने रियल-टाइम सर्विस क्वालिटी और ऑपरेशनल एफिशिएंसी का आकलन करने के लिए यात्रियों से सीधे बातचीत भी की। यात्रियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया, उन्होंने बताया कि शेड्यूल में बदलाव की जानकारी समय पर मिली, कोई देरी नहीं हुई, कोई भीड़भाड़ नहीं थी, और बैगेज आसानी से मिल गया। टर्मिनल ऑपरेशन - जिसमें चेक-इन, सिक्योरिटी और बैगेज हैंडलिंग शामिल हैं - स्थिर और कुशल रहे हैं, जिससे यात्रियों को आरामदायक और परेशानी मुक्त अनुभव मिला है। यह लगातार रिकवरी एएआई, एयरलाइंस, सीआइएसएफ ग्राउंड हैंडलिंग टीमों और एयरपोर्ट के सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच सहज तालमेल से संभव हुई है। उनके सक्रिय दृष्टिकोण ने ऑपरेशन को जल्दी स्थिर करने और पूरे टर्मिनल में यात्रियों को लगातार सहायता सुनिश्चित की है। एयरपोर्ट डायरेक्टर, सीआइएसएफ कमांडेंट, डीजीसीए इंस्पेक्टर और पूरी ऑपरेशन टीम जमीनी व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रख रहे हैं, यात्रियों की चिंताओं को तुरंत हल कर रहे हैं, और सुरक्षा, संरक्षा और सेवा मानकों का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने भोपाल एयरपोर्ट सभी यात्रियों को उनके सहयोग के लिए और एयरलाइन पार्टनर और सपोर्ट एजेंसियों को सामान्य ऑपरेशन बहाल करने में उनके समर्पित प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया है, साथ ही यात्रियों को सलाह दी है कि कि एयरपोर्ट जाने से पहले संबंधित एयरलाइंस से अपनी फ्लाइट का लेटेस्ट स्टेटस चेक कर लें। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने यह भी कहा है कि राजा भोज एयरपोर्ट उच्चतम स्तर की ऑपरेशनल उत्कृष्टता बनाए रखते हुए सुरक्षित, सुचारू और यात्री-अनुकूल एयरपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चोरों ने दो जगह ताले तोड़े, हजारों रुपयों ले उड़े

## रिटायर बैंक कर्मचारी का व एक अन्य सूना मकान हुआ शिकार



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटना रिटायर बैंक कर्मचारी के साथ हुई है और इस बार तो सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच दो मकानों के ताले तोड़े। दामोदर पठानी दम्पति प्रथम तल पर बने मकान में सो रहा था जबकि ग्राउंड फ्लोर पर बने आवास पर ताला लगा था। स्टेट बैंक आफ इंडिया से रिटायर बैंक कर्मचारी वार्ड 5 में जसलोक स्कूल के समीप निवास करता है। चोरों ने सुबह साढ़े छह से सात के बीच ताला तोड़ा और वहां अलमारी तथा सेटी का पूरा सामान तहस नहस कर दिया। इसी सेटी में भाईयों के घर होने वाली शादी के लिए बैंक से 100-100 के नोटों की चार गड्डियां लाया था, वे चोरों के हाथ लग गई। लेकिन गनीमत है कि अलमारी क एक कोने में सोने के आभूषणों से भरा पर्स उनके हाथ नहीं लगा वरन् बहुत बड़ा नुकसान हो जाता। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन उसके हाथ इस बार भी खाली रहे। चोरों ने समीप ही बोर्ड आफिस से रिटायर कर्मचारी भावन बेलानी के मकान के समीप एक ताला लगे अन्य सूने मकान को भी निशाना बनाया पर चूंकि वहां कोई रहता नहीं है, इस कारण वहां से उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा। 74 वर्षीय दामोदर पठानी अपनी पत्नी के साथ इस मकान में निवास करता है जबकि उसका बेटा वन ट्री हिल्स कालोनी में अलग रहता है। इधर सीसी कैमरा फुटेज में तीन की संख्या में एक बाइक पर सवार चोर दिख रहे हैं, लेकिन वे किस दिशा में भागे वह साफ नहीं हो पाया है वैसे पुलिस आस पास के अन्य टीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

### हीरों के लुटेरे भी नहीं मिले

यहां बता दें कि पुलिस इस साल हुई अनेक चोरियों का जहां पता लगाने में नाकाम रही है वहीं हीरो हिन्दु फैंस क्लब के अध्यक्ष एवं प्रमुख थोक कपड़ा कारोबारी हीरो इसरानी के साथ 6 अगस्त को रात 11 बजे वन ट्री हिल्स कालोनी में उनके मकान के बाहर बाइक पर सवार दो युवकों द्वारा की गई लूटा का भी पुलिस आज तक पला नहीं लगा पाई है। यह मामला डीजीपी तक पहुंचा बावजूद इसके आज तक लुटेरे पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

# बेहटा गांव में विशाल संभागीय बोट रेस का आयोजन 3 को

## 70 से अधिक नाविक शामिल होंगे, विधायक ने किया निरीक्षण



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पछले साल की तरह इस बार भी भोपाल संभागीय नौका दौड़ को लेकर संत हिरदाराम नगर ही नहीं बल्कि राजधानी के नाविकों में जबरदस्त उत्साहा है, और यह आयोजन भव्य स्वरूप में मनाने की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। भाजयुमो अध्यक्ष रोहन केवट रामू ने बताया कि विराट श्री मानव सेवा संस्था द्वारा स्वर्गीय कन्छेदीलाल केवट की स्मृति में शनिवार 3 जनवरी को होने वाली विधायक वोट रेस को लेकर जोरदार तैयारियां की गई हैं। इस आयोजन में ढोंगा एवं कश्ती भी शामिल होंगी। रोहन केवट रामू ने बताया कि आयोजन को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने जिला भाजपा उपाध्यक्ष राम बंसल रैनवाल एवं मण्डल अध्यक्ष मनीष बागवानी, शेट्टी चंदनानी ने जिला एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया इस दौर झील संरक्षण के अलावा स्वास्थ्य एवं पेयजल विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। विधायक ने कहा कि आयोजन चूंकि भव्य स्वरूप का होने वाला है, जिसमें राजधानी के अलावा आस पास के जिलों की टीमें भी भाग लेंगी इसलिए व्यवस्थाओं में कोई कोताही नहीं रहना चाहिए।

# हिउस ने बांटे रंगोली प्रतियोगिता के पुरस्कार



**नजीराबाद।** श्री हिंदू उत्सव समिति बैरसिया द्वारा आयोजित श्री गणेश विसर्जन चल समारोह रंगोली प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण का आयोजन बैरसिया के बाल विहार स्थित वीर सावरकर मंच पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थानी महिला कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में श्रेष्ठ झांकियां के एवं अखाड़े के अध्यक्षों को मौजूद अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में श्री हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक एवं पूर्व विधायक जोधा राम गुर्जर, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण तीरथ सिंह मीणा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिनका श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम साहू, कोषाध्यक्ष धीरज मालवीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबाबू साहू, पंकज नामदेव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र जैन प्रमोद साहू, मीडिया प्रभारी दिनेश भानु जितेंद्र शर्मा, महासचिव जितेंद्र सिसोदिया बृजमोहन जाटव, प्रवक्ता जगदीश सेन महेंद्र यादव, सचिव मनोज राजपूत मयंक गुप्ता नें मौजूद वरिष्ठ जनों का स्वागत सम्मान किया।

# विहिप, बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा



**बैरसिया।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा बुधवार को नगर बैरसिया में भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई। यह यात्रा विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष झनक सिंह राजपूत के नेतृत्व में स्थानीय सांवलिया मंदिर से प्रारंभ हुई और नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए राजपूत धर्मशाला, महाराणा प्रताप नगर में पहुँचकर संपन्न हुई। यात्रा के मार्ग में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह यात्रा पर स्वागत द्वार लगाए गए और उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषदङ्कबजरंग दल के पदाधिकारी, दायित्ववान कार्यकर्ता तथा नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से नगर में धार्मिक और सामाजिक उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर पूर्व वरिष्ठ समाज सेवी दीपक दुबे जिला उपाध्यक्ष उदय सिंह दांगी मंत्री जितेन्द्र सिंह मीणा कोषाध्यक्ष राजेन्द्र भार्गव दुर्गा बाहिनी संयोजिका काजल सोलंकी रामगोपाल कुशवाह अर्जुन गुर्जर मांगीलाल गौर सुनील राजपूत गब्बर सिंह राजपूत अशोक दांगी कन्हैया लाल साहू योगेश शर्मा जयनारायण वैरागी महेश सेनी श्याम साहू जितेन्द्र राजपूत अमृत सेन भूपेन्द्र विश्वकर्मा दिनेश अन्नू चौहान लाखन राजपूत अवतार सिंह संतोष रानू कुशवाह आकाश नीरज सचिन गुजराती सहित बड़ी संख्या में विश्वहिंदू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारी एवं दायित्वबान कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने की थाना प्रांगण में समीक्षा बैठक



**जागरण प्रतिनिधि ओबेदुल्लागंज।** नवगत पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने थाना प्रांगण में समीक्षा बैठक की जिसमें मंडीदीप ओबेदुल्लागंज गोहरगंज नूरगंज के थाना प्रभारी ने भाग लिया इस दौरान भीड़भाड़ वाले इलाके में सतत गस्त आदतन अपराधी की पतारसी रात्री गस्त सहित अनेक मुद्दो के दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर थाना प्रांगण में स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें पुलीस अधीक्षक की उपस्थित में सभी पुलिसकर्मियों सहित थाना प्रभारी का स्वास्थ परिक्षण किया गया।

# भागवत कथा का आयोजन 4 जनवरी से

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला लगातार जारी है जहां इन दिनों कैलाश नगर स्थित साईं बाबा मंदिर में श्रीराम कथा चल रही है, वहीं नुक्कड़ वाली माता मंदिर में पंडित रवि पटेरिया ने हर मंगलवार एवं शनिवार रात 8 बजे से भव्य हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का शुभारंभ किया है, जिसमें दोनो दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जमा हो रहे हैं इधर संत गौ रक्षा उत्थान समिति के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ 4 जनवरी से 10 जनवरी 2026 में आयोजित कथा के लिए गुरूवार सिंगार चोली ब्रिज पंचवटी लालघाटी के नीचे ध्वजा पूजन किया गया जिसमें चित्रकूट धाम से कथा व्यास आचार्य कृपा शंकर महाराज बागेश्वर धाम के मामा श्री कथा का वाचन करेंगे ।


## जाहिर-सूचना

दिनांक 09.11.2025 का निरस्तीकरण

(भूखण्ड क्रमांक-345, क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट, रोहित नगर फेस-2, बावड़ियाकला भोपाल के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड क्रमांक- 345, रोहित नगर फेस-2, जो कि खसरा कमांक 146/2/1/1/3, 164/2/1/1/1, 146/1/1/1, 146/1/1/3, 146/1/2/1/1, 146/1/2/1/3, 146/1/2/2/1, 146/1/2/2/3, 146/1/2/3/1, 96/2, 139-141/2/1/1, 144/1/1, 144/1/2/1/1/1, 158, 160/5, 161/3/1 का अंश होकर, ग्राम बावड़ियाकलॉ, पटवारी हल्का नं. 42, नगर निगम बार्ड नं. 52, तहसील हुजूर जिला भोपाल को कय विकय करने के संबंध में मेरे पक्षकार एवं भूखण्ड स्वामी श्रीमती अनीता नन्दे पत्नी श्री प्रफुल्ल नन्दे, निवासी- बी-1, बर्धमान परिसर, चूनाभट्टी, कोलार रोड, भोपाल के मध्य मौखिक वार्तालाप एवं आपसी सहमति हो गई थी एवं मेरे पक्षकार ने टोकन राशि का भुगतान भी भूखण्ड स्वामी को कर दिया था। जिसके आधार पर मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी की सहमति से एक जाहिर सूचना दैनिक भास्कर समाचार पत्र के दिनांक 09-11-2025 के अंक में प्रकाशित कराई थी। उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन के उपरांत अपरिहार्य कारणों से मेरे पक्षकार एवं भूखण्ड स्वामी श्रीमती अनीता नन्दे के मध्य उपरोक्त भूमि को कय विकय की उपरोक्त हुई सहमति के आधार पर आगे संव्यवहार नहीं हो पा रहा है, ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकार ने एवं भूमि स्वामी श्रीमती अनीता नन्दे ने यह तय किया है कि उनके मध्य उपरोक्त भूखण्ड के कय विकय के संबंध में हुई मौखिक सहमति को एवं दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित जाहिर सूचना को निरस्त कर दिया जावे। तदानुसार एतद् द्वारा मेरे पक्षकार एवं भूखण्ड स्वामी के मध्य उपरोक्त भूखण्ड के कय विकय के संबंध में हुई मौखिक सहमति एवं दैनिक समचार पत्र में प्रकाशित जाहिर सूचना दिनांक 09-11-2025 को आपसी सहमति से निरस्त कर दिया है। कृपया सर्वसाधारण सूचित हो।

भवदीय **सतीश शर्मा, एडवोकेट**
ई-3, सीनियर MIG-12, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
मोबाईल नं-9827368309

## / / आम सूचना / /

मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी 1, भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ओ. पी. श्रीवास्तव आत्मज श्री बी. बी. श्रीवास्तव द्वारा एक किता आवासीय फ्लैट क्रं. ए-404, जिसका सुपर बिल्टअप एरिया 146.78 वर्गमीटर, जो ब्लाक क्र.- ए, चतुर्थ तल, गीत स्काई विले, ग्राम नबीबाग, वार्ड क्रं.-79, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में निम्नलिखित सीमाओं, दिशा पूर्व में- फ्लैट क्रं. ए-406, दिशा पश्चिम में - फ्लैट क्रं. ए-401, दिशा उत्तर में फ्लैट क्रं. ए-403 एवं दिशा दक्षिण में- कैम्पस रोड (नीचे) स्थित है, को साम्यिक बंधक किया गया है।

उक्त संपत्ति वर्तमान में ओ. पी. श्रीवास्तव आत्मज श्री बी. बी. श्रीवास्तव के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित चेन टाइटल (मूल विक्रय-पत्र दिनांक 25/01/2019, जिसका पंजीयन क्रं. एमपी059692019ए 1060101 है) जो कि श्री मनीष गुप्ता एवं श्रीमती राखी गुप्ता के नाम पर उपपंजीयक कार्यालय भोपाल में विधिवत पंजीबद्ध है। उक्त टाइटल चेन (विक्रय-पत्र) की मूल प्रति गुम होने के कारण ओ. पी. श्रीवास्तव आत्मज श्री बी. बी. श्रीवास्तव के पास उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में उनके द्वारा पुलिस थाना, निशातपुरा, जिला भोपाल में आवश्यक कार्यवाही हेतु दिनांक 16/09/2025 को शिकायत किया गया है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित टाईटल चेन/मूल विक्रय-पत्र दिनांक 25/01/2019 किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा दुरूपयोग करते हुये भविष्य में पाया जाता है तो उसके विरुद्ध बैंक कानूनी कार्यवाही करेगा जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की जिम्मेदारी दस्तावेजों के उपयोगकर्ता की होगी।

भवदीय **धर्मेन्द्र सिंह** (अधिवक्ता)
आफिसः- आई-26, वर्धमान ग्रीन पार्क कालोनी, अशोका गार्डन, भोपाल
मो.नं. 9827452301


## 13 को मोहित शेवानी व अन्य कलाकारों की प्रस्तुति

# विरासत, संघर्षों, पुनर्वास की अदभुत कहानी जर्नी आफ सिंधियत



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पुरानी विरासत, आजादी के दौरान जन्म स्थली का छूट जाना, दर दर की ठोकरें खाने के बाद आजाद भारत में खुद को स्थापित करना पर किसी के सामने भी भीख का हाथ नहीं फैलाना, और आजादी 78 साल बाद भी अनेक प्रदेशों में अपने जरूरी सामाजिक, प्रापर्टी एवं राजनीतिक हकों के लिए संघर्ष करते हुए आज देश की अर्थ व्यवस्था में 24 प्रतिशत योगदान देने वाली सिंधियों की दास्तान से वैसे तो हर कोई वाकिफ है, लेकिन आज की युवा पीढ़ी को विरासत, संघर्ष, पुर्नवास से परिचित कराने के लिए बनाई गई है कहानी जर्नी आफ सिंधियत। जिसके मुख्य सूत्रधार हैं, संत हिरदाराम नगर के ख्याति इंटरनेशनल कलाकार एवं सिनेमा जगत में पांव जमाने वाले जाने माने कलाकार मोहित शेवानी। उन्होंने बताया कि

संत हिरदराम नगर सभागार 13 दिसम्बर प्रस्तुत होने वाली जर्नी ऑफ सिंधिज, एक ऐसी विशेष सांस्कृतिक संध्या जिसका उद्देश्य सिंधी समुदाय की हजारों वर्षों पुरानी विरासत, उनके संघर्षों, पुनर्वास की अद्भुत यात्रा और सांस्कृतिक गौरव को नई पीढ़ी के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत करना है। शनिवार को शाम 5 बजे आयोजित यह कार्यक्रम सहयोग फाउंडेशन और केन्द्रीय सिंधी विकास समिति भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिससे इसकी सांस्कृतिक प्रामाणिकता और महत्व और भी बढ़ जाता है। कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ मुख्य अतिथि एवं डॉ. राम जवहरानी, जो कि सहयोग फाउंडेशन केविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह को गौरवान्वित करेंगे। इस भव्य प्रस्तुति के मुख्य कथावाचक युवा कहानीकार मोहित शेवाणी होंगे, जो अपनी गहन अभिव्यक्ति, प्रभावशाली वाचन शैली और भावनात्मक प्रस्तुति से श्रवनतदमल ऑफ पदकीपे को केवल एक शो नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हैं। उनके साथ मंच पर सुप्रसिद्ध कलाकार कृशुभम नथानी, रितुका सुन्दरानी और निशी घमेचा अपनी सुमधुर गायकी और संगीतमय प्रस्तुति से कार्यक्रम को और भी जीवंत बनाएंगे। इस शो की पटकथा साहित्यकार खीमन यू. मुलानी द्वारा लिखित तथा भगवान बबानी द्वारा लिप्यंतरित है, जिसमें विजुअल्स दिव्या प्रीतमानी द्वारा रचित, संगीत, कथा और मंचन के माध्यम से सिंधी समुदाय के संघर्ष, विभाजन की पीड़ा, उनके साहस, पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक समृद्धि की यात्रा को अत्यंत सूक्ष्मता और मार्मिकता के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

## SUDOKU 85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 4 | | | | | 2 | |
| 7 | 6 | | | 5 | | | | 8 |
| | 2 | 3 | | | 6 | 9 | | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | 2 | | |
| | | | 6 | | 1 | | | |
| | | 7 | 3 | | | 5 | 6 | |
| 3 | | | | 9 | | | 8 | 2 |
| | 9 | | | | | 1 | | 4 |

## SOLUTIONS 84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 7 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके कॉन्फिडेंस में बूस्ट लेकर आएगा। आपके सारे काम तेजी से पूरे होने वाले हैं। कोई पुराना काम आज आपको खुशी दे सकता है। परिवार में माहौल शांत रहेगा।

**वृषभ :** आज के दिन आप थोड़े से इमोशनल हो सकते हैं। हालांकि आपका दिन अच्छा जाएगा। काम में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए काफी लकी साबित होने वाला है। कोई रुका हुआ काम आगे बढ़ने के संकेत हैं।रोमांटिक जीवन सुखद होगा।

**कर्क :** कल आप एकदम शांत मन से फैसले लेने वाले हैं। ऐसे में आपके सारे काम बड़ी ही आसानी से पूरे हो जाएंगे। रिश्ते के मामले में भी सब कुछ अच्छा होगा।

**सिंह :** लोग आपसे काफी प्रभावित होंगे। बिजनेस से जुड़े लोगों को आज फायदा मिल सकता है। परिवार में कोई गुड न्यूज मिल सकती है, जिससे पूरा दिन सही जाने वाला है।

**कन्या :** आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलने वाला है। प्रोफेशनल लाइफ में आपके सुझाव सही और अहम साबित होंगे।

**तुला :** आपकी जिम्मेदारियां थोड़ी बढ़ सकती हैं। हालांकि आप सारी चीजों को संभाल लेंगे। आज काम के मामले में थोड़ा सतर्क रहें। कोई भी गलती ना करें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** आज नई सोच और आइडिया से आप लोगों पर अपना प्रभाव छोड़ पाएंगे। आपको हर काम में सफलता मिलने वाली है। बस धैर्य बनाए रखने की जरूरत है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए अच्छा जाने वाला है। आपके सारे मनचाहे काम पूरे होने की उम्मीद है। कोई पुराना विवाद अब खत्म हो सकता है।

**मकर :** काम में सफलता मिलेगी। दूसरों की बातों पर ध्यान ना दें। आने वाला समय सिर्फ आपका है। कल कोई नया मौका मिल सकता है।

**कुंभ :** आज आपको अपने गुस्से पर थोड़ा कंट्रोल रखना है। पैसों के मामले में थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**मीन :** प्रोफेशनल लाइफ में ग्रोथ दिखेगी। छोटे-छोटे लाभ होने तय हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। सेहत का थोड़ा ध्यान रखें। व्यापारिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

**आज का पंचांग:** 12 दिसंबर शुक्रवार 2025। **दिशाशूल :** पश्चिम दिशा में रहेगा। विक्रम संवत 2082 शके 1947 दक्षिणायण, दक्षिणगोल, हेमंत ऋतु पौष मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी 14 घंटे 58 मिनट तक, तत्पश्चात नवमी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र 29 घंटे 51 मिनट तक, तत्पश्चात हस्त नक्षत्र प्रीति योग 11 घंटे 12 तक, तत्पश्चात आयुष्मान योग सिंह में चंद्रमा 10 घंटे 21 मिनट तत्पश्चात कन्या में।


## जाहिर सूचना

(आवासीय मकान क्र. LIG-277, A सेक्टर, सोनागिरी, भोपाल म.प्र.)

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण-तोफिक अहमद कुरैशी आत्मज स्व. अतीक अहमद कुरैशी एवं फहीम अहमद कुरैशी आत्मज स्व. अतीक अहमद कुरैशी निवासी-LIG 277,A सेक्टर, सोनागिरी, भोपाल म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व की सम्पत्ति आवासीय मकान क्र. LIG 277, A सेक्टर, सोनागिरी, वार्ड 64, भोपाल म.प्र. जोकि म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल भोपाल द्वारा विकसित कालोनी में स्थित है। उपरोक्त संपत्ति का कुल प्लाट क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट अर्थात 92.93 वर्गमीटर पर मकान निर्मित है। सम्पत्ति की चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है, पूर्व दिशा में-LIG मकान, पश्चिम दिशा में-कॉलोनी रोड, उत्तर दिशा में-LIG-A/276, दक्षिण दिशा में-LIGA/278 है। संपत्ति पूर्व मे अतीक अहमद कुरैशी आत्मज मो. अब्दुल्ला कुरैशी ने क्रय किया थी। अतीक अहमद कुरैशी की मृत्यु उपरांत म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल भोपाल के पत्र क्र. 12442 दिनांक 31/10/2022 के अनुसार उपरोक्त विक्रेतागण के पक्ष मे नामांतरण किया गया है। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त मकान को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान विक्रेतागण को कर दिया है। उक्त संपत्ति/मकान के सौदे के सम्बन्ध ने अथवा उसके किसी अंश भाग पर किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म, गैर सरकारी व सरकारी एवं बैंक का कोई ऋण, भार, दान, हीवा, मेहर, बंधक, हस्तांतरण, अधिपत्य, अनुबंध इत्यादि या पारिवारिक या अन्य वाद विवाद हो अथवा इस अंतरण से किसी का हित प्रभावित होता है, तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अवधि के भीतर मेरे कार्यालय में पूर्ण प्रमाणित दस्तावेज के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति /मकान का दस्तावेज विक्रय पत्र का पंजीयन एवं नामांतरण अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेगे। सूचना ज्ञात हो,

**मनोज पाटिल** अधिवक्ता
कार्या-34, सी-सेक्टर, सोनागिरी, भोपाल
मो. नं. 9425648701, 9039985133

## कार्यालय प्रशासक पार्वती गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

(पंजीयन क्रमांक / डी. आर.बी. / 422, दिनांक 05.09.1984)
पता : ई-2/22, अरेरा कालोनी, भोपाल
पत्र क्रमांक/क्यू/2025/ भोपाल, दिनांक 11.12.2025

**सूचना**

पार्वती गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सदस्यों के आधार कार्ड/वोटर आई.डी./ड्राईविंग लायसेंस का नम्बर एवं मोबाईल नंबर मतदाता सूची में अंकित कर म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को भेजी जाना है। संस्था के सदस्य उपरोक्त में से कोई भी एक आई.डी. एवं मोबाइल नंबर कार्यालय उपायुक्त,सहकारिता,डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, भोपाल में कार्यालयीन समय दोपहर 12 से 4 बजे के मध्य दिनांक 15.12.2025 से 24.12.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता को अथवा मेरे द्वारा अधिकृत सुश्री कल्पना सोलंकी, उप अंकेक्षक को प्रस्तुत करें।

(मीरा देवी) प्रशासक


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजबाला कचनेरिया पत्नि श्री अजय कचनेरिया आयु वयस्क निवासी-296 अम्बेडकर नगर, मुर्दी 02, गंज सीहोर म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व का एक मंजिला मकान क्र. 09 जिसका कुल क्षेत्रफल 20×30=600 वर्गफिट अर्थात् 55.76 वर्गमीटर है जो कि खसरा क्र. 148/2/1 का अंशभाग होकर शांति नगर ग्राम करोंदकला, प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. 02 विकासखंड फंदा, तहसील हुजूर जिला भोपाल नगर निगम के वार्ड क्र. 70 शहर भोपाल में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार हैं दिशा पूर्व में-अन्य की भूमि, पश्चिम दिशा में-रास्ता, उत्तर दिशा में-प्लाट क्र.10, दक्षिण में-प्लाट क्र. 09 स्थित है जो कि दिनांक 10.11.2014 ग्रंथ क्र. 2931 पेज नंबर 70 से 76 दस्तावेज क्र. 1/4011 है जिसकी मूल रजिस्ट्री घर से कहीं गुम हो गई है। उक्त रजिस्ट्री को मेरे द्वारा काफी ढूंढने पर भी नहीं मिल रही है तथा मेरी रजिस्ट्री का कहीं भी दुरूपयोग नहीं किया गया है एवं ना ही कहीं गिरवी, बंधक इत्यादि नहीं रखा गया है और ना ही मेरे द्वारा उक्त रजिस्ट्री पर कोई लोन नहीं लिया गया है। उक्त रजिस्ट्री मेरे स्वयं के नाम थी। उक्त रजिस्ट्री किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को मिले तो उक्त जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार को सौंप देवे।

भवदीय **उवेज खान** एडवोकेट
कार्या/निवास-म.नं. 18, अली विला नबी बाग बैरसिया रोड भोपाल म.प्र.
मो. 8871916858

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.6 | 8.6 |
| मुंबई | 33.7 | 15.6 |
| चेन्नई | 32.6 | 17.2 |
| कोलकाता | 25.2 | 15.2 |

सूर्यास्त 5:36 PM
सूर्योदय 6:52 AM
चन्द्रोदय 12:00 AM
चन्द्रास्त 12:07 PM

## दो करोड़ की सायबर ठगी, दिल्ली पुलिस ने दो युवकों को उठाया

**जागरण, बड़वानी।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुई करोड़ों की सायबर ठगी के तार मध्यप्रदेश से जुड़ रहे हैं। ठगी में लिप्त दो युवकों को नई दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। जिसमें कृष्णस्वरूप तिवारी निवासी प्रितमपुरा दिल्ली ने डिजिटल अरेस्ट के संबंध में दिल्ली में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें दो करोड़ से अधिक की ठगी की गई है, जिसमें एक्सटोशन की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस ने अपराधियों की तलाश शुरू कर दी थी। जिसमें लोकेशन को ट्रेस करते हुए दिल्ली से स्पेशल सायबर सेल की टीम ठीकरी पहुंची। यहां पर एक युवक के खाते में करोड़ों का लेनदेन होना पाया गया। इस आधार पर दिल्ली पुलिस ने ठीकरी नगर के दो युवकों अंशुल पुत्र नरेंद्र राठौड़ और दीपेश पुत्र विनोद पाटीदार को पकड़कर ठीकरी थाने पर लेकर आए। जहां उन दोनों युवकों से पूछताछ की गई। इसमें दीपेश के खाते में करोड़ों का लेनदेन होना पाया गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार एक 78 वर्षीय बुजुर्ग से सायबर ठगी का होने मामला सामने आया है, जिसमें उनसे दो करोड़ 19 लाख रुपये की मांग करते हुए बैंक खाते में डलवाए गए। आंगे इस खाते को लेकर और भी शिकायत सामने आई है जिसमें अन्य जगहों से भी करोड़ों रुपए डालने की बात दिल्ली पुलिस ने बताई है। इसमें लगभग आठ करोड़ रुपए इस खाते से लेनदेन हुआ है। ठीकरी थाने के एसआई विकास बेनल के अनुसार दिल्ली पुलिस ने आरोपियों को अंजड़ न्यायालय में पेश किया। यहां से ट्रांजिट रिमांड पर नई दिल्ली लेकर गए हैं।

### जबलपुर में सड़क पर दिनदहाड़े हत्या, पुरानी रंजिश में वारदात

# पीछा कर पकड़ा और पटककर सिर में दाग दीं तीन गोलियां



**जागरण, जबलपुर।** बाइक सवार दो युवकों ने दिन दहाड़े सड़क पर गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। दोनों बदमाशों ने काफी दूर पीछा कर युवक को पकड़ा और बीच सड़क पर पटककर सिर से सटाकर दनादन तीन गोलियां दाग दीं। युवक के दम तोड़ने के बाद ही दोनों बदमाशों ने उसे छोड़ा और बाइक उठाकर भाग गए। मृतक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर सिहोरा से पार्षद का चुनाव लड़ चुका है। यह सनसनीखेज वारदात खितौला थाना इलाके में बारीबहु स्टेडियम के पास गुरुवार दोपहर की है। हमलावरों ने चलती सड़क पर आते-जाते लोगों के सामने ही वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को सिहोरा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने पहले काफी दूर से युवक का पीछा किया। मौके पर पहुंचकर उसे रोककर पकड़ा और झूमाझटकी कर सड़क पर ही पटक दिया। उसके गिरते ही दूसरे युवक ने पिस्तौल निकाली और बिल्कुल सिर के पास से ताबड़तोड़ तीन फायर कर दिए। फायरिंग की आवाज सुनकर भी लोग नहीं रुके और न ही कोई बीच-बचाव में आया। सिर में तीन गोलियां मारने के बाद भी बदमाशों ने युवक को पलटाकर देखा, फिर बाइक से ही फरार हो गए। आसपास की दुकानों के सीसीटीवी में घटना कैद हो गई है। बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। साथ ही धर्मेंद्र के मोबाइल, कॉल डिटेल्स की भी जांच की जा रही है, ताकि वारदात की पुख्ता वजह सामने आ सके। हालांकि मृतक के भाई राहुल ने पुलिस को बताया है कि मृतक की सिहोरा निवासी अस्सू विश्वकर्मा से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। उसने कुछ साल पहले भी धर्मेंद्र पर गोली चलाई थी। तब भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद उसने आरोपी ने हत्या की धमकी दी थी। अस्सू पर मारपीट, लूट और डकैती जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं धर्मेंद्र ने सिहोरा नपा पार्षद का चुनाव भी लड़ा था।

## दिव्यांग ने बिजली कंपनी के कर्मचारी को मारी गोली

**जागरण, सतना।** बिजली कंपनी के कर्मचारी को गुरुवार शाम एक दिव्यांग व्यक्ति ने गोलह मार दी। गोली कर्मचारी रामनरेश वर्मा के सीने में बाएं तरफ लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। रामनरेश प्रेम नगर स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं और अमदरा थाना क्षेत्र के नौगांव गांव के रहने वाले हैं। रोज की तरह गुरुवार को भी वह अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद स्टेशन की ओर जा रहे थे ताकि ट्रेन से मैहर होकर अपने गांव लौट सकें, जब वह पटरी किनारे-किनारे चलते हुए प्रेम नगर अंडरब्रिज के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात दिव्यांग व्यक्ति ने उन पर कट्टे से फायर कर दिया।

### अश्लील साइट्स देखने का आदी था पति, मुंबई भागा

# पोर्न स्टार बनने की चाहत में पत्नी संग बनाया अश्लील वीडियो, वायरल किया

**जागरण, रीवा।** रीवा जिले में एक पति ने पत्नी के साथ अंतरग पलों का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यही नहीं, आरोपी ने यह वीडियो रिश्तेदारों को भी भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जांच में पुलिस को आरोपी की लोकेशन मुंबई के आसपास मिली है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से पोर्न साइट्स देखने का आदी था। वह पोर्न वीडियो के किरदारों को अपना आदर्श मानता था और खुद पोर्न स्टार बनाने की चाहत में पत्नी के साथ 13 मिनट 14 सेकंड का निजी वीडियो रिकॉर्ड किया। जब यह वीडियो वायरल होने लगा तो पत्नी ने इसका विरोध किया। इस पर आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह जानबूझकर किया है और उसे कोई पछतावा नहीं है। उसका मकसद था कि लोग वीडियो देखकर उसे पहचानें और वह लोकप्रिय हो जाए।

### आरोपी को जल्द पकड़ेंगे: सीएसपी

शुरुआत में समान थाना पुलिस ने मामले में जीरो कायमी की थी। वीडियो सामने आने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी मुंबई भाग गया है। सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि पुलिस टीम जल्द ही वहां दबिश देने वाली है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### दोस्तों और रिश्तेदारों को भी भेजा वीडियो



पीड़िता के मुताबिक, पति ने वीडियो रिश्तेदारों और दोस्तों तक को भेज दिया। पति ने उसे कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा। अब हर जगह से फोन आ रहे हैं। मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी। वह इंसान नहीं, दरिंदा है। पीड़िता के भाई ने आरोप लगाया कि 'शादी 10 मई को हुई थी। शुरुआत से ही दहेज को लेकर तनाव था। शादी से पहले तीन लाख की मांग की गई, जिसमें से दो लाख दे दिये थे। शेष रकम के लिए आरोपी दबाव बना रहा था। रकम नहीं मिलने की नाराजगी में उसने यह घिनौना कदम उठाया।

## जेल से गैंग चला रहा था पूर्व एसआई गवाहों को धमकाने पर रीवा किया शिफ्ट

**जागरण, गुना।** वर्दी वाला गुंडा के नाम से कुख्यात बर्खास्त एसआई रामवीर सिंह कुशवाह जेल में रहकर भी गैंग चला रहा है। हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, सबूत मिटाने जैसे कृत्यों में आरोपी पूर्व एसआई के खिलाफ जेल मुख्यालय को गवाहों और वकीलों पर दबाव बनाने की सूचना मिली थी। शिकायत पुख्ता होते ही विभाग ने आरोपी को चाचौड़ा से सेंट्रल जेल रीवा शिफ्ट करने का आदेश जारी किया। आरोपी को आननफानन में रीवा शिफ्ट कर दिया गया है।

विभाग को जानकारी मिली थी कि रामवीर अपने खिलाफ चल रहे प्रकरणों में फरियादियों, गवाहों और वकीलों पर गुर्गों के जरिए दबाव बना रहा है। 4 दिसंबर को उसके कुछ गुर्गे ललितपुर (यूपी) के नाराहट गांव पहुंचे थे। वहां उन्होंने ट्रक ड्राइवर माखन कुशवाह के परिजनों पर अपराध में राजीनामा करने का दबाव बनाया। जेल के अंदर से ही गैंग चलाने का पुख्ता सबूत मिलने पर पूर्व एसआई को तत्काल रीवा जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक जून 2015 में तत्कालीन थाना प्रभारी रहे आरोपी रामवीर और उसके साथियों ने अवैध वसूली (एंट्री) के दौरान माखन का ट्रक रोक कर पैसे छीने थे और उसे रूठियाई पुलिस चौकी से सटे पेट्रोल पंप पर खड़ा करा दिया था। इसके बाद माखन से और रुपयों की डिमांड करते हुए उसे दो दिन तक चौकी में बंद रखकर मारपीट की गई। 20-21 जून की दरमियानी रात माखन पुलिस चौकी के सामने ही जली हुई अवस्था में मृत मिला था। इस गंभीर अपराध में रामवीर की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

**बिजनेस प्लस**

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने किया अमूल प्लांट का औद्योगिक भ्रमण

**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा एमबीए और बीबीए विद्यार्थियों के लिए गोविंदपुरा स्थित अमूल प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अमूल के संपूर्ण उत्पादन -दूध संग्रहण, गुणवत्ता जांच, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग एवं वितरण प्रक्रिया-का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। साथ ही, उन्हें सप्लाई चेन मैनेजमेंट, उत्पादन दक्षता और क्वालिटी कंट्रोल जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने का अवसर मिला। अमूल प्लांट के अधिकारियों ने आधुनिक तकनीक, ऑटोमेशन और सहकारी मॉडल पर आधारित कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को उद्योग जगत की व्यवहारिक समझ उपलब्ध कराई। विद्यार्थियों ने उत्पादन प्रबंधन, मार्केटिंग रणनीतियों और नवाचार की भूमिका पर भी उपयोगी जानकारियां प्राप्त कीं।

## बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल जोन के अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बैंक के अधिकार क्षेत्र में स्थित सभी योग्य एनपीए खाताधारकों को नोटिस जारी किए गए हैं। बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल जोन ने अपने ऐसे सभी उधारकर्ताओं से आग्रह किया है, जिनके ऋण खाते अनियमित या अवरुद्ध श्रेणी में हैं, कि वे इस लोक अदालत के माध्यम से अपने बकाया ऋणों का निपटान कर लाभ उठाएं। राष्ट्रीय लोक अदालत एक ऐसा मंच प्रदान करती है जहां परस्पर सहमति के आधार पर ऋण समझौता किया जा सकता है, जिससे उधारकर्ताओं को वित्तीय राहत एवं कानूनी जटिलताओं से मुक्ति का अवसर प्राप्त होता है। बैंक ने योग्य उधारकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपने संबंधित शाखा से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें और निर्धारित दिनांक को लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने देयकों का समाधान करें।



## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

84,818

+426

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Adani Enterpris | 2,293.90 | 2.99% |
| Eternal | 291.90 | 2.72% |
| Jio Financial | 299.00 | 2.61% |
| Tata Steel | 166.66 | 2.56% |
| Kotak Mahindra | 2,205.00 | 2.38% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Asian Paints | 2,763.20 | -0.89% |
| Bharti Airtel | 2,038.00 | -0.67% |
| Axis Bank | 1,271.00 | -0.46% |
| Bajaj Finance | 1,000.10 | -0.39% |
| SBI Life Insura | 1,995.50 | -0.38% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 90.370 |
| € यूरो | 105.73 |
| ¥ येन | 0.5799 |
| £ पौंड | 120.82 |

## बाजार पर नजर

### ओला ने गिरवी रखी 13 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओला इलेक्ट्रिक के फाउंडर भाविश अग्रवाल ने इस हफ्ते की शुरुआत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी में 3.1 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी गिरवी रखी है। इस वजह से भाविश की शेयरहोल्डिंग के बदले लिए गए लोन के लिए कोलैटरल बढ़ गया है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक अग्रवाल ने इस महीने दो बार शेयर गिरवी रखे हैं, जिसमें 5 दिसंबर को गिरवी रखी गई 3.04 प्रतिशत हिस्सेदारी भी शामिल है। इस तरह, अब उनकी होल्डिंग का कुल गिरवी रखा गया हिस्सा 13.3 प्रतिशत हो गया है। ओला इलेक्ट्रिक के 15,054 करोड़ रुपये के मार्केट कैपिटलाइज़ेशन के आधार पर गिरवी रखे गए शेयरों की कीमत लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। आपको बता दें कि ओला के फाउंडर भाविश अग्रवाल के पास अभी कंपनी का 30.02 प्रतिशत हिस्सा है।

# सबसे महंगा स्टोर : एपल ने पांचवां रिटेल स्टोर नोएडा में खोला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एपल ने भारत में अपना पांचवां रिटेल स्टोर नोएडा के डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में ओपन कर दिया है। यह दिल्ली एनसीआर का दूसरा स्टोर है, दिल्ली में पहला स्टोर अप्रैल 2023 में खुला था। वहीं, 2025 में बेंगलुरु (2 सितंबर) और पुणे (4 सितंबर) के बाद एपल का भारत में यह पांचवां स्टोर ओपन हुआ है। एपल सीईओ टिम कुक ने कहा था कि भारत में मुंबई-दिल्ली के अलावा 4 और स्टोर खोले जाएंगे। नोएडा स्टोर में आईफोन 17 सीरीज, एम5-पावर्ड मैकबुक प्रो और 14 मैकबुक प्रो जैसे लेटेस्ट प्रोडक्ट्स मिलेंगे। कस्टमर्स नए फीचर्स ट्राई कर सकेंगे। स्पेशलिस्ट, क्रिएटिव्स, जीनियस और बिजनेस टीम्स एक्सपर्ट सपोर्ट देंगे। नोएडा का एपल का पांचवा रिटेल स्टोर भारत का सबसे महंगा स्टोर है। सीआरई मैट्रिक्स के सब-लीज डाक्यूमेंट्स से पता चला है कि, स्टोर का मंथली किराया लगभग 45.3 लाख रुपए है। एपल ने डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया के ग्राउंड फ्लोर पर 8,240 वर्ग फुट जगह ली है। लीज का पहला साल रेंट-फ्री रहेगा। इससे हर महीने करीब 45 लाख रुपए और सालाना लगभग 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान करना होगा। पूरे लीज पीरियड में किराया लगभग 65 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

### युवाओं का रखा खास ध्यान

नोएडा सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में खोला गया एपल स्टोर खास तौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है, क्योंकि नोएडा एक ऐसा शहर है, जहां देश के कई हिस्सों से लोग काम और नौकरी के लिए रहते हैं। यहां यूपी और दिल्ली के अलावा बिहार, उत्तराखंड, झारखंड और बंगाल से भी लोग बसे हुए हैं। शहर में युवा आबादी अच्छी-खासी है, जो आईटी और अन्य कंपनियों में काम कर रही है। इसलिए स्टोर युवाओं को एपल के प्रोडक्ट्स से जोड़ने और उन्हें कंपनी के करीब लाने में मदद कर सकता है।




### स्टोर में टुडे एट एपल सेशन्स भी होंगे

नोएडा स्टोर में टुडे एट एपल सेशन्स का आयोजन होंगे, जो पूरी तरह फ्री होंगे। इन सेशन्स में एपल के क्रिएटिव्स ग्राहकों को डिजिटल आर्ट, स्टोरीटेलिंग, प्रोडक्टिविटी और कोडिंग जैसे विषयों पर वर्कशॉप्स देंगे। ये सेशन्स उन लोगों के लिए खास होंगे जो अपने एपल डिवाइसेज का बेहतर इस्तेमाल सीखना चाहते हैं या कुछ नया और रचनात्मक करना चाहते हैं।

### तेजी से बढ़ रही एपल की ग्रोथ

एपल के लिए भारत लगातार महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभरा है। मार्केट ट्रैकर आईडीसी के अनुसार, 2025 में कंपनी देश में 15 करोड़ आईफोन बेच सकती है। इससे एपल का मार्केट शेयर पहली बार 10 प्रतिशत से ऊपर जा सकता है। सितंबर तिमाही में एपल भारत का चौथा सबसे बड़ा स्मार्टफोन विक्रेता बना, जहां कंपनी ने लगभग 5 मिलियन यूनिट की बिक्री के साथ 25 प्रतिशत सालाना वृद्धि दर्ज की। कुक ने हाल के कई एनालिस्ट कॉल में भारत को स्टैंडआउट मार्केट बताया है जहां कंपनी ने लगातार 15 तिमाहियों से रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया है।

# मोदी-ट्रम्प ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने हुए सहमत

## पीएम ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से टेलीफोन पर हुई बातचीत को बताया सकारात्मक

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की। मोदी ने कहा कि उनकी बातचीत गर्मजोशी भरी और सकारात्मक रही। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। भारत और अमेरिका वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। बातचीत में दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया गया। साथ ही अहम तकनीक, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर भी सहमति बनी। मोदी और ट्रम्प के बीच छठी बार फोन पर चर्चा

**भारत दौरे पर है अमेरिका की ट्रेड टीम :** अमेरिका की एक हाई लेवल ट्रेड टीम भारत के दौरे पर आई है। यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस टीम का नेतृत्व अमेरिकी डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि रिक स्विट्जर कर रहे हैं। अब इस दौरे का मकसद है कि दोनों देश नई द्विपक्षीय ट्रेड डील की फर्स्ट स्टेज को आखिरी रूप देने की कोशिश करें। यानी कि वो डील जो भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चर्चा में थी, उसे पूरा करने की दिशा में कदम बढ़े। पिछले कुछ महीनों में, भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ता काफी खटास भरा रहा। अमेरिका ने भारत के हाई टैरिफ और ट्रेड घाटे की वजह से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इस वजह से दोनों देशों को एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट में परेशानी हुई थी। अमेरिका को लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलित है। भारत, अमेरिका को ज्यादा चीजें बेचता है और अमेरिका, भारत को उतनी चीजें नहीं बेच पाता। इस अंतर को कम करने के लिए भी यह टैरिफ लगाया गया है।



**मोदी-ट्रम्प के बीच इस साल छठी बार हुई बातचीत**

- **27** जनवरी इस साल पीएम मोदी ने ट्रम्प को राष्ट्रपति बनने की बधाई देने के लिए फोन किया था।
- **22** अप्रैल को ट्रम्प ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मोदी को फोन कर दुख जताया था।
- **17** जून अमेरिकी ट्रम्प ने मोदी को न्योता देने के लिए फोन पर बातचीत की।
- **17** सितंबर को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई देने के लिए फोन पर बीतचात की
- **21** अक्टूबर 2025 को दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन किया।

### 2030 तक 500 बिलियन डॉलर का लक्ष्य




भारत-अमेरिका का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई 2025 में भारत का अमेरिका को निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 12.33 प्रतिशत बढ़कर 17.41 अरब डॉलर रहा। अमेरिका इस दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा, जिसके साथ 12.56 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। अप्रैल से भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

### एथेनॉल का बड़ा खरीददार बनेगा भारत

सीनेट समिति के चेयरमैन जेरी मोरन ने यूरोपीय यूनियन समेत कई देशों ने अमेरिकी एथेनॉल और ऊर्जा उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दिए हैं और करीब 750 अरब डॉलर की खरीद का वादा किया है। अमेरिकी ट्रेड का यह बयान उस समय पर आया है जब अमेरिका की एक हाई लेवल ट्रेड टीम भारत के दौरे पर आई है। यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# चांदी फिर पहुंची ऑलटाइम हाई पर जा सकती 2 लाख रुपए के पार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** चांदी 11 दिसंबर को भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार चांदी 2,793 रुपए बढ़कर 1,88,281 रुपए किलोग्राम हो गई है। इससे पहले कल ये 1,85,488 रुपए पर थी। इस साल इसकी कीमत 1,00,971 रुपए (117 प्रतिशत) बढ़ चुकी है। वहीं सोना 808 रुपए बढ़कर 1,28,596 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,27,788 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्टूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### इस साल सोना 52,434 और चांदी 1,02,264 महंगी हुई

इस साल अब तक सोने की कीमत 52,434 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,28,596 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,02,264 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,88,281 रुपए प्रति किलो हो गई है।

### 2 लाख के पार जा सकती है चांदी

चांदी केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 35 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी 2 लाख रुपए किलो के पार जा सकती है।

### चांदी में तेजी के 3 प्रमुख कारण

- सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के कोस्मास मरिनाकिस ने कहा कि चांदी अब सिर्फ निवेश का साधन नहीं रह गया है, बल्कि एक जरूरी भौतिक संसाधन भी है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को इसकी ज्यादा जरूरत है। इसलिए मांग बढ़ रही है। इससे कीमतों में लगातार तेजी है।
- चांदी के दाम में उछाल की एक और बड़ी वजह है अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड नीतियों के तहत चांदी पर टैरिफ लगने का डर। इस डर से अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, जिससे दुनिया के बाकी हिस्सों में कमी हो गई है।
- दुनियाभर के मैन्युफैक्चरर अपनी प्रोडक्शन बाधित न हो, इसलिए सप्लाई पक्की करने की होड़ में हैं। यही वजह है कि ग्लोबल मार्केट में कीमतें ऊपर चढ़ रही हैं। आगामी महीनों में चांदी की ऊंची कीमत बनी रहेंगी।

# डायसन ने लॉन्च किया नया एयर प्यूरीफायर

### 0.3 माइक्रोन छोटे पार्टिकल्स भी होंगे कैप्चर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डायसन ने भारत में हशजेट प्यूरीफायर कॉमपैक्ट लॉन्च किया। डायसन का नया एयर प्यूरीफायर दो कलर ऑप्शन में उपलब्ध है और इसमें बदबू खत्म करने के लिए एक एक्टिवेटेड कार्बन फिल्टर लगा है। इसमें एक इलेक्ट्रोस्टैटिक फिल्टर है जिसके बारे में दावा किया गया है कि ये 0.3 माइक्रोन जितने छोटे पार्टिकल्स को भी पकड़ सकता है। डायसन हशजेट प्यूरीफायर कॉम्पैक्ट को मॉयडायसन ऐप से मैनेज किया जा सकता है और ये यूजर्स को रियल-टाइम में एयर क्वालिटी मॉनिटर करने और सेटअप शेड्यूल करने की सुविधा देता है। नया प्रोडक्ट अमेजन एलेक्जा और गूगल असिस्टेंट के जरिए वॉयस कंट्रोल को भी सपोर्ट करता है और इसमें एक एलसीडी पैनल है जो डिवाइस के चारों ओर एयर क्वालिटी दिखाता है। भारत में डायसन हशजेट प्यूरीफायर कॉम्पैक्ट की कीमत 29,900 रुपये रखी गई है। ये ब्लैक और टील कलर ऑप्शन में मौजूद है और इसे कंपनी की वेबसाइट और देश भर के डायसन स्टोर्स से खरीदा जा सकता है।



### कॉपैक्ट और पोर्टेबल एयर प्यूरीफायर

डायसन हशजेट प्यूरीफायर कॉम्पैक्ट एक पोर्टेबल एयर प्यूरीफायर है और इसमें स्टार के आकार का हशजेट एनट्रेनमेंट नोजल है, जो डायसन की ट्रेडिशनल एयर मल्टीप्लायर टेक्नोलॉजी की जगह लेता है। इलेक्ट्रोस्टैटिक फिल्ट्रेशन के साथ, एयर प्यूरीफायर के बारे में दावा किया गया है कि ये 0.3 माइक्रोन जितने छोटे 99.97 प्रतिशत पार्टिकल्स को पकड़ कैप्चर कर लेता है, जिसमें मोल्ड और एलर्जन शामिल हैं। ये पांच साल तक की एडवर्टाइज्ड फिल्टर लाइफ के साथ आता है। डायसन हशजेट प्यूरीफायर कॉम्पैक्ट की सीएडीआर रेटिंग 250 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा है। कंपनी का कहना है कि ये 1076 स्क्वायर फीट तक के एरिया को कवर कर सकता है। डायसन का दावा है कि हशजेट का नोजल स्लीप मोड में 24डीवी की धीमी आवाज में साफ हवा देता है। प्यूरीफायर को कई तरह के इनडोर पॉल्यूटेंट्स को इकट्ठा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें पीएम2.5, पीएम10, पालतू जानवरों की रूसी, मोल्ड स्पोर्स और खाना पकाने से निकलने वाले नाइट्रोजन डाइऑक्साइड वगैरह शामिल हैं। इसमें रियल टाइम में एयर क्वालिटी मॉनिटर करने के लिए इनबिल्ट सेंसर हैं। ये ऑटोमैटिकली परफॉर्मेंस भी एडजस्ट कर सकता है।

### टीसीएस बेस्ड सेल्सफोर्स पार्टनर कोस्टल क्लाउड को 700 मिलियन में खरीदेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, ग्लोबल आईटी सर्विसेज कंपनी, कोस्टल क्लाउड में 100 प्रतिशत स्टेक खरीदेगी। कोस्टल क्लाउड, एक यूएस बेस्ड सेल्सफोर्स समिट पार्टनर है जो सेल्सफोर्स कंसल्टिंग में स्पेशलाइज करता है, और इसके लिए उसे 700 मिलियन का ऑल-कैश अमाउंट देना होगा। 2012 में शुरू हुई, कोस्टल क्लाउड एक लीडिंग मल्टी-क्लाउड सेल्सफोर्स कंसल्टिंग फर्म है जो एंटरप्राइज-स्केल ट्रांसफॉर्मेशन में स्पेशलाइज करती है। सेल्सफोर्स समिट पार्टनर के तौर पर, कोस्टल क्लाउड के कस्टमर के साथ गहरे रिश्ते और पार्टनरशिप हैं। इसके पास सेल्सफोर्स पार्टनर एडवाइजरी बोर्ड में नॉमिनेशन भी हैं, जिससे फर्म को प्रोडक्ट इनोवेशन को आकार देने और नए लॉन्च को सपोर्ट करने के लिए जरूरी सर्विसेज डेवलप करने में मदद मिलती है। वहीं सीईओ एरिक बेरिज ने कहा कि हमारी टीम की सेल्सफोर्स और मल्टी-क्लाउड एक्सपर्टीज, टीसीएस की ग्लोबल पहुंच, एडवांस्ड एआई क्षमताओं और एंटरप्राइज-स्केल सॉल्यूशंस के साथ मिलकर, हमें बदलाव की ज़रूरतों के बड़े स्पेक्ट्रम में कस्टमर्स को सपोर्ट करने में मदद करेगी।

### उबर ने बेंगलुरु में शुरू की बी2बी लॉजिस्टिक्स सेवाएं

**बेंगलुरू, जेएनएन।** बेंगलुरू में उबर अपनी नई सेवा की शुरुआत करने जा रहा है, जिसके तहत अब उपभोक्ताओं को केएफसी, बर्गर किंग, टाको बेल और रेबेल फूड्स जैसे लोकप्रिय फूड ब्रांड्स से सीधे घर पर खाना मंगवाने की सुविधा मिलेगी। यह सेवा उबर की बी2बी मॉडल पर आधारित है, जिसमें कंपनी अपनी टू-व्हीलर डिलिवरी सर्विस का उपयोग करते हुए ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के माध्यम से राजस्व उत्पन्न करेगी। पहले उबर केवल जेप्टो और केपीएन फार्म फ्रेश के ऑर्डर्स की डिलिवरी संभाल रहा था, लेकिन अब कंपनी ने फूड डिलिवरी को भी अपने दायरे में शामिल कर लिया है। इस सेवा को उबर ऐप पर मेट्रो पार्टनरशिप के साथ लॉन्च किया गया है, जिससे शहर के भीतर टू-व्हीलर डिलिवरी के जरिए तेजी से सप्लाई संभव हो सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष


### भोपाल समेत 6 जिलों में ...


राजगढ़, इंदौर, शाजापुर और शहडोल में शीत लहर चलने की संभावना है।

वर्तमान में तेज ठंड का कारण बर्फीली हवाएं हैं। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार एक से दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ रहा है, जिससे उत्तरी भारत खासकर पहाड़ी क्षेत्र में मौसम बदलेगा। यहां बर्फबारी रुकेगी। इसका असर मप्र में देखने को यह मिलेगा कि यहां ठंड कम हो जाएगी, अभी तो शीत लहर का प्रभाव यह कुछ दिन नहीं रहेगा।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर (डीजल), उत्तर मध्य रेल, झॉंसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं : झॉंसी-एम-डीजल-डब्ल्यू0सी0-टी-12-2025-26 | निविदा मूल्य : रू0. 83,62,543.82/-

कार्य का विवरण : डीजल लोको शेड झॉंसी में दो नंबर 4 पहिया टावर वैगन सं0 0071 एवं 0122 मार्क- IV की आवधिक ओवरहॉलिंग शिड्यूल (पीओएच)।

बयाना राशि : रू0 1,67,300/- | निविदा प्रपत्र कीमत : रू0 0.00/-

निविदा बंद होने की तिथि : 09.01.2026 | समापन अवधि : 03 माह

निविदाकार **दिनांक 09.01.2026 को 15:00 बजे** तक निविदा आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 2380/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**

State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal – 462011 (M.P.)

www.mpsedc.mp.gov.in

MPSEDC/Drone/2025/662 Date: 11.12.2025

**NOTICE FOR INVITING TENDER (NIT)**

**Request for Proposal for Selection of Agency for Narmada Parikrama Survey Using Drone, Aircraft, or Helicopter for State Government Projects**

MPSEDC invites proposals from suitable agencies for Request for Proposal for Selection of Agency for Narmada Parikrama Survey Using Drone, Aircraft, or Helicopter for State Government Projects.

For detail scope of work and other terms and conditions, please refer the tender document available at **https://mptenders.gov.in.** Interested Agencies who qualify as per the criteria mentioned in the tender document, may submit their proposals online through the **https://mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/123480/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER**

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.: C/JHS/158/GWL-ORAI/WVMs/e-Auction/2025 दिनांक: 04.12.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी:** Misc-Static-Service-Water Vending Machines

**केटलोग संख्या:** WVM-ORAI-3-25

**एसेट्स डिटेल्स:** झाँसी मंडल के ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वाटर वेडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी।

| यूनिट्स (स्टेशन) | प्लेटफार्म एवं लोकेशन |
|---|---|
| 02 -यूनिट- (उरई रेलवे स्टेशन) | (1) पिलर नंबर 1241/26 और 1241/24 के बीच - कानपुर (CNB) छोर प्लेटफॉर्म संख्या 01<br>(2) पिलर नंबर 1241/20 और 1241/21 के बीच - झाँसी (JHS) छोर प्लेटफॉर्म संख्या 01 |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय:** दिनांक 24.12.2025 को समय- 11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय:** दिनांक 24.12.2025 को समय- 11:30 तक

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **2370/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**Government of Madhya Pradesh**
Higher Education Department,
State Project Directorate,
Satpura Bhavan, Ground Floor, Wing "Khaa" Bhopal -462004 (MP)

**Tender Notice -NIT No: 139/SPD/WB/RFQ/2025/Geography Lab**

The State Project Directorate (SPD), Higher Education Department, Madhya Pradesh invites Request for Bid for Procurement of Goods- Supply, Installation, Testing, Commissioning and Training of Geography Laboratory Equipment - Item wise bid proposal to Higher Education Institutions. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 12-12-2025 onwards. Last date of Submission on 05-01-2026. This Tender Notice Information will also be available on https://www.highereducation.mp.gov.in/

जी-22610/25

Commissioner and Project Director
State Project Directorate
Higher Education Department

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
मुख्यालय, भोपाल

क्र./परिवहन/निविदा/785535/2025-26/NIT No./1080 भोपाल, दिनांक 11.12.25

**परिवहन कार्य अवधि वर्ष 2025-27 हेतु द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2025-27 हेतु परिवहन कार्यों की ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling, Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से जिलों/रैक प्वाइन्टस/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

01. LRT (रबी-खरीफ उपार्जन)
02. LRT (सामान्य)
03. HLRT (खाद्यान्न)
04. HLRT (बारदाना)

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने से संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 ( 9:00 am - 10:00 pm Mon. to Sat. ) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/123477/2025 **महाप्रबंधक (परिवहन)**

**लोक अभियोजन संचालनालय मध्यप्रदेश**
भदभदा रोड भोपाल पिनकोड - 462003
कार्यालय का दूरभाष नं. 2771806
E-mail - ppofficebho@mp.gov.in

क्रमांक-लोक.अभि.संचा./स्टोर/2258/2025, भोपाल, दिनांक 02/12/2025

**/ / निविदा-प्रपत्र सूचना //**

-::लेखन सामग्री ( स्टेशनरी ) एवं अन्य ओसीसी सामग्री प्रदाय संबंधी निविदा शीट ::-

| विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|
| जारीकर्ता | संचालक, लोक अभियोजन म.प्र. भोपाल |
| निविदा डाक्यूमेंट की उपलब्धता | https://mptenders.gov.in निविदा प्रपत्र में होने वाले परिवर्तन एवं आवश्यक सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 2,000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) | 30,000/- |
| धरोहर राशि का प्रस्तुतीकरण | संचालक, लोक अभियोजन म.प्र. भोपाल के नाम से आनलाइन |
| निविदा ऑनलाइन जमा करने प्रारंभ तिथि | दिनांक 08.12.25 समय सुबह 10:00 से |
| निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30.12.25 समय शाम 05:00 तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक 02.01.26 समय दोपहर 12:00<br>वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक 08.01.26 समय दोपहर 03:00 |
| निविदा खोलने का स्थान | लोक अभियोजन संचालनालय भदभदा रोड भोपाल 462003 |

नोट-
1. सम्पर्क अधिकारी-श्री रामेश्वर प्रसाद कुमरे, प्र. संयुक्त संचालक, मो. 7587603612
2. निविदा प्रपत्र शुल्क/निविदा प्रपत्र ऑनलाइन (http:mptenders.gov.in) के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है ।
3. लोक अभियोजन संचालनालय की वेबसाइट eprosecution.mp.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

जी-22589/25

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

( आर.पी. कुमरे )
प्र. संयुक्त-संचालक
लोक अभियोजन, भोपाल



# टी-20 में भारत की घर में सबसे बड़ी हार

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 51 रन से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की

**जेएनएन, मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)**

दक्षिण अफ्रीका ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (90) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर गुरुवार को दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 51 रन से हराकर पांच मैच की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में घर पर भारत की सबसे बड़ी हार है। इससे पहले टीम को इस प्रारूप में घरेलू जमीन पर दक्षिण अफ्रीका ने ही 2022 में 49 रनों से हराया था अब तीसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जाएगा। पहले मैच में महज 74 रन पर आउट होने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 213 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। डिकॉक ने कप्तान एडेन मारक्रम (29) के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 83 रन की भागीदारी निभाई। डोनोवन फरेरा ने नाबाद 30 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया। भारत ने पारी में 16 वाइड गेंद डाली और 22 अंतिरिक्त रन दिए, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने केवल पांच अतिरिक्त रन दिए। इस तरह भारत ने अंतिम 10 ओवर में 123 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत काफी खराब रही, जिससे टीम उबर नहीं सकी और तिलक वर्मा (62) के अर्धशतक के बावजूद 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 27, अक्षर पटेल ने 21 और हार्दिक पंड्या ने 20 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए आटेनील बार्टमैन सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार ओवर में 24 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और लुथे सिपमाला को दो-दो विकेट मिले। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहली बार किसी टी-20 पारी में सभी 10 विकेट लिए।




**13** गेंदों वाला ओवर अर्शदीप ने डाला। वे ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के दूसरे गेंदबाज बन गए। इसमें 6 लीगल डिलिवरी और 7 वाइड शामिल रहीं। यह पहला मौका है, जब किसी गेंदबाज ने एक ओवर में 7 वाइड बॉल फेंकी। इससे पहले हार्दिक पंड्या ने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और खलील अहमद ने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ पांच-पांच वाइड गेंदें की थी। 2024 में अफगानिस्तान के नवीन उल हक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में एक ओवर में कुल 13 गेंदें की। इसमें 6 वाइड और एक नो बॉल थी।



**05** बार भारत के खिलाफ टी-20 में 50 से अधिक रन बनाने वाले डिकॉक दक्षिण अफ्रीका के पहले खिलाड़ी बने। उनके अलावा इंग्लैंड के जोस बटलर और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने यह कारनामा किया है। डिकॉक भारत के खिलाफ टी-20 में तीसरी सबसे बड़ी पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बन गए हैं। डीकॉक ने टी-20 में अपना 17वां अर्धशतक पूरा किया।

### युवराज और हरमनप्रीत के नाम पर स्टैंड



विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के सम्मान में न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम के दो स्टैंड उनके नाम पर किए गए। वनडे विश्व कप 2011 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे युवराज और भारत को हाल में पहला महिला विश्व कप दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत इस मौके पर अपने परिवार, दोस्तों के साथ थे।

### स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका: 213/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक रनआउट | 90 | 46 | 5 | 7 |
| रीजा हेंड्रिक्स बो. वरुण | 8 | 10 | 0 | 1 |
| मारक्रम का. अक्षर बो. वरुण | 29 | 26 | 1 | 2 |
| ब्रेविस का. तिलक बो. अक्षर | 14 | 10 | 1 | 1 |
| डॉनोवन फरेरा नाबाद | 30 | 16 | 1 | 3 |
| डेविड मिलर नाबाद | 20 | 12 | 2 | 1 |

**अतिरिक्त:** 22, **कुल:** 20 ओवर में चार विकेट पर 213 रन, **विकेट पतन:** 1-38, 2-121, 3-156, 4-160, **गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-54-0, बुमराह 4-0-45-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-29-2, अक्षर पटेल 3-0-27-1, हार्दिक पंड्या 3-0-34-0, शिवम दुबे 2-0-18-0.

**भारत: 162/10 (19.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. डिकॉक बो. यानसन | 17 | 8 | 0 | 2 |
| शुभमन का. हेंड्रिक्स बो. एन्गिडी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| अक्षर का. हेड्रिक्स बो. बार्टमैन | 21 | 21 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार का. डिकॉक बो. यानसन | 5 | 4 | 1 | 0 |
| तिलक वर्मा का. मारक्रम बो. एन्गिडी | 62 | 34 | 2 | 5 |
| हार्दिक का. ब्रेविस बो. सिपामला | 20 | 23 | 0 | 1 |
| शर्मा का. बार्टमैन बो. सिपामला | 27 | 17 | 2 | 2 |
| शिवम दुबे बो. बार्टमैन | 1 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप का. मिलर बो. बार्टमैन | 4 | 3 | 1 | 0 |
| वरुण का. मारक्रम बो. बार्टमैन | 0 | 2 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 0 | 0 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 5, **कुल:** 19.1 ओवर में 162 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-9, 2-19, 3-32, 4-67, 5-118, 6-157, 7-158, 8-162, 9-162, 10-162, **गेंदबाजी:** एन्गिडी 3.1-0-26-2, यानसन 4-0-25-2, लुथो सिपामला 4-0-46-2, डॉनोवन फरेरा 1-0-14-0, बार्टमैन 4-0-24-4, जॉर्ज लिंडे 3-0-23-0.

## खेल एक नजर


### हिंदी कमेंट्री का स्तर गिर रहा है: आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आधुनिक युग में हिंदी कमेंट्री का स्तर फैंस के दिलों में घर नहीं कर पा रहा है। क्रिकेट के तकनीकी पहलुओं पर बात करने के बजाए शेरो-शायरी को ज्यादा तवज्जो दी जा रही है। राइमिंग का चलन काफी बढ़ गया है। इस पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने बताया कि कमेंट्री पैनल में मौजूद अलग-अलग लोगों का क्या काम होता है। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बताया, हर किसी को अपना एक फ्लेवर लाना है। लोग अपनी पहचान बनाना चाह रहे हैं। ऐसे में लगने लगा है कि आप मुशायरे में आए हैं। टेस्ट मैच में तुकबंदी नहीं दिखेगी। वहां कहानियों की जगह है। टी-20 में हर चौथी गेंद पर चौका-छक्का लगता है। लिमिटेड टाइम है, ऐसे में क्रिकेट की बात नहीं हो पाती है। आकाश ने बताया, कमेंट्री में 3 लोगों का पैनल होता है। एक कॉलर होता है, एक एक्सपर्ट होता है और एक कलर होता है। कॉलर का काम होता है वह एक्शन को कॉल करता है। लगातार चौके लगते हैं तो उसे 4-6 शब्दों में बयां करना होता है। कॉलर के बाद आता है एक्सपर्ट का रोल। एक्सपर्ट रिप्ले में समझाता है कि यह कैसे लगा। इसके बाद तीसरे का रोल आता है। पहले 2 कमेंटेटर से जो चीज मिस होती हैं, उसके बारे में तीसरा बताता है। हालांकि, तीनों लोग इस समय लच्छेदार भाषा में बात कर रहे हैं, ऐसे में कमेंट्री का स्तर गिर रहा है।



### स्क्वाश: भारत ने ब्राजील को हराया

**चेन्नई, जेएनएन।** पहले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुके मेजबान भारत ने गुरुवार को स्क्वाश विश्व कप के अपने आखिरी पूल-बी मैच में पदार्पण कर रहे ब्राजील को 4-0 से हरा दिया। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने दुनिया के 183वें नंबर के खिलाड़ी पेड्रो मोमेटो को 3-0 (7-5, 7-2, 7-2) से हराया। इसके बाद भारत की 17 साल की उभरती हुई स्टार अनाहत सिंह ने बढ़त को दोगुना कर दिया। उन्होंने 14 मिनट में लॉरा सिल्वा को 3-0 (7-4, 7-0, 7-2) से हरा दिया। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी अभय सिंह ने डिएगो गोबी के खिलाफ 3-0 (7-3, 7-1, 7-1) की शानदार जीत के साथ मैच टीम के नाम कर दिया। अनुभवी जोशना चिनप्पा को आखिरी मैच में वाकओवर मिला। भारत शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।



# चैंपियंस लीग: एर्लिंग का 55वां गोल, मैनचेस्टर सिटी से हारा रियाल मैड्रिड, आठ में से जीते दो मैच

**जेएनएन, मैनचेस्टर, (इंग्लैंड)**

रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर सिटी से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसके कोच जाबी अलोंसो के भविष्य को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। आर्सेनल ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-0 की जीत से अपना अजेय अभियान जारी रखा और वह अंक तालिका में तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच बुधवार को हुआ मुकाबला इस राउंड का सबसे चर्चित मैच था। इस सप्ताह के शुरू में खबरें आई थी कि अलोंसो का पद खतरे में है और अब एक और हार के बाद उनकी स्थिति को लेकर अटकलें और तेज होने की संभावना है। रियाल मैड्रिड ने अब तक आठ मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल की है। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी, लेकिन हाफ टाइम से पहले निको ओरेली और एर्लिंग हालैंड के गोल ने मैनचेस्टर सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। रिकॉर्ड 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियाल मैड्रिड तालिका में सातवें स्थान पर है। केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी। इस बीच आर्सेनल का शानदार प्रदर्शन बरकरार है। उसकी तरफ से नोनी मैडुके ने दो, जबकि गैब्रियल मार्टिनेली ने एक गोल किया। पीएसजी का बिलबाओ के खिलाफ पूरे अंक हासिल करने का सपना पूरा नहीं हो पाया। इटली के चैंपियन नेपोली को बेनफिका से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि युवेंटस ने पाफोस को 2-0 से हराया।



- एर्लिंग हॉलैंड ने रियल मैड्रिड के घरेलू मैदान (सैंटियागो बर्नब्यू) पर अपना पहला गोल दागा। साथ ही, यह चैंपियंस लीग में 54 मैचों में उनका 55वां गोल था।
- फरवरी 2020 के बाद यह पहली बार है जब रियल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग के किसी मैच में पहला गोल किया हो लेकिन फिर भी मैच हार गई हो। इससे पहले वे ऐसा करने पर लगातार 37 मैचों में नहीं हारे थे।

# अंडर-19 एशिया कप में भारत का सामना आज यूएई से, वैभव होंगे आकर्षण का केंद्र

**जेएनएन, दुबई**

भारत के एशिया कप अंडर-19 अभियान की अगुआई युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे करेंगे, लेकिन सभी का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इन युवा खिलाड़ियों को अपने पाकिस्तानी समकक्षों से हाथ मिलाने की इजाजत देगा या नहीं। मुंबई और चेन्नई सुपरकिंग्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, तो वहीं रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच निश्चित रूप से जूनियर महाद्वीपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक सुर्खियां बटोरेगा, जिसे अगले साल की शुरुआत में होने वाले विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के तौर पर देखा जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों ने भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते सीनियर पुरुषों के एशिया कप, उसके बाद महिला वनडे विश्व कप और राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। हालांकि जब अंडर-19 क्रिकेटर्स की बात आती है तो माना जाता है कि आईसीसी भी चाहता है कि राजनीति को इससे दूर रखा जाए और खेल भावना के सामान्य नियमों का पालन किया जाए। भारत और पाकिस्तान का ग्रुप-ए से शीर्ष दो टीम के तौर पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करना लगभग तय है, क्योंकि ग्रुप की अन्य दो टीम मलेशिया और यूएई हैं, जिन्हें 50 ओवर का क्रिकेट खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है।



**भारत अंडर-19 टीम:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन ए पटेल, नमन पुष्पक, डी दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उद्धव मोहन और आरोन जॉर्ज।

# ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 विश्व कप टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी शामिल

**मेलबर्न, जेएनएन।** भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं, जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं, जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे, जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे सीरीज में भारत के खिलाफ खेली थी। भारतीय मूल के क्रिकेटरों के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में श्रीलंकाई मूल के दो खिलाड़ी (नादेन कूरे और नितेश सैमुअल) और चीनी मूल का एक खिलाड़ी (एलेक्स ली यंग) भी शामिल हैं। ओलिवर पीक टीम के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच टिम नीलसन ने कहा कि आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।



**अंडर-19 पुरुष टीम:** ओलिवर पीक, कैसी बार्टन, नादेन कूरे, जेडन ड्रेपर, बेन गॉर्डन, स्टीवन होगन, थॉमस होगन, जॉन जेम्स, चार्ल्स लाचमंड, विल मलाजचुक, नितेश सैमुअल, हेडन शिलर, आर्यन शर्मा, विलियम टेलर, एलेक्स ली यंग।

# डेब्यू टेस्ट में मिच हे ने दिलाई न्यूजीलैंड को बढ़त

## दूसरा टेस्ट: कॉन्वे और मिच के अर्धशतक, कीवी टीम पहली पारी में 278 पर सिमटी

**जेएनएन, वेलिंगटन**

मिच हे ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अपनी पहली पारी में ही 61 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में 73 रन की बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के 205 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 278 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए हैं और वह अभी न्यूजीलैंड से 41 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय ब्रैंडन किंग 15 और केवम हॉज तीन रन पर खेल रहे थे।



माइकल रे ने जॉन कैंपबेल (14) को बोल्ड किया, जबकि जैकब डफी ने नाइटवॉचमैन एंडरसन फिलिप (00) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। सात वनडे और 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके विकेटकीपर बल्लेबाज मिच हे को चोटिल टॉम ब्लंडेल के स्थान पर टेस्ट क्रिकेट में मौका दिया गया। न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी बिना किसी नुकसान के 24 रन से आगे बढ़ाई। कप्तान टॉम लैथम (11) ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए, लेकिन उनके सलामी जोड़ीदार डेवोन कॉनवे ने 60 रन की उपयोगी पारी खेली। पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने 37 रन बनाए। दिन के पांचवें ओवर में केमार रोच की गेंद पर लैथम बोल्ड हो गए। विलियमसन को फिलिप ने बोल्ड किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

# इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल : आरजीपीवी और देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी का विजयी आगाज

**भोपाल, खेप्र।** आरजीपीवी और देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने एलएनसीटी में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में जीत के साथ शानदार आगाज किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को पूल-ए और पूल-बी के रोमांचक मुकाबले खेले गए। एलएनसीटी कैंपस में खेले गए मुकाबले में आरजीपीवी ने कर्णावती को 3-0 से, गुजरात यूनिवर्सिटी ने एसकेआई यूनिवर्सिटी को 3-0 से, मुंबई यूनिवर्सिटी ने मेवाड़ को 3-0 से, भूपल नोबल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी को 3-0 से, एसआरटीएम यूनिवर्सिटी नांदेड़ ने एमआईटी एडीटी पुणे को 3-0 से, आरजीपीवी ने आरआरबीएमयू अलवर को 3-0 से, गोवा यूनिवर्सिटी ने आरडीवीवी जबलपुर को 3-1 से, मणिपाल ने गुजरात टेक्निकल यूनिवर्सिटी को 3-0 से, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ने गणपत विद्यानगर को 3-1 से, देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने महाराजा सूरजमल बृज यूनिवर्सिटी को 3-0 को हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया।



# अंडर-18 क्रिकेट: ओजस व कुश के शतक से प्रेसिडेंट इलेवन 400 पार

**भोपाल, खेप्र।** ओजस शुक्ला और कुश राजपूत की शतकीय पारी की बदौलत प्रेसिडेंट इलेवन ने स्व. जीएस पठानिया सर अंडर-18 दो दिवसीय बॉयज इंटर क्लब/अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में रेलवे गर्वित के खिलाफ पहले दिन 440 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ओल्ड फ्रेंड्स मैदान पर प्रेसिडेंट इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट खोकर 440 रन बना लिए। ओजस ने 162 और कुश ने 115 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय आलिफ हसन 59 रन पर खेल रहे थे। रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी जसमीत सिंह और प्रीत श्रीवास ने 1-1 विकेट हासिल किया।

# निर्मल का अर्धशतक, अंतिम ओवर में सीहोर की एक विकेट से रोमांचक जीत

**भोपाल, खेप्र।** निर्मल मेवाड़ा के अर्धशतक की बदौलत सीहोर डिस्ट्रिक्ट ने अंडर-18 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले में विदिशा को एक विकेट से शिकस्त दी। कनारा मैदान पर विदिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन बनाए। जय रघुवंशी ने नाबाद 74 और हर्षित शर्मा ने 47 रन बनाए। सीहोर के सक्षम त्यागी ने 4 और हार्दिक वर्मा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीहोर ने 44.1 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निर्मल मेवाड़ा ने नाबाद 72 रन बनाए। विदिशा के अतुल कुशवाहा, मोहित प्रजापति और अमन नरवरिया ने 2-2 विकेट लिए।



# इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत चैंपियन, अस्थिबाधित में महाराष्ट्र बना विजेता

**भोपाल, खेप्र।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट में श्रीलंका को शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि राष्ट्रीय अस्थिबाधित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड को हराकर महाराष्ट्र की टीम चैंपियन बनी। यह टूर्नामेंट शहर के ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेला गया, जहां इन खिलाड़ियों के हौंसले और दृण शक्ति ने हर व्यक्ति को प्रेरित किया। विजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कार खेल मंत्री कैलाश विश्वास सारंग, बिशप दुरई राज, राघवेंद्र शर्मा, डॉ. एम जकरिया और डॉ. विजय ने प्रदान किए।



**झारखंड** की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में एक विकेट गंवाकर 53 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र ने दो विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संयुक्ता इक्का (झारखंड), बेस्ट बैटर आशा (मध्यप्रदेश), बेस्ट बॉलर पुष्पा मिंच और बेस्ट फील्डर जयश्री (महाराष्ट्र) रहीं।



**श्रीलंका** ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 137 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने छह विकेट खोकर खिताब अपने नाम कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच व गेंदबाज आर कोटेश्वर और जबकि प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट व बल्लेबाज परशुराम, जबकि बेस्ट फील्डर श्रीलंका के दिनेश को चुना गया।



वाराणसी में गंगा नदी पुल के नीचे से गुजरता कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड का बनाया हुआ भारत का पहला स्वदेशी हाइड्रोजन-फ्यूल पैसेंजर जहाज। इसका कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

## टीएमसी सांसद सदन में पी रहे ई-सिगरेटः ठाकुर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन लोकसभा सदन में ई-सिगरेट पीने का विवाद चर्चा में रहा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने स्पीकर ओम बिरला को शिकायत करते हुए कहा, टीएमसी सांसद सदन में ई-सिगरेट पी रहे हैं। इस पर स्पीकर ने कहा कि एक्शन लिया जाएगा। इसके बाद संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा- केंद्रीय मंत्री की बात छोड़िए, हम सदन परिसर में ई-सिगरेट पी सकते हैं। बिल्डिंग के अंदर सिगरेट नहीं पी सकते, लेकिन बाहर पी सकते हैं। इधर, विपक्ष के सवाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पेंट की जेब हाथ डाले हुए ही जबाव दे रहे थे। इस पर स्पीकर बिरला ने उन्हें टोका और कहा कि माननीय सांसद जेब से हाथ निकालकर जबाव दें। इस पर हरदीप सिंह पुरी ने तत्काल हाथ बाहर निकाले। इधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सुबह लोकसभा पहुंचे। जैसे ही वे कार उतरे तो कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने उनसे मुलाकात की। रमेश ने 'सरदार पटेल की इनसाइड स्टोरीः मणिबेन पटेल की डायरी' नाम की किताब सौंपी।

## संक्षिप्त समाचार

2020 दिल्ली दंगे का मामला

### पांच साल बाद खालिद को मिली जमानत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद को गुरुवार को दिल्ली की ट्रायल कोर्ट से दो सप्ताह की अंतरिम जमानत मिल गई है।



अदालत ने कहा कि खालिद अपनी बहन की शादी में शामिल हो सकें। इसलिए उन्हें 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक जमानत पर रिहा किया जा रहा है। उमर खालिद सितंबर 2020 से जेल में बंद हैं और उन पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा और यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) के तहत कई गंभीर आरोप हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने कहा कि चूंकि शादी खालिद की सगी बहन की है, इसलिए मानवीय आधार पर जमानत आवेदन स्वीकार किया जाता है। अदालत ने उन्हें 20,000 रुपए के निजी मुचलके और इसी राशि के दो जमानती के आधार पर जमानत दी है। जमानत की शर्तों में सोशल मीडिया का उपयोग बिल्कुल न करना और चुनिंदा मित्रों से ही मिलना शामिल है।

### लुकआउट सर्कुलर हटाने को 60 करोड़ जमा करें




**मुंबई, जेएनएन।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को बॉम्बे हाई कोर्ट ने निर्देश दिया कि उनके खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर तभी हटाया जाएगा, जब वे 60 करोड़ जमा करें या किसी नेशनलाइज्ड बैंक की निरंतर बैंक गारंटी प्रस्तुत करें। यह आदेश चीटिंग केस में आया है, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि दंपति ने 2015 से 2023 के बीच उसके 60 करोड़ के निवेश का दुरुपयोग किया। दंपति ने अदालत से सर्कुलर निलंबित करने की मांग इसलिए की, क्योंकि राज कुंद्रा के बीमार पिता लंदन में गंभीर हालत में हैं। याचिका में बताया गया कि उन्हें क्रॉनिक और अस्पष्ट आयरन-अमोनिया की कमी है, जिससे खून की कमी, सांस लेने में दिक्कत और गंभीर जटिलताएं हो रही हैं। डॉक्टरों ने कैप्सूल एंडोस्कोपी या डबल-बैलून एंटरॉस्कोपी कराने की सलाह दी है। इस वजह से दंपति ने 20 जनवरी 2026 से पहले यात्रा की अनुमति मांगी थी।

गोवा अग्निकांडः पांच दिन बाद शिकंजे में बिर्च नाइट क्लब के मालिक गौरव और सौरभ

# थाईलैंड में पकड़े गए लूथरा ब्रदर्स कोर्ट ने राहत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गोवा के बिर्च नाइट क्लब में अग्निकांड के पांचवें दिन गुरुवार को क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया गया। थाइलैंड पुलिस ने दोनों भाइयों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें उनके हाथों में हथकड़ी लगी है। वे अपने पासपोर्ट के साथ दिख रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, भारतीय अधिकारियों की एक टीम थाईलैंड के लिए रवाना हो चुकी है और 24 घंटे के भीतर लूथरा ब्रदर्स को वापस लेकर आएगी। संभावना है कि भारत लाने के बाद गोवा पुलिस दोनों को अपनी हिरासत में लेगी। बिर्च नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई भारत छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे। दोनों पर गैर इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। हादसे में समय क्लब में नीचे पार्टी चल रही थी। छत पर आग लगने से धुआं भर गया, जिससे लोगों का दम घुटा।



पुलिस गिरफ्त में गौरव और सौरभ लूथरा।

### कोर्ट में लूथरा ब्रदर्स की दलील- देश लौटना चाहते हैं

लूथरा ब्रदर्स ने बुधवार को दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी, जिस पर कल सुनवाई हुई। आरोपियों के वकील ने कोर्ट में कहा कि दोनों भाई अपने काम के सिलसिले में थाईलैंड गए थे और अब भारत लौटना चाहते हैं। दोनों भाइयों ने अग्रिम जमानत की मांग करते हुए कहा कि भारत पहुंचने पर हमें गिरफ्तार किया जा सकता है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में बताया कि गोवा की एक अदालत ने उनके खिलाफ पहले ही गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया था।

### लूथरा ब्रदर्स का बिजनेस पार्टनर सहित 6 गिरफ्तार

नाइट क्लब अग्निकांड मामले में पुलिस ने अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें नाइट क्लब के चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोदक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया, गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर और कर्मचारी भरत कोहली शामिल हैं। पुलिस ने बुधवार को क्लब के 4 मालिकों में से एक अजय गुप्ता को दिल्ली से गिरफ्तार किया। वह मूलरूप से जम्मू का निवासी है, लेकिन दिल्ली में रहता है। दिल्ली के साकेत कोर्ट ने गुप्ता को 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा।

### बिजनेस के लिए गए थे विदेश

दिल्ली की रोहिणी कोर्ट की एडिशनल सेंशंस जज वंदना ने गुरुवार को गोवा नाइट क्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया। इन दोनों पर उनके नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद केस दर्ज किया गया था। दिल्ली निवासी दोनों मालिक इस हादसे के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए थाईलैंड भाग गए थे। उन्होंने 10 दिसंबर को दिल्ली कोर्ट में ट्रांजिट एंटीसिपेटरी बेल के लिए अर्जी दी, जिसमें कहा गया कि वे भारत से भागे नहीं थे, बल्कि बिजनेस के लिए थाईलैंड गए थे।

### को-पार्टनर गुप्ता को 7 दिन की पुलिस कस्टडी

नाइटक्लब के को-पार्टनर अजय गुप्ता को गुरुवार को मापुसा में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कोर्ट में उस जगह पर लगी जानलेवा आग के सिलसिले में पेश किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, कोर्ट ने गुप्ता को आगे की जांच के लिए सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। नाइटक्लब के चार मालिकों में से एक गुप्ता को गोवा पुलिस ने दिल्ली में गिरफ्तार किया और दिल्ली के साकेत कोर्ट से 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद गोवा लाया गया।

### आग के बाद बुक किए थे थाईलैंड के टिकट

सौरभ और गौरव लूथरा ने थाईलैंड के लिए फ्लाइट टिकट उस समय बुक किए, जब गोवा में उनके नाइट क्लब में फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने और फंसे हुए लोगों को बचाने की कोशिश कर रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि लूथरा भाइयों ने 6-7 दिसंबर की रात 1.17 बजे ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी की वेबसाइट पर लॉग इन किया था। दोनों सुबह 5.30 बजे इंडिगो फ्लाइट 6ई1073 से दिल्ली से फुकेट के लिए रवाना हो गए।

### इंटरपोल ने जारी किया था ब्लू कॉर्नर नोटिस

गोवा पुलिस ने विदेश मंत्रालय और सीबीआई के जरिए इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन (इंटरपोल) से उनकी गिरफ्तारी की अपील की थी। इसके बाद इंटरपोल ने उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया था। लूथरा ब्रदर्स, उनके बिजनेस पार्टनर, मैनेजर और कुछ कर्मचारी दिल्ली के रहने वाले हैं। इसलिए गोवा पुलिस के साथ अब दिल्ली पुलिस भी अग्निकांड मामले की जांच कर रही है। दिल्ली में भी एक केस दर्ज किया गया है।

अरुणाचल में खाई में गिरा ट्रक, 21 की मौत

# 2 दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा मजदूर

**ईटानगर, जेएनएन।** अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई। दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप पहुंचा। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग-चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर 10 दिसंबर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।



### घनी झाड़ियों में फंसा था ट्रक, खोजने में लगे 4 घंटे

आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंचीं। दरअसल, ट्रक खाई में घनी झाड़ियों में फंसा हुआ था, जिससे यह दूर से नजर नहीं आ रहा था। बचाव टीमों को 18 शव मिल चुके हैं, जिन्हें बेले रोप्स की मदद से ऊपर लाया गया। मौके पर बचाव टीमें, मेडिकल टीमें, जीआरईएफ प्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें मौजूद हैं। अनजॉ के एडीसी हायुलियांग ने बताया कि जिला परिषद सदस्य और चगलगाम के ठेकेदारों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे कि मजूदरों की पहचान की जा सके।

## धर्मेंद्र के लिए हेमा की प्रार्थना सभा

### शाह से नड्डा तक कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के लिए दिल्ली में प्रार्थना सभा रखी। जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शाम 4 बजे शुरू प्रेयर मीट शुरू हुई। इसके पहले हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के लिए मुंबई स्थित घर में गीता पाठ कराया था। धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में हुआ था। इस प्रेयर मीट में हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की बेटियां ईशा देओल, अहाना देओल और दामाद वैभव वोहरा मौजूद थे। ईशा देओल के पूर्व पति और बिजनेसमैन भारत तख्तानी भी कार्यक्रम में पहुंचे। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और अश्विनी वैष्णव समेत कई नेता भी शामिल हुए। प्रेयर मीट में हेमा मालिनी, ईशा और अहाना ने मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर धर्मेंद्र की हेमा और बेटियों के साथ उनकी तस्वीरें सजाई गईं।

**सनी देओल ने भी आयोजित की थी प्रेयर मीटः** इससे पहले धर्मेंद्र के बेटे सनी देओल ने 27 नवंबर को मुंबई के बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल में उनकी याद में एक प्रेयर मीट आयोजित की, जिसे 'सेलिब्रेशन ऑफ लाइफ' नाम दिया गया। इस प्रेयर मीट में एक्टर के परिवार, दोस्त और बॉलीवुड के कई सेलेब्स मौजूद रहे थे। कार्यक्रम के मद्देनजर होटल ताज लैंड्स एंड में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

## बांग्लादेश में 12 फरवरी को होंगे आम चुनाव

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार शाम इसका ऐलान किया। यह चुनाव पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के डेढ़ साल बाद हो रहा है। 5 अगस्त 2024 को हुए तख्तापलट के बाद हसीना देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद से वहां पर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है। अगले साल होने वाले चुनाव में हसीना की पार्टी हिस्सा नहीं ले पाएगी। बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी अवामी लीग का पंजीकरण चुनाव आयोग ने मई 2025 में निलंबित कर दिया था। पार्टी के बड़े नेताओं को अंतरिम सरकार गिरफ्तार कर चुकी है। अवामी लीग चुनाव लड़ने और राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

राजस्थानः हनुमानगढ़ में ड्यून एथेनॉल फैक्ट्री का विरोध तेज

## किसान नेता बोले- 'हथियार जंग लगे थे, नहीं तो पुलिस लाशें बिछा देती'

**जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड की निर्माणाधीन फैक्ट्री को लेकर किसानों का विरोध बढ़ता जा रहा है। बुधवार को हुई हिंसा के बाद गुरुवार को भी इलाके में तनाव बना हुआ है।

प्रशासन ने प्रदर्शनस्थल पर 700 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव मंगेज चौधरी ने बुधवार को हुई पुलिस कार्रवाई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, 'पुलिस के हथियार जंग लगे थे, नहीं तो सैकड़ों लोगों की लाशें बिछ जाती।' उन्होंने कहा कि अब 17 दिसंबर को कलेक्ट्रेट घेराव किया जाएगा। जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।



### अब तक क्या हुआ

- 10 दिसंबर की हिंसा में 107 से अधिक लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए हैं।
- 40 से ज्यादा किसानों को हिरासत में लिया गया है।
- 36 पुलिस और बॉर्डर होमगार्ड जवान घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

## भगवा फहराने पर हत्यारे को फांसी, 9 को उम्रकैद

**बहराइच, जेएनएन।** उप्र के बहराइच में सालभर पहले हुई हिंसा में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने वाले सरफराज को फांसी की सजा दी गई है। हत्या में साथ देने पर सरफराज के पिता अब्दुल हमीद, दो भाई-फहीम व तालिब समेत 9 को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इससे पहले कड़ी सुरक्षा में सभी दोषियों को जेल से कोर्ट लाया गया। अदालत ने बारी-बारी से सभी आरोपियों के खिलाफ सजा सुनाई। कोर्ट में गहमागहमी रही। रामगोपाल की पत्नी रोली और दोषियों के परिजन कोर्ट पहुंचे थे। एक बच्ची रोती नजर आई। अपराधियों के घरों के बाहर फोर्स तैनात किया गया है। बहराइच एडीजे की कोर्ट ने 13 महीने 28 दिन में गुरुवार को फैसला सुनाया है। दो दिन पहले ही अदालत ने 13 अभियुक्तों में से 10 को मॉब लिंचिंग समेत कई धाराओं में दोषी करार दिया था।

## ममता बोलीं- एसआईआर में नाम कटे तो बर्तनों से लड़ो

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कृष्णानगर में रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा प्रहार किया।



उन्होंने कहा कि अमित शाह की राजनीति खतरनाक है और उनके रवैये में भय झलकता है। ममता ने कहा, 'शाह की एक आंख में आपको दुर्योधन और दूसरी में दुशासन दिखाई देगा।' ममता ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने महिलाओं से कहा, 'एसआईआर के नाम पर वे मांओं-बहनों के अधिकार छीन लेंगे। अगर आपका नाम मतदाता सूची से काटा गया तो आपके पास जो भी बर्तन-भांडे हैं, उनसे लड़ो। अपने अधिकारों की रक्षा करो। महिलाएं आगे रहेंगी, पुरुष पीछे।' उन्होंने दावा किया कि चुनाव के समय केंद्र सरकार दिल्ली से पुलिस बुलाकर मतदाताओं पर दबाव बना सकती है। ममता ने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एसआईआर को राजनीतिक हथियार की तरह उपयोग किया जा रहा है, ताकि वोटरों की सूची में मनचाही काट-छांट की जा सके।

सम्मान

टाइम मैग्जीन ने वर्ष 2025 के लिए दिया पुरस्कार

# एआई के वास्तुकार बने पर्सन ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टाइम पत्रिका ने गुरुवार को 'आर्किटैक्ट्स आफ एआई' को 2025 के लिए पर्सन आफ द ईयर नामित किया। पत्रिका ने 2025 को वह वर्ष बताया जब एआई की क्षमता तेजी से सामने आई और अब पीछे मुड़ना असंभव है। टाइम ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट में कहा, 'सोचने वाली मशीनों का युग लाने, मानवता को विस्मित और चिंतित करने, वर्तमान को बदलने और संभावनाओं से परे जाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वास्तुकार टाइम के 2025 के पर्सन आफ द ईयर हैं।'

पत्रिका ने जानबूझकर तकनीक के बजाय उन व्यक्तियों को चुना, जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कल्पना की, उसे डिजाइन किया और विकसित किया। हालांकि, इसके कुछ उदाहरण पहले भी मौजूद थे। मुख्य संपादक सैम जैकब्स ने चयन को लेकर कहा, 'हमने न केवल व्यक्तियों बल्कि समूहों का भी नाम लिया है। हमारे संस्थापकों की कल्पना से कहीं अधिक महिलाओं का नाम लिया है। हालांकि, अब भी पर्याप्त नहीं हैं और कुछ अवसरों पर एक अवधारणा का भी नाम लिया है। इनमें 1988 में संकटग्रस्त पृथ्वी




या 1982 में पर्सनल कंप्यूटर शामिल हैं। स्टीव जाब्स के बजाय पर्सनल कंप्यूटर को चुने जाने को लेकर जो विवाद हुआ, वह बाद में किताबों और फिल्मों का विषय बन गया।' शोध फर्म फोर्स्टर के प्रमुख विश्लेषक थामस हूसन ने कहा कि टाइम पत्रिका द्वारा एआई को शीर्ष स्थान देना स्वाभाविक था, क्योंकि 2025 वह वर्ष था जब यह शुरुआती यूजर्स द्वारा खोजी जा रही एक नई तकनीक से ऐसी तकनीक में बदल गया, जिसे बड़ी संख्या में उपभोक्ता अपने जीवन का अभिन्न अंग मानते हैं। एआइ शीर्ष स्थान के लिए प्रमुख दावेदारों में से एक था। इसके साथ ही एनवीडिया के टेक सीईओ जेन्सेन हुआंग और ओपनएआइ के सैम अल्टमैन भी दावेदार थे।

### ये भी थे दावेदार

प्रेडिक्शन मार्केट से पता चला कि एआई इस टाइटल का टॉप दावेदार था। एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग और ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन भी प्रेडिक्शन मार्केट में मजबूत दावेदार थे। पोप लियो एक्सआईवी, जो इस साल पोप फ्रांसिस की मौत के बाद चुने गए पहले अमेरिकी पोप थे, पर भी विचार किया गया। जिन दूसरे नामों पर विचार किया जा रहा था, उनमें प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप, इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और न्यूयॉर्क के मेयर-इलेक्ट जोहरान ममदानी शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, टाइम ने डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस के लिए अपनी दूसरी रेस जीतने के बाद 2024 का पर्सन ऑफ द ईयर चुना था। ट्रंप से पहले टेलर स्विफ्ट 2023 की पर्सन ऑफ द ईयर थीं। टाइम का पर्सन ऑफ द ईयर का रिवाज 1927 में शुरू हुआ था, और मैगजीन उस व्यक्ति को चुनती है, जिसने पिछले साल खबरों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया हो।

## पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल की सजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान की मिलिट्री कोर्ट ने गुरुवार को इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के पूर्व चीफ फैज हमीद को आर्मी एक्ट के तहत 14 साल की सजा सुनाई। वह अगस्त 2024 से कस्टडी में थे। हमीद के खिलाफ केस (जिनकी काबुल में चाय का कप पकड़े हुए तस्वीर ने अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी में पाकिस्तान की भूमिका का संकेत दिया था) 2023 से चल रहे थे। पाकिस्तान में एक फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल ने गुरुवार को उन्हें कई आरोपों में ऑफिशियली दोषी करार दिया।

दैनिक जागरण वर्गीकृत




अण्डा

BHOPAL EGG RATE 675/-

Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

## विरोधः मुंह पर कालिख पोतकर मुर्गा बने किसान

**जागरण, बुरहानपुर।** पांगरी बांध परियोजना से प्रभावित किसान पिछले दो सालों से लगातार विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को किसानों ने अपने मुंह पर कालिख पोती, मुर्गा बनकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया और न्याय की मांग की। उतावली नदी किनारे बड़ी संख्या में किसान जुटे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे डॉ. रवि कुमार पटेल ने आरोप लगाया कि पांगरी बांध परियोजना के किसानों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला।

## विधायक 500 आवारा गायों संग कलेक्ट्रेट पहुंचे

**जागरण, श्योपुर।** आवारा पशुओं की समस्या के खिलाफ कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। विधायक बाबू जंडेल कार्यकर्ताओं के साथ 18 किमी तक 500 से ज्यादा गायों को हांककर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां प्रशासन ने गेट बंद कर दिया। जंडेल गेट पर चढ़कर नारेबाजी की और आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं से फसलें बर्बाद हो रही हैं और हादसे बढ़ रहे हैं।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



**ममता, बनर्जी**
सीएम प.बंगाल

केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों के एसआईआर का इस्तेमाल 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल के लाखों पात्र मतदाताओं के नाम गैरकानूनी तरीके से हटाने के लिए कर रहे हैं। अगर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान एक भी पात्र मतदाता का नाम हटाया गया, तो हम अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।

# हेलो सर! यह शेयर खरीद लें, आज रॉकेट बनेगा... 13 युवतियां व छह युवक गिरफ्तार

## एडवाइजरी के नाम पर चल रहा था कॉल सेंटर, बंपर मुनाफे का लालच देकर करते थे ठगी

**जागरण शाजापुर।** सर, मार्केट ऊपर जाने वाला है, हमारी कंपनी आपको ऐसे शेयर बताएगी जिससे आपका पैसा रातों-रात डबल हो जाएगा...। फोन पर ऐसी ही लुभावनी बातें और शेयर बाजार में अचूक मुनाफे का झांसा देकर लोगों की गाढ़ी कमाई ठगने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। शहर के लालघाटी थाना क्षेत्र में चल रहे इस फर्जी एडवाइजरी सेंटर पर गुरुवार को राज्य साइबर सेल, उज्जैन की टीम ने डीएसपी लीना मारोठ के नेतृत्व में बड़ी छापामार कर्रवाई की। पुलिस ने मौके से 13 युवतियों और 6 युवक सहित 19 लोगों को हिरासत में लिया है। एडवायजरी का संचालन पकड़े गए मुख्य आरोपी साहिल मंसूरी और फईम खान हैं।

**ऐसे बिछाते थे शेयर बाजार का जाल:** पुलिस की अब तक की जांच में ठगी का जो तरीका सामने आया है, वह हैरान करने वाला है। यह गिरोह बकायदा एक कॉर्पोरेट ऑफिस की तरह काम कर रहा था। यहां काम करने वाली युवतियां देश भर के लोगों को रैंडम कॉल करती थीं। फोन पर ग्राहकों को कहा जाता था कि उनकी कंपनी के पास शेयर बाजार की इनसाइडर न्यूज है। वे दावा करते थे कि अगर आप हमारे बताए शेयर में पैसा लगाएंगे, तो नुकसान की गुंजाइश नहीं है।



पुलिस ने युवतियों को भी हिरासत में लिया।

### स्थानीय पुलिस सोती रही, उज्जैन टीम ने किया खेल खत्म

हैरानी की बात यह है कि शहर के बीचों-बीच लालघाटी इलाके में इतना बड़ा कॉल सेंटर चल रहा था। दर्जनों कर्मचारी रोज आ-जा रहे थे, लेकिन स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र को इसकी भनक तक नहीं लगी। सूत्रों के मुताबिक, उज्जैन साइबर सेल को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शाजापुर से ठगी की जा रही है। मुखबिर की सूचना पुख्ता होने पर डीएसपी लीना मारोठ ने अपनी टीम के साथ गोपनीय तरीके से दबिश दी।

### मोबाइल और डेटा का जखीरा बरामद

पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कस्टमर्स का डेटा बरामद किया है। आशंका है कि इन मोबाइलों में हजारों लोगों के नंबर और ट्रांजेक्शन की जानकारी छिपी है। हिरासत में लिये गए युवकों और युवतियों से साइबर सेल की टीम कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि अब तक कितनी ठगी हुई है। हालांकि पूछताछ में 7 से 8 लाख रूपये प्रति माह ठगी किए जाने की बात तो सामने आ रही है। पूछताछ के बाद सही आंकड़ा सामने आ सकेगा।

### इनका कहना है

हमें सूचना मिली थी कि शाजापुर में अवैध रूप से एडवाइजरी फर्म चलाकर लोगों को शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच दिया जा रहा है और ठगी की जा रही है। इसी आधार पर रेड की गई। 19 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच जारी है कि अब तक कितने लोगों से ठगी की गई है।

**लीना मारोठ**, डीएसपी, राज्य साइबर सेल (उज्जैन

# टैक्स चोरी के संदेह में मीनल मेटल्स पर जीएसटी का छापा

## सागर से गई टीम ने छतरपुर में जब्त किए दस्तावेज

**जागरण, छतरपुर।** सेंट्रल जीएसटी की सागर यूनिट ने टैक्स चोरी और अनियमितताओं को लेकर गुरुवार दोपहर छतरपुर के महोबा रोड स्थित मीनल मेटल्स पर छापा मारा। सागर से आई तीन सदस्यीय टीम ने जैसे ही कार्रवाई शुरू की पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इस दौरान जांच कर रहे अफसरों ने फैक्ट्री का मेन गेट बंद करा दिया। दोपहर लगभग एक बजे शुरू हुई यह कार्रवाई शाम तक जारी रही। बताया जा रहा है कि यह फैक्ट्री बर्तन कारोबारी बिरजू ताम्रकार की है। सूत्रो का दावा है कि यह कार्रवाई देर रात तक जारी रहेगी जिसके बाद ही फर्म द्वारा की गई कर चोरी और अनियमितताओं की सही तस्वीर सामने आ पाएगी।




### स्टॉक रजिस्टर, इनपुट टैक्स क्रेडिट के दस्तावेज जब्त

टीम के अधिकारियों ने फैक्ट्री के भीतर स्टॉक, बिलिंग, कच्चे माल, तैयार माल, नेल-देन और बेंक खातों का मिलान किया। इसके बाद यहां से टीम स्टॉक रजिस्टर, इनपुट टैक्स क्रेडिट और बैंक ट्रांजेक्शन के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। जीएसटी के सूत्रों के अनुसार टैक्स संबंधी अनियमितताओं को लेकर मीनल मेटल्स की शिकायतों के बाद यह एक्शन लिया गया। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री मे किसी को भी अंदर-बाहर जाने से रोक दिया गया था। हालांकि अब तक जीएसटी की तरफ से इस छापे को लेकर कोई अधिकारिक जानकारी नही दी गई है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि इस फर्म पर लाखों की रिकवरी निकलेगी। गौरतलब है कि जीएसटी की टीमें पिछले कुछ दिनों से छतरपुर के बड़े कारोबारियों के खिलाफ लगातार जांच कर रही हैं। इससे स्थानीय व्यापारियों में हलचल और बेचैनी है।

## संक्षिप्त खबरें

### तदर्थ सेवा पर भी पेंशन प्रदान करें: हाईकोर्ट

**जागरण, जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक खोत की एकलपीठ ने एक याचिका का महत्वपूर्ण निर्देश के साथ निराकरा कर दिया। इसके अंतर्गत याचिकाकर्ता प्रो. प्रो. अरुण प्रकाश बुखारिया को पेंशन का पात्र निरूपित करते हुए भुगतान करने कहा गया है। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता की तदर्थ सेवा में दिखाए गए दो-तीन दिन के कृत्रिम ब्रेक यानि ऐसा समय जिसमें कर्मचारी लगातार काम पर नहीं था, को सेवा व्यवधान मानने से इंकार कर दिया। हाई कोर्ट ने राज्य को निर्देश दिया कि 1977 से 2009 तक उनकी पूरी सेवावधि को निरंतर मानकर पेंशन दी जाए। ऐसा माना जा रहा है कि यह आदेश प्रदेश के एक हजार से अधिक तदर्थ कर्मचारियों के लिए न्यायदृष्टांत के रूप में राहत का सबब बनेगा।

### अलीराजपुर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं है,जिसकी वजह से पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ता पार्टी के हाथ से नाता तोड़ रहे है। आलीराजपुर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश रावत ने अपनी नियुक्ति के छह माह में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गौरतलब है कि संगठन सृजन अभियान के तहत मुकेश रावत को आलीराजपुर जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था। बताया गया है कि मुकेश को मनाने के प्रयास किए जा रहे है। इधर मुकेश ने अपना इस्तीफा प्रदेश नेतृत्व के साथ-साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भी प्रतिलिपि के माध्यम से भेजी है।

### भावांतर में सोयाबीन का मॉडल रेट 4207 जारी

**विसं, भोपाल।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 11 दिसंबर को 4207 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

# पाकिस्तान में 77 सालों के बाद संस्कृत पाठ्यक्रम का हिस्सा

## महाभारत व भगवद्गीता के अलग कोर्स भी आएंगे

**लाहौर, जेएनएन।** पाक की मशहूर लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के क्लास रूम में इन दिनों एक ऐसी भाषा गूंज रही है, जिसे सुनकर यकीन करना मुश्किल लगता है। आजादी के 77 साल बाद पहली बार इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान में संस्कृत आधिकारिक तौर पर विवि के पाठ्यक्रम का हिस्सा बन गई है। वो देववाणी, जिसे भारत में तो सदियों से पढ़ा जा रहा है, अब पाकिस्तानी छात्र बड़े शौक और जिज्ञासा से सीख रहे हैं। महज एक वीकेंड वर्कशॉप से शुरू हुई यह यात्रा अब चार क्रेडिट वाले पूर्ण कोर्स तक पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक मशहूर लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज अब महाभारत और भगवद् गीता पर भी अलग कोर्स शुरू करने की योजना बना रहा है। गुरमानी सेंटर के डायरेक्टर डॉ अली उस्मान कासमी कहते हैं कि उम्मीद है इससे नई दिशा मिलेगी। 10-15 साल में पाकिस्तान में पैदा हुए और पले-बढ़े गीता-महाभारत के अपने विद्वान देखने को मिलेंगे। उन्होंने आगे बताया कि शुरू में सिर्फ वीकेंड प्रोग्राम था, जो स्टूडेंट्स, रिसर्चरों, वकीलों से लेकर आम लोगों तक सबके लिए खुला था। रिस्पॉन्स देखकर इसे नियमित डिग्री कोर्स बना दिया गया।



### शास्त्रीय भाषाओं में इंसानियत का ज्ञान

इस पूरे प्रयास के केंद्र में फोरमैन क्रिश्चियन कॉलेज के सोशियोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शाहिद रशीद हैं। उनकी संस्कृत में दिलचस्पी के लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज संपर्क करने से काफी पहले से थी। वे बताते हैं कि शास्त्रीय भाषाओं में इंसानियत का बहुत बड़ा ज्ञान छुपा है। मैंने पहले अरबी-फारसी सीखता रहा, फिर संस्कृत की तरफ आया। लोकल टीचर और किताबें न होने की वजह से उन्होंने ऑनलाइन कोर्स किए और कैम्ब्रिज की संस्कृत विदुषी एंटोनिया रूपेल व ऑस्ट्रेलियाई इंडोलॉजिस्ट मैककोमास टेलर से मार्गदर्शन लिया। उन्होंने आगे बताया कि शास्त्रीय संस्कृत व्याकरण समझने में मुझे पूरा एक साल लगा। और मैं आज भी सीख रहा हूं।

### उर्दू के कई शब्द संस्कृत से आए

बताया गया कि डॉ. कासमी के बुलाने पर डॉ रशीद ने एफसी कॉलेज से छुट्टी ली और लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में पढ़ाने लगे। वे कहते हैं कि मैं मुख्य रूप से व्याकरण पढ़ाता हूं। जब मैं 'सुभाषित' पढ़ा रहा था तो कई स्टूडेंट्स हैरान रह गए कि उर्दू के इतने शब्द संस्कृत से आए हैं। कुछ को तो ये भी नहीं पता था कि संस्कृत हिंदी से अलग भाषा है। डॉ. रशीद आगे कहते हैं कि आधुनिक भाषाएं शास्त्रीय परंपराओं से ही निकली हैं। इनके बीच बस एक पतला पर्दा है। पर्दा हटाओ तो समझ आता है कि सब हमारी अपनी हैं।

## आरोपी की गिरफ्तारी पर लगाई रोक, मालथौन का मामला

# सागर में आदिवासी की मौत की जांच करेगी एसआईटी, सुप्रीम कोर्ट का डीजीपी को आदेश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने सागर जिले के मालथौन कस्बे में एक आदिवासी द्वारा की गई आत्महत्या के मामले की निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने का निर्देश दिया है। इस मामले में आरोपी मालथौन निवासी गोविंद सिंह की गिरफ्तारी पर भी सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। मामला जुलाई 2025 का है, जब 42 वर्षीय नीलेश आदिवासी ने मालथौन कस्बे के अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी पत्नी रेवाबाई ने आरोप लगाया कि नीलेश को इस मामले में कुछ प्रभावशाली नेताओं और उनके समर्थकों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। रेवाबाई ने आरोप लगाया था कि नीलेश को मालथौन के स्थानीय बीजेपी नेता गोविंद सिंह के खिलाफ फर्जी एससीएसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने के लिए 10 लाख का लालच भी दिया गया था। इससे इनकार करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिसके बाद उसने गोविंद सिंह के खिलाफ एफआईआर करा दी और बाद में शिकायत वापस ले ली और फांसी लगाकर जान दे दी।



उनकी मौत के बाद मालथौन निवासी गोविंद सिंह राजपूत के खिलाफ एससीएसटी एक्ट के तहत नई एफआईआर दर्ज की गई थी। राजपूत ने इसके खिलाफ अग्रिम जमानत के लिए जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका को 30 अक्टूबर को खारिज कर दिया गया था। इसके बाद गोविंद ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### एसआईटी में दो एसएसपी और एक महिला डीएसपी शामिल

गुरुवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की युगलपीठ ने एसआईटी के गठन के आदेश दिए। कोर्ट ने एमपी के डीजीपी को निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच दल बनाया जाए। इस मामले की निष्पक्ष ढंग से जांच के लिए एसआईटी में दो एसएसपी स्तर के अधिकारी शामिल होंगे, जो मध्य प्रदेश के मूल निवासी नहीं होंगे। इसके अलावा इस एसआईटी में तीसरी अधिकारी एक महिला डिप्टी एसपी रैंक की होगी। कोर्ट ने आदेश दिया है कि एसआईटी तत्काल काम शुरु करे और एक महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करे। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि एसआईटी इस केस से जुड़े उन पहलुओं की भी जांच करेगी जो फिलहाल पुलिस जांच का हिस्सा नहीं हैं। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए इस मामले में याचिकाकर्ता गोविंद सिंह राजपूत की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड में घूमता नजर आया तेंदुआ

**जागरण, इंदौर।** शहर के देवगुराड़िया क्षेत्र में स्थित नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड में तेंदुआ घूमते हुए नजर आया है। तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। रात को नगर निगम कर्मचारियों को यहां तेंदुआ घूमते हुए नजर आया जिसका लोगों ने वीडियो बनाया है। वीडियो एक नगर निगम कर्मचारी ने बनाया है। रेंजर योगेश यादव ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड की ओर तेंदुआ घूम रहा है, इसकी शिकायत हमारे पास आई है, एक वीडियो भी मिला है। रेस्क्यू टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर आगे की जांच करेगी। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, वीडियो में तेंदुआ दिखाई दिया है, लेकिन यह साफ नहीं है कि वह रालामंडल से आया है या किसी और क्षेत्र से। बायपास के पास तीन से चार पहाड़ियां हैं। रालामंडल में पहले भी तेंदुओं की मौजूदगी के प्रमाण मिल चुके हैं। वन विभाग का कहना है कि इंदौर में जहां-जहां तेंदुए देखे गए हैं, वह सभी अलग-अलग तेंदुए हैं। इंदौर डिवीजन में कुल 60 तेंदुए हैं, जिनका मूवमेंट इंदौर, महू, मानपुर और चोरल क्षेत्र में रहता है।

## बाघ का महिला पर हमला, गंभीर

**जागरण, कटनी।** जिले के बरही वन क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक बाघ ने खेत में बकरी चरा रही महिला पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वन विभाग की टीम ने तुरंत उन्हें बरही अस्पताल पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखकर उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। घटना ताली रोहनिया बीट में सुबह करीब 10 बजे हुई। ताली रोहनिया की 40 साल की बेटी बाई अपने खेत में बकरियां चरा रही थीं। पति अशोक बर्मन पास वाले खेत में गेहूं की बुआई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकलकर एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें महिला को गहरी चोटें आई हैं।




# पत्नी का वेतन एक लाख है, मर्जी से अलग रह रही है तो भरण-पोषण की हकदार नहीं

## कुटुम्ब न्यायालय का आदेश

**जागरण, जबलपुर।** कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विजय सिंह कावछात्र की अदालत ने अपने एक आदेश में साफ किया कि अपनी मर्जी से अलग रहने वाली पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं है। अनावेदक संदीप यादव की ओर से अधिवक्ता अपूर्व त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अनावेदक की पत्नी सारिका यादव ने भरण-पोषण की मांग की है। उसका कहना है कि अनावेदक पति केंद्रीय कर्मी है और उसका वेतन एक लाख रुपये प्रतिमाह है। पारिवारिक विवाद के बाद से अलग रह रही है। लिहाजा, जीवन निर्वहन हेतु 40 हजार रुपये भत्ता प्रतिमाह दिलाया जाए। अनावेदक पति का कहना है कि आवेदिका स्वयं अनावेदक व पुत्री को छोड़कर ससुराल से बिना किसी को बताए चली गई थी। विवाह के बाद से उनके दाम्पत्य संबंध सामान्य नहीं रहे। वर्ष 2016 में आवेदिका संबंध समाप्त करने का इरादा जाहिर कर दिया था। आवेदिका ने कभी अनावेदक व बच्ची को समय पर खाना बनाकर नहीं दिया, भोजन मांगने पर बच्चों को जलाने, मारने पीटने का कृत्य करती थी। बच्चे दिन भर भूखे रहते थे। अनावेदक बिना टिफिन के आफिस जाता था। आवेदिका बच्चों को अक्सर घर पर छोडकर बिना बताये मायके चली जाती थी। न्यायालय ने संपूर्ण साक्ष्यों की विवेचना के पश्चात यह निर्णय किया कि आवेदिका की साक्ष्य से आवेदिका यह प्रमाणित कर पाने में असफल रही है कि उसका अनावेदक से पृथक रहने का पर्याप्त व संतोषजनक कारण है।




# कफ सीरप के आरोपितों की सुनवाई 17 तक बढ़ाई गई

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने प्रदेश में कफ सिरप से हुई 24 मासूमों की मौत में गिरफ्तार आरोपित डा. प्रवीण सोनी सहित अन्य आरोपितों की जमानत अर्जी पर सुनवाई 17 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। डा. प्रवीण के अलावा उनकी पत्नी ज्योति सोनी, सौरभी जैन और राजेश सोनी ने भी जमानत अर्जियां दायर कर हाईकोर्ट की शरण ली है। उल्लेखनीय है कि छिंडवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से 22 बच्चों व बैतूल में दो बच्चों की मौत हुई थी। छिंदवाड़ा में अधिकतर को डा. प्रवीण सोनी ने ही वह कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। छिंदवा?ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने कफ सीरप की निर्माण कंपनी श्रीसन फार्मेसी के संचालक, डा. प्रवीण सोनी व अन्य के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हे गिरफतार किया था। जिला न्यायालय ने प्रकरण में डा. की जमानत याचिक निरस्त कर दी थी। जिसके बाद आरोपित डाक्टर ने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है। डा. सोनी की ओर से अतिरिक्त दस्तावेज पेश कर बताया गया कि बच्चों की मौत उसी साल्वेंट से हुई है, जो श्रीसन फार्मा कंपनी ने बैच नंबर 13 में मिलाया था।

# खेलो के विक्रम अवार्ड 2023 के आयोजन पर लगाई रोक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने साहसिक खेलों के लिए दिए जाने वाले विक्रम अवार्ड-2023 का आयोजन करने पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा क मामले पर अगली सुनवाई तक आयजन नहीं किया जाए। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने दूसरी दावेदार भावना डेहरिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 5 जनवरी 2026 को होगी। सीहोर निवासी पर्वतारोही मेघा परमार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दलीलें पेश की। उनके साथ अधिवक्ता अतुल जैन ने भी पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि चूंकि इस अवार्ड की याचिकाकर्ता सही दावेदार है, इसलिए याचिका के अंतिम निराकरण तक उक्त अवार्ड किसी अन्य को नहीं दिया जाए। दलील दी गई कि मप्र शासन ने 2023 के साहसिक खेलों के लिए विक्रम अवार्ड की घोषणा की है।

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।